राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.vishalindia.in

# विशाल इंडिया

सच्चाई की राह पर!

गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

वर्ष : 14
अंक : 237
पृष्ठ : 08
गौतमबुद्धनगर
मंगलवार 22 जूलाई 2025
मूल्य :2 /-
RNI No .UPHIN/2014/55236




मुख्य अपडेट
पेज 3 शारदा यूनिवर्सिटी में छात्रा के सुसाइड पर सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी
पेज 4 पूर्व जिला पंचायत सदस्य के बेटे ने सुसाइड किया
पेज 6 शमी अगले सत्र में बंगाल से खेलकर प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में

## उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने इस्तीफा दिया

**स्वास्थ्य को वजह बताया; संसद सत्र के बीच इस्तीफा देने वाले पहले उपराष्ट्रपति**



**नई दिल्ली।** जगदीप धनखड़ ने उप राष्ट्रपति पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने स्वास्थ्य कारणों को इस्तीफे की वजह बताया है। वे 74 साल के हैं। धनखड़ का कार्यकाल 10 अगस्त 2027 तक था।

राष्ट्रपति को पत्र में उन्होंने लिखा- स्वास्थ्य की प्राथमिकता और डॉक्टरी सलाह का पालन करते हुए मैं भारत के उपराष्ट्रपति पद से तत्काल प्रभाव से त्यागपत्र दे रहा हूं।

पत्र में उन्होंने राष्ट्रपति को उनके सहयोग और सौहार्दपूर्ण संबंधों के लिए धन्यवाद दिया। साथ ही प्रधानमंत्री और मंत्रिमंडल को भी सहयोग के लिए आभार जताया।

2022 में जगदीप धनखड़ ने 14वें उपराष्ट्रपति के रूप में शपथ ली थी।6 अगस्त 2022 को हुए उप राष्ट्रपति के चुनाव में धनखड़ ने विपक्ष की उम्मीदवार मार्गरेट अल्वा को हराया था। धनखड़ को कुल 725 में से 528 वोट मिले थे, जबकि अल्वा को 182 वोट मिले थे।

इस समय संसद का मानसून सत्र चल रहा है।

उपराष्ट्रपति राज्यसभा के सभापति होते हैं। सत्र के बीच में पद से इस्तीफा देने वाले धनखड़ पहले उपराष्ट्रपति हैं।

### त्याग पत्र में धनखड़ ने क्या लिखा

माननीय राष्ट्रपति जी .. सेहत को प्राथमिकता देने और डॉक्टर की सलाह को मानने के लिए मैं संविधान के अनुच्छेद 67(ए) के अनुसार अपने पद से इस्तीफा देता हूं। मैं भारत के राष्ट्रपति में गहरी कृतज्ञता प्रकट करता हूं। आपका समर्थन अडिग रहा, जिनके साथ मेरा कार्यकाल शांतिपूर्ण और बेहतरीन रहा। मैं माननीय प्रधानमंत्री और मंत्रिपरिषद के प्रति भी गहरी कृतज्ञता व्यक्त करता हूं। प्रधानमंत्री का सहयोग और समर्थन अमूल्य रहा है और मैंने अपने कार्यकाल के दौरान उनसे बहुत कुछ सीखा है। माननीय सांसदों से मुझे जो स्नेह, विश्वास और अपनापन मिला है, वह मेरी स्मृति में हमेशा रहेगा। मैं इस बात के लिए आभारी हूं कि मुझे इस महान लोकतंत्र में उपराष्ट्रपति के रूप में जो अनुभव और ज्ञान मिला, वह अत्यंत मूल्यवान रहा। यह मेरे लिए सौभाग्य और संतोष की बात रही है कि मैंने भारत की अभूतपूर्व आर्थिक प्रगति और इस परिवर्तनकारी युग में उसके तेज विकास को देखा और उसमें भागीदारी की। हमारे राष्ट्र के इतिहास के इस महत्वपूर्ण दौर में सेवा करना मेरे लिए सच्चे सम्मान की बात रही। आज जब मैं इस सम्माननीय पद को छोड़ रहा हूं, मेरे दिल में भारत की उपलब्धियों और शानदार भविष्य के लिए गर्व और अटूट विश्वास है। गहरी श्रद्धा और आभार के साथ, जगदीप धनखड़।

## संक्षिप्त खबरें

### जयपुर में चाकू घोंपकर युवक की हत्या

**जयपुर।** जयपुर के जामडोली में विपिन नायक उर्फ विक्की (22) की चाकू घोंपकर हत्या कर दी गई। आरोपी हिस्ट्रीशीटर अनस खान उर्फ शूटर ने अपने साथियों के साथ मिलकर विपिन की छाती में ताबड़तोड़ चाकू घोंप दिया। विपिन के चिल्लाने पर आसपास के लोग दौड़कर आए। अनस ने चाकू लहराकर लोगों को धमकाया और साथियों के साथ बाइक पर बैठकर भाग गया। हत्यारा इतना बेखौफ था कि वारदात के बाद सोशल मीडिया पर अपना वीडियो डाला और लिखा- आज बदला पूरा हुआ। हत्या की घटना से गुस्साई भीड़ ने सुबह करीब 9 बजे जयपुर-आगरा हाईवे (जामडोली) जाम कर दिया।

### संसद में ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा के लिए सरकार तैयार

**नई दिल्ली।** संसद के मानसून सत्र में ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा के लिए सरकार तैयार हो गई है। अगले हफ्ते इस मुद्दे पर लोकसभा में 16 और राज्यसभा में 9 घंटे बहस होगी। हालांकि विपक्ष का कहना है कि चर्चा सत्र के शुरुआत में होनी चाहिए और पीएम मोदी जवाब दें। इधर, सत्र के पहले दिन राज्यसभा-लोकसभा में पहलगाम और ऑपरेशन सिंदूर पर हंगामा हुआ। विपक्ष ने इन मुद्दों पर चर्चा की मांग को लेकर नारेबाजी की। दिनभर में लोकसभा 4 बार स्थगित हुई, जिसके बाद शाम 4 बजे सदन को मंगलवार 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया।

### 'शहीद दिवस'



कोलकाता में टीएमसी समर्थक पार्टी की शहीद दिवस रैली में हिस्सा लेते हुए। टीएमसी पश्चिम बंगाल युवा कांग्रेस (जिसका नेतृत्व उस समय ममता बनर्जी कर रही थीं) के प्रदर्शन के दौरान पुलिस गोलीबारी में मारे गए 13 लोगों की याद में 'शहीद दिवस' मनाती है।

## मुंबई में एअर इंडिया का विमान रनवे से फिसला

**भारी बारिश के कारण लैंडिंग के समय हादसा; इंजन को नुकसान, 3 टायर फटे**

**मुंबई।** मुंबई एयरपोर्ट पर सोमवार सुबह एअर इंडिया का एआई 2744 प्लेन लैंडिंग के दौरान रनवे से फिसल गया। ये विमान कोच्चि से मुंबई आया था। मुंबई में भारी बारिश के कारण रनवे पर फिसलन थी, जिससे विमान रनवे से 16 से 17 मीटर दूर घास पर चला गया। ये हादसा सुबह 9: 27 बजे हुआ। तस्वीरों में दिखा कि विमान के दाहिने इंजन के नैसेल (ढक्कन) को नुकसान पहुंचा है। इस घटना के बाद विमान को पार्किंग तक लाया गया, जहां सभी यात्री और क्रू मेंबर्स को उतारा गया। इस दौरान विमान के तीन टायर फट गए। एअर इंडिया ने बताया कि हादसे में किसी पैसेंजर्स या क्रू मेंबर्स को नुकसान नहीं पहुंचा है। हालांकि मुंबई एयरपोर्ट का मेन रनवे, 09/27 क्षतिग्रस्त हुआ है। रनवे पर फ्लाइट्स की आवाजाही बंद कर दी गई है।

## हिमाचल में लैंडस्लाइड से पति-पत्नी की मौत



**वैष्णो देवी के पुराने रूट पर रियासी में भूस्खलन,1 की मौत 9 घायल; मुंबई में सड़कों पर पानी भरा**

**नई दिल्ली।** हिमाचल प्रदेश में रविवार रात से भारी बारिश हो रही है। चंबा जिले की चडी पंचायत में पहाड़ी से घर पर बड़ा पत्थर गिरने से दंपती की मौत हो गई। इनकी 5 महीने पहले ही शादी हुई थी। आज हिमाचल के 4 जिलों के 9 सब डिवीजन में स्कूलों की आज छुट् ?टी कर दी गई है।

जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में सोमवार सुबह वैष्णो देवी के पुराने रास्ते पर भूस्खलन हुआ, जिसमें 1 यात्री की मौत हो गई, 9 श्रद्धालु घायल हो गए। इधर, लेह की नुब्रा घाटी से एयरफोर्स ने फंसे 21 नागरिकों का रेस्क्यू किया। ये सभी बाढ़-बारिश और लैंडस्लाइड के कारण यहां फंसे हुए थे।

मुंबई में रविवार रात से ही तेज बारिश जारी है, अंधेरी इलाके में सड़कों पर जलभराव हो गया है। इस वजह से लोगों को परेशानियों को सामना करना पड़ रहा है। वहीं, यूपी में लगातार बारिश से नदियां और डैम उफान पर हैं। महोबा में उर्मिल बांध के 7 फाटक एक साथ खोले गए, जिससे कैमाहा गांव में बाढ़ आ गई। गांव के 3 मकान ढह गए।

छत्तीसगढ़ में मौसम विभाग ने सभी जिलों में आज बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है। रविवार को कवर्धा जिले के रानीदहरा वॉटरफॉल घूमने आए 5 पर्यटक बह गए, जिसमें से एक की मौत हो गई, जबकि एक अब भी लापता है। तीन को बचाया गया है।

## 2006 मुंबई ट्रेन सीरियल ब्लास्ट केस- सभी 12 आरोपी हुए बरी

**हाईकोर्ट बोला- सरकारी वकील दोष साबित करने में नाकाम; घटना में 189 लोग मारे गए थे**

**मुंबई।** मुंबई में 2006 के सीरियल ट्रेन ब्लास्ट मामले में हाईकोर्ट ने सोमवार को सभी 12 आरोपियों को बरी कर दिया। कोर्ट ने कहा कि प्रॉसीक्यूशन यानी सरकारी वकील आरोपियों के खिलाफ केस साबित करने में नाकाम रहे हैं।

हाईकोर्ट ने कहा कि यह मानना मुश्किल है कि आरोपियों ने अपराध किया है, इसलिए उन्हें बरी किया जाता है। अगर वे किसी दूसरे मामले में वांटेड नहीं हैं, तो उन्हें तुरंत जेल से रिहा किया जाए।

कोर्ट के आदेश के बाद सोमवार शाम 12 में से दो आरोपियों को नागपुर सेंट्रल जेल से रिहा कर दिया गया। इनमें एहतेशाम सिद्दीकी शामिल हैं, जिसे 2015 में एक निचली अदालत ने इस मामले में मौत की सजा सुनाई थी। दूसरा आरोपी, मोहम्मद अली आजीवन कारावास की सजा काट रहा था। एक अधिकारी ने बताया कि 12 लोगों में शामिल नवीद खान अभी नागपुर जेल में ही रहेगा क्योंकि वह हत्या के प्रयास के एक मामले में विचाराधीन कैदी है।

11 जुलाई 2006 को मुंबई के वेस्टर्न सब अर्बन ट्रेनों के सात कोचों में सिलसिलेवार धमाके हुए थे। इसमें 189 पैसेंजर की मौत हो गई थी और 824 लोग घायल हो गए थे। सभी धमाके फर्स्ट क्लास कोचों में हुए थे। घटना के 19 साल बाद यह फैसला आया है।



### 7 लोकल के फर्स्ट क्लास डिब्बों में प्रेशर कुकर से हुए थे ब्लास्ट

मुंबई में 11 जुलाई 2006 को शाम 6 बजकर 24 मिनट से लेकर 6 बजकर 35 मिनट के बीच एक के बाद एक सात ब्लास्ट हुए थे। ये सभी ब्लास्ट मुंबई के पश्चिम रेलवे पर लोकल ट्रेनों के फर्स्ट क्लास कम्पार्टमेंट में करवाए गए थे।

खार, बांद्रा, जोगेश्वरी, माहिम, बोरीवली, माटुंगा और मीरा-भायंदर रेलवे स्टेशनों के पास ये ब्लास्ट हुए थे। ट्रेनों में लगाए गए बम आरडीएक्स, अमोनियम नाइट्रेट, फ्यूल ऑयल और कीलों से बनाए गए थे, जिसे सात प्रेशर कुकर में रखकर टाइमर के जरिए उड़ाया गया था।

### लश्कर-ए-तैयबा का आतंकी आजम चीमा धमाकों का जिम्मेदार

पुलिस ने चार्जशीट में बताया था कि मार्च 2006 में लश्कर-ए-तैयबा के आजम चीमा ने अपने बहावलपुर स्थित घर में सिमी और लश्कर के दो गुटों के मुखियाओं के साथ इन धमाकों की साजिश रची थी। पुलिस ने कहा था कि मई 2006 में बहावलपुर के ट्रेनिंग कैंप में 50 युवकों को भेजा गया। उन्हें बम बनाने और बंदूकें चलाने का प्रशिक्षण दिया गया।

## बांग्लादेश एयरफोर्स का विमान ढाका में स्कूल पर गिरा

**पायलट समेत 19 की मौत, 164 घायल; हादसे के वक्त क्लास चल रही थी**

ढाका। बांग्लादेश की वायुसेना का ट्रेनर विमान सोमवार को ढाका के स्कूल पर गिर गया। एपी की रिपोर्ट के मुताबिक हादसे में अब तक पायलट समेत 19 लोगों की मौत हो गई है।

हादसे में 164 से ज्यादा लोग घायल हैं। 60 से ज्यादा घायलों को बर्न इंस्टीट्यूट रेफर कर दिया गया है। मामूली रूप से घायल कई लोगों का उत्तरा मेडिकल कॉलेज में इलाज चल रहा है। घायलों को हाथ ठेले पर अस्पताल ले जाने का एक वीडियो भी सामने आया है। कई घायल बच्चों को हेलिकॉप्टर से अस्पताल पहुंचाया गया। सरकार ने एक दिन के राजकीय शोक की घोषणा की है। हादसे के समय स्कूल में क्लासेस चल रही थीं और सैकड़ों छात्र वहां मौजूद थे। बांग्लादेशी सेना ने वायुसेना का एफ-7 बीजीआई विमान के क्रैश होने की पुष्टि की है। यह विमान चीन में बना था। अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस ने इस घटना पर दुख जताया है। उन्होंने एक फेसबुक पोस्ट में लिखा

इस विमान हादसे में वायुसेना के सदस्य, माइलस्टोन स्कूल एंड कॉलेज के छात्र, अभिभावक, शिक्षक और कर्मचारी सहित जिन लोगों को नुकसान हुआ है, वह अपूरणीय है। यह देश के लिए एक बेहद दुखद क्षण है। मैं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं यूनुस ने स्थिति को संभालने के लिए अस्पतालों और अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। उन्होंने घायलों की हर संभव मदद करने और हादसे की जांच कराने की बात भी कही। दूसरी तरफ फायर सर्विस ने बताया है कि यह घटना दोपहर 1: 18 बजे हुई और उनके यूनिट 1: 22 बजे मौके पर पहुंच गए। राहत और बचाव कार्य में उत्तरा, टोंगी, पल्लबी, कूर्मिटोला, मीरपुर और पूर्वाचल के आठ फायर स्टेशन के दल शामिल हैं।



### पटाखा फैक्ट्री में धमाका, 3 लोगों की मौत, 3 घायल

शिवकाशी। तमिलनाडु के शिवकाशी के पास एक पटाखा फैक्ट्री में धमाका हुआ। हादसे में 3 लोगों की मौत हो गई। तीन अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि विरुधुनगर जिले के अंडियापुरम गांव स्थित मरियम्मल फायरवर्क्स में लगभग 50 मजदूर पटाखे बनाने के काम में लगे थे। सोमवार दोपहर एक वर्किंग शेड में अचानक धमाका हो गया, जिसमें तीन मजदूर की मौत हो गई। तीन घायल मजदूरों को शिवकाशी के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## राहुल गांधी पर वाराणसी कोर्ट में केस चलेगा

**सिखों पर अमेरिका में बयान दिया था, पूर्व प्रधान की याचिका स्वीकार**

एजेंसी

वाराणसी। वाराणसी में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ केस चलेगा।

वाराणसी की एमपी-एमएलए कोर्ट ने सोमवार को पूर्व प्रधान की ओर से दायर याचिका स्वीकार कर ली। राहुल गांधी पर अमेरिका में सिखों पर भड़काऊ भाषण देने का आरोप है। कोर्ट में यह याचिका तिलमापुर के पूर्व प्रधान नागेश्वर मिश्रा ने दायर की थी। वाराणसी के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की कोर्ट ने 28 नवंबर, 2024 को उनकी याचिका खारिज कर दी थी। इसके बाद उन्होंने एमपी-एमएलए कोर्ट ने याचिका दाखिल की, जिसे कोर्ट ने स्वीकार कर लिया।

अब जज यजुवेंद्र विक्रम सिंह की कोर्ट में अगली तारीख पर सुनवाई शुरू होगी।



## जस्टिस वर्मा कैश कांड, संसद में महाभियोग की कार्यवाही शुरू

**200 से ज्यादा सांसदों ने प्रस्ताव पेश किया; जज के घर जले नोटों के ढेर मिले थे**

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाई कोर्ट के पूर्व जस्टिस यशवंत वर्मा के खिलाफ संसद में महाभियोग की कार्यवाही शुरू हो गई है। जस्टिस वर्मा को हटाने के लिए सोमवार को लोकसभा के 152 सांसदों ने अध्यक्ष ओम बिरला को ज्ञापन सौंपा। राज्यसभा में 50 से ज्यादा सांसदों ने प्रस्ताव पर साइन किए।

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला मंगलवार को एक जांच समिति गठित करके प्रस्ताव को आगे बढ़ा सकते हैं। किसी जस्टिस को हटाने के प्रस्ताव पर लोकसभा में कम से कम 100 और राज्यसभा में कम से कम 50 सांसदों के हस्ताक्षर होने चाहिए। प्रस्ताव को सदन के अध्यक्ष या सभापति स्वीकार या अस्वीकार कर सकते हैं।

दरअसल, जस्टिस वर्मा के लुटियंस स्थित बंगले पर 14 मार्च को आग लगी थी। इसे अग्निशमन विभाग के कर्मियों ने बुझाया था। उन्हें जस्टिस वर्मा के घर से 500-500 रुपए के जले नोटों के बंडलों से भरी बोरियां मिली थीं। कुछ रिपोर्ट्स में दावा किया गया कि जस्टिस वर्मा के घर से 15 करोड़ कैश मिला था।

केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने रविवार को कहा, जस्टिस यशवंत वर्मा के खिलाफ संसद के इसी मानसून सत्र में महाभियोग प्रस्ताव लाया जाएगा।

**ईडी को फटकार**

**कहा- सारी हदें पार कर रही; वकीलों के खिलाफ आपराधियों को परामर्श देने पर कार्रवाई की थी**

## वकीलों को समन भेजने पर सुप्रीम कोर्ट ईडी से नाराज

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा, प्रवर्तन निदेशालय सारी हदें पार कर रहा है। सुप्रीम कोर्ट ने यह बात दो वकीलों को आपराधिक मामलों के आरोपियों को कानूनी सलाह देने के मामले में ईडी के समन पर कही।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि एक वकील और मुवक्किल के बीच की बातचीत विशेष होती है। भले ही वह गलत हो। उनके खिलाफ नोटिस कैसे जारी किए जा सकते हैं। कुछ तो गाइडलाइन होनी चाहिए।

सीजेआई बीआर गवई और जस्टिस के. विनोद चंद्रन की बेंच ने इस मामले में स्वत: नोटिस लिया था। यह मामला सीनियर एडवोकेट अरविंद दातार और प्रताप वेणुगोपाल से जुड़ा है। श्रष्ठ ने दोनों को आपराधिक मामलों के आरोपियों को परामर्श देने के बाद तलब किया था। अगली सुनवाई 29 जुलाई को होगी।

### ईडी की तरफ से बोले एसजी- हमने वकीलों को समन न देने कहा है

सरकार और ईडी की तरफ से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कोर्ट की टिप्पणी पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे को हाईलेवल पर रखा गया है। जांच एजेंसी को वकीलों को कानूनी सलाह देने के लिए नोटिस नहीं देने के लिए कहा गया है। मेहता ने कहा कि झूठी कहानियां गढ़कर संस्थानों को बदनाम करने की कोशिश की जा रही है।


मेहता ने कहा- जहां तक कमेंट का सवाल है, कभी-कभी ये अलग-अलग मामलों के आधार पर गलत तरीके स बनाई जाती हैं। यह मैं कह रहा हूं, ईडी नहीं। एक संस्था के खिलाफ एक कहानी गढ़ने की एक साजिश है। कोर्ट को कुछ मामलों में अतिक्रमण का पता चल सकता है। अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी ने भी कहा कि उन्होंने ईडी के अधिकारियों से बात की है। उन्हें बताया है कि वकीलों को समन भेजना गलत था क्योंकि वकीलों को कानूनी राय देने के लिए समन नहीं किया जा सकता। मेहता ने मीडिया रिपोर्ट्स के आधार पर राय बनाने को लेकर भी सचेत किया। जब मेहता ने घोटालों में आरोपी नेताओं का जिक्र किया तो सीजेआई बोले- हमने पहले ही कहा था कि इसका राजनीतिकरण मत कीजिए।





## हैप्पी मॉर्निंग


साली- मेरी बहन तो गाय है गाय
जीजा- फिर गौशाला में रखते, मेरे साथ क्यों बांध दी?
जीजा- तुम्हारी दीदी से शादी करके मुझे एक फायदा हुआ है
साली- कौन सा फायदा?
जीजा- मुझे मेरे गुनाहों की सजा इसी जन्म में मिल गई.....



## शायरी

देखोगे तो हर मोड़ पे मिल जाएँगी लाशें
ढूँडोगे तो इस शहर में क़ातिल न मिलेगा

## अर्थसार



सेंसेक्स:
82,200.34
+442.62 (0.54%)
निफ्टी:
25,090.70
+122.30

## मौसम



अधिकतम : 32 डिग्री से0
न्यूनतम : 27 डिग्री से0
सूयोदय बुधवार : 5 : 40
सूर्यास्त मंगलवार : 7 : 20

# संपादकीय

## 'जहां कलम जिंदा है, वहां लोकतंत्र जिंदा है : फ़िनलैंड बनाम भारत'



जितेन्द्र चौधरी, प्रधान संपादक, विशाल इंडिया हिंदी दैनिक

'जहाँ पत्रकार सत्ता से सवाल करते हैं, वहाँ लोकतंत्र साँस लेता है।
जहाँ पत्रकार चुप हो जाते हैं, वहाँ जनता की आज़ादी दम तोड़ देती है।'
फ़िनलैंड — जहाँ कलम की स्याही संविधान की ताक़त है
यूरोप के उत्तर में बसा छोटा-सा देश फ़िनलैंड, आकार में भले ही छोटा हो, पर लोकतंत्र और प्रेस की स्वतंत्रता में वह एक महाशक्ति है।
वहाँ पत्रकार न तो 'देशद्रोही' कहे जाते हैं,
न ही सत्ता के चरणों में बैठने को मजबूर होते हैं।
वे सिर्फ़ सवाल पूछते हैं — और संविधान उनके साथ खड़ा होता है।

### फ़िनलैंड के संविधान की धारा 12 कहती है

हर नागरिक को सूचना प्राप्त करने, विचार व्यक्त करने और प्रकाशित करने की पूर्ण स्वतंत्रता है — बिना पूर्व सेंसरशिप के।

**वहाँ**
- कोई मंत्री प्रेस कॉन्फ़्रेंस छोड़कर नहीं भागता,
- कोई रिपोर्टर जेल नहीं जाता क्योंकि उसने सत्ताधारी पार्टी का झूठ उजागर कर दिया।

### सूचना — एक अधिकार, कोई कृपा नहीं

फ़िनलैंड में पत्रकार जब सरकारी रिकॉर्ड माँगते हैं —
तो सरकार उन्हें सम्मानपूर्वक जवाब देती है।

### और भारत?

यहाँ आरटीआई डालने वाला पत्रकार
- या तो मार दिया जाता है,
- या जवाब के इंतज़ार में पूरा जीवन गुज़ार देता है।

2005 में जिस आरटीआई एक्ट को हमने सूचना का शस्त्र बनाया था,
वही अब संशोधन दर संशोधन में पंजा खो चुका है।
सवाल पूछना अब लोकतांत्रिक कर्तव्य नहीं, अपराध बन चुका है।

### पत्रकार की सुरक्षा — प्राथमिकता नहीं, राजनीति बन गई

फ़िनलैंड में यदि पत्रकार को धमकी मिले —
तो पुलिस तुरंत सुरक्षा देती है।

### भारत में?

गौरी लंकेश, शुजात बुख़ारी, नवीन गुप्ता
ये नाम नहीं, वो चीख़ें हैं जिन्हें सत्ता ने अनसुना कर दिया।
'यहाँ पत्रकारों की हत्या अब न्यूज़ नहीं बनती —
बस एक औपचारिक खबर बनकर दबा दी जाती है।'
अदालतें — एक देश में अभिव्यक्ति की ढाल, दूसरे में डर की दीवार
फ़िनलैंड में न्यायपालिका अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को सर्वोच्च मानती है। वहाँ पत्रकार और न्याय मिलकर लोकतंत्र को मज़बूत करते हैं।

### भारत में?

- Contempt of Court,
- मानहानि के मुक़दमे,
- राष्ट्रविरोधी धाराएँ,
- और यूएपीए जैसे काले कानून —

हर ईमानदार पत्रकार के सिर पर सत्ताधारी तलवार बनकर लटकते हैं।

### प्रेस अब 'प्रेसर' में है — भारत की गिरती रैंकिंग

**2024 के प्रेस स्वतंत्रता सूचकांक ( आरएसएफ ) में**
- फ़िनलैंड दुनिया के टॉप 5 में है।
- भारत 150वें पायदान के पास फिसल चुका है।

'ये सिर्फ़ आंकड़ा नहीं — ये लोकतंत्र की गिरती नब्ज़ की रिपोर्ट है।'

### सवाल यह है : क्या भारत फ़िनलैंड बन सकता है?

हम फ़िनलैंड जैसी ठंडी जलवायु न बना सकें —
पर विचारों की गर्मी और सत्ता से जवाबदेही की माँग तो अपना सकते हैं।
'पत्रकारों की स्वतंत्रता कोई सहूलियत नहीं —
वह लोकतंत्र की ऑक्सीजन है।
और जो देश अपने पत्रकारों की साँसें घोंटता है,
वो जनता की आज़ादी को भी दम घोंटू बना देता है।'
अगर आप चाहते हैं कि अगली पीढ़ी को सच दिखाने वाले आईने ज़िंदा रहें —
तो पत्रकारों की आज़ादी के लिए आवाज़ उठाइए।
क्योंकि जिस देश में हर सवाल 'देशद्रोह' कहलाता है —
वहाँ हर नागरिक बस एक 'आजाद गुलाम' रह जाता है।
क्योंकि
'पत्रकार मरे तो लोकतंत्र नहीं बचेगा — और सत्ता कभी नहीं डरेगी।'

#पत्रकारिता-नहीं-रुकनी-चाहिए
#लोकतंत्र-की-आवाज़
#FinlandVsIndia
#FreePress
#TruthIsNotTreason

महाराष्ट्र में नये सियासी समीकरण की सुगबुगाहट!



# बड़ी जीत है द रेजिस्टेंट फ्रंट का आतंकी संगठन घोषित होना

-ललित गर्ग-



पहलगाम में जब आतंकी हमले में निर्दोषों का रक्त बहा, आहें एवं चीखें गूंजी, जिसने न केवल देश एवं दुनिया को झकझोर दिया था, बल्कि यह संकेत भी दे दिया कि आतंकवाद की जड़ें अब भी जीवित हैं और उन्हें राजनीतिक, वैचारिक और सीमा-पार समर्थन प्राप्त है। लेकिन इस बार एक बड़ा परिवर्तनकारी एवं प्रासंगिक कदम अमेरिका की ओर से सामने आया है, जिसने इस हमले की जिम्मेदारी लेने वाले पाकिस्तान के आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा की मुखौटा इकाई द रेजिस्टेंट फ्रंट (टीआरएफ) को वैश्विक आतंकी संगठन घोषित कर दिया, इस तरह टीआरएफ की पहचान और आतंक के विरुद्ध वैश्विक एकजुटता का नया अध्याय लिखा गया है। यह कदम केवल एक औपचारिक घोषणा नहीं, बल्कि आतंक के विरुद्ध वैश्विक मंच पर एक रणनीतिक संदेश है कि अब छद्म युद्ध और पनपते आतंक के विरुद्ध निर्णायक कार्यवाही का युग आ गया है। अमेरिका का यह कदम भारत के लिए एक कूटनीतिक जीत के रूप में देखा जा रहा है। निश्चित ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं विदेश मंत्री एस जयशंकर के अन्तर्राष्ट्रीय प्रयास इस बात के द्योतक है कि आतंकवाद से निपटने के मोर्चे पर भारत सफल हो रहा है। अमेरिका के इस फैसले ने न सिर्फ टीआरएफ के आतंकी चेहरे से बेपर्दा किया है, बल्कि पाकिस्तान की उन नापाक हरकतों को भी बेनकाब कर दिया, जिन्हें वह खुद को आतंकवाद से पीड़ित बताकर छिपाता आ रहा है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने इसे भारत-अमेरिका के बीच मजबूत आतंकवाद-रोधी सहयोग का प्रमाण बताया है और आतंक के खिलाफ लड़ाई में वैश्विक सहयोग की जरूरत पर बल दिया है।

टीआरएफ दिखने में एक स्थानीय कश्मीरी संगठन होने का भ्रम देता है, लेकिन असल में यह लश्कर-ए-तैयबा और उसके सरगना हाफिज सईद की पुरानी साजिश का नया चेहरा है। पाकिस्तान-समर्थित आतंकी संगठनों को नया नाम एवं नये रूप में प्रस्तुत करना पाक की एक साजिश एवं सोची-समझी रणनीति है, ताकि दुनिया के सामने वह अपने दामन को पाक-साफ दिखा सके। एक और विडम्बनापूर्ण स्थिति यह है कि पाक ने इसे इस तरह पेश किया जैसे यह कश्मीर का स्थानीय संगठन हो। यह जगजाहिर है कि कई बड़े आतंकी संगठन पाकिस्तान की धरती से संचालित किए जा रहे हैं। इनमें लश्कर-ए-तैयबा, जैश-ए-मोहम्मद और हिज्बुल मुजाहिद्दीन प्रमुख हैं। अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भी कई बार ये सवाल उठे और पाक को आतंक पोषित स्वीकार्य किया जाने लगा। उसका नतीजा यह हुआ कि पाकिस्तान ने रणनीति बदली और आतंकी संगठनों के नाम भी बदलने शुरू कर दिए। टीआरएफ इसका एक उदाहरण है। इसका गठन 2019 के अनुच्छेद 370 के निरस्तीकरण के बाद हुआ और इसका उद्देश्य भारत में आतंकी घटनाओं को 'स्वदेशी विद्रोह' की आड़ में अंजाम देना है। पहलगाम हमला भारत के उस प्रयास को चुनौती देता है जो वह 'पर्यटन और विकास के माध्यम से कश्मीर को मुख्यधारा में लाने' के लिए कर रहा है। जब भी कश्मीर में शांति की बहार आती है, ऐसे आतंकी संगठन हिंसा का तूफ़ान लेकर आते हैं। टीआरएफ ने सोशल मीडिया, इंटरनेट और कूटनीतिक शब्दजाल का इस्तेमाल करके अंतरराष्ट्रीय मंचों पर खुद को 'कश्मीरी प्रतिरोध आंदोलन' के रूप में पेश करने की कोशिश की, जबकि उसके तार रावलपिंडी और आईएसआई के आतंकवाद समर्थन तंत्र से सीधे जुड़े हैं। मगर, अमेरिका की ओर से इसे वैश्विक आतंकी संगठन घोषित किया जाना इस बात का सबूत है कि आतंकियों को हथियार की तरह इस्तेमाल करने के इरादों को किसी छद्म नाम की आड़ में छिपाया नहीं जा सकता।

अमेरिका द्वारा टीआरएफ को वैश्विक आतंकी संगठन घोषित किया जाना भारत की एक बड़ी राजनयिक एवं कूटनीतिक सफलता है। यह दिखाता है कि भारत की तीक्ष्ण एवं ताकतवर विदेश नीति अब केवल घटनाओं की निंदा तक सीमित नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय दबाव निर्माण की रणनीति पर आधारित है। जो संयुक्त राष्ट्र में भारत के प्रस्तावों को भी बल देती है। भारत पाकिस्तान-प्रायोजित आतंकवाद के विरुद्ध वर्षों से चेतावनी देते हुए दुनिया को आतंकमुक्त बनाने के लिये प्रतिबद्ध है। पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने कूटनीतिक स्तर पर विभिन्न देशों को आतंक के खिलाफ एकजुट करने के प्रयास तेज किये हैं। ऐसे में अमेरिका पर भी यह साबित करने का दबाव बना है कि वह आतंकवाद के खिलाफ दोहरे मापदंड न अपनाये। क्योंकि अमेरिका का दोगलापन चर्चा में रहा है, एक तरफ अमेरिका आतंकवाद के खिलाफ भारत के साथ खड़े होने का दावा करता है, तो दूसरी ओर पाकिस्तान को अंतरराष्ट्रीय मुद्रा और विश्व बैंक से बड़ी धनराशि कर्ज के रूप में दी जाती है।

एक तरफ राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप इस मुद्दे पर भारत के साथ खड़े होने की बात करते हैं, दूसरी तरफ आतंकवाद की नर्सरी चलाने वाले पाकिस्तान को लेकर अपने नरम रुख का इजहार भी करते रहते हैं। आतंकवाद पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ( यूएनएससी) का ढुलमुल रवैया भी हैरान करने वाला है। सवाल यह है कि जब अमेरिका यह मानता है कि पाकिस्तान आतंकियों को पाल-पोस रहा है, तो वह वैश्विक संस्थाओं से उसे वित्तीय मदद रोकने की वकालत क्यों नहीं करता है ?

ऑपरेशन सिंदूर में पाक को करारी मात देने के बाद भारत आतंकवाद के खिलाफ दुनिया में वातावरण बनाने के लिये तत्पर हुआ। आतंक के खिलाफ इस लड़ाई को मजबूती देने के लिये ही भारत ने अमरीका समेत 32 देशों में अपने प्रतिनिधिमंडल भेजे थे। इन देशों को पुख्ता सबूतों के साथ बताया गया कि टीआरएफ पाकिस्तान प्रायोजित लश्कर-ए-तैयबा का मुखौटा संगठन है। संभवतः भारत के यही प्रयास इस संगठन के खिलाफ अमरीका के सख्त फैसले का आधार बनी। अमरीका ने इससे पहले 2001 में भारतीय संसद पर हमले के बाद लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद को आतंकी संगठन घोषित किया था। पाकिस्तान इन दोनों संगठनों की तरह टीआरएफ को भी भारत के खिलाफ हथियार के तौर पर इस्तेमाल करता रहा है। निश्चित ही अमेरिका की यह ताजा कार्रवाई स्वागतयोग्य है, लेकिन भारत को अब केवल प्रतीक्षा नहीं करनी चाहिए, बल्कि आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक कमर कसते हुए प्रक्रिया दिखानी चाहिए। उसे सीमा पार सर्जिकल/ड्रोन स्ट्राइक की नीति को और मजबूत करना चाहिए। आतंकी समर्थकों की फंडिंग रोकने के लिए अंतरराष्ट्रीय आर्थिक प्रतिबंधों की मांग करनी चाहिए। घरेलू स्तर पर खुफिया तंत्र और साइबर निगरानी को और सक्रिय एवं आधुनिक बनाना चाहिए। वैश्विक मंचों पर एफएटीएफ, यूएन, और जी 20 जैसे संगठनों में पाकिस्तान की आतंक-समर्थक भूमिका को बार-बार उजागर करना चाहिए।


आज आवश्यकता है कि दुनिया के सभी लोकतांत्रिक और शांति-प्रिय राष्ट्र एक मंच पर एकजुट होकर आतंकवाद के विरुद्ध जीरो टोलरेंस पॉलिसी अपनाएं। किसी भी राष्ट्र को- चाहे वह प्रत्यक्ष हो या परोक्ष, आतंकियों की शरणस्थली बनने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। टीआरएफ को आतंकवादी घोषित करना पहला कदम है, अब इसकी जड़ों को नष्ट करना ही अंतिम लक्ष्य होना चाहिए। पाकिस्तान सरकार, सेना और आतंक के नापाक गठजोड़ पर जब तक सभी देश एकमत नहीं होंगे, आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई निर्णायक मोड़ पर नहीं पहुंचेगी। सवाल यह भी है कि जब पाकिस्तान आतंकी संगठनों का खुलेआम समर्थन करता रहता है तो उसे फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स (एफएटीएफ) की ग्रे लिस्ट में डालने से परहेज क्यों किया जा रहा है? विशेषज्ञों का कहना है कि अमरीका के ताजा कदम के बाद एफएटीएफ और दूसरी अंतरराष्ट्रीय एजेंसियां टीआरएफ की फंडिंग की जांच करेंगी।

पहलगाम का हमला एक बार फिर हमें चेतावनी देता है कि आतंकवाद केवल सुरक्षा का संकट नहीं, बल्कि सभ्यता, शांति और मानवता का अपमान है। हमें अब शब्दों से आगे बढ़कर संकल्प और कार्यवाही की ओर बढ़ना होगा।

भारत को अब केवल प्रतिकार नहीं, बल्कि निर्णायक प्रहार की नीति अपनानी चाहिए ताकि अगली पीढ़ी एक ऐसे भारत में सांस ले सके जहां 'कश्मीर' केवल खूबसूरती का पर्याय हो, आतंक का नहीं। भारत को वैश्विक मंचों पर टीआरएफ को बेनकाब करने की मुहिम जारी रखनी चाहिए, ताकि इस संगठन को फिर फन उठाने का मौका न मिले।

# टाईम पास

## काकुरो पहेली - 3597




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:



### काकुरो - 3596 का हल



## हंसी के फूव्वारें

विज्ञान की कक्षा में छात्रा को बहुत नींद आ रही थी. व्याख्यान के दौरान उसकी गर्दन बार-बार नीचे लटक जा रही थी.

प्राध्यापिका का ध्यान जब उसकी तरफ गया तो पूछ बैठी, 'मैं समझा रही हूँ और तम्हारी गर्दन बार-बार नीचे झुक जाती है, क्या कारण है ?'

छात्रा ने झट विज्ञान की भाषा में ही जवाब देते हुए कहा, 'जी, यह तो पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण के कारण हो रहा है.'

□ □ □

'क्यों बच्चे, यह गेंद तुम्हारी है ?'
'अंकल, इससे कोई शीशा टूटा है ?'
'नहीं तो ?'
'फिर यह मेरी ही है.'

□ □ □

रसोई में घरवाली की सहायता करते हुए पति चिढ़कर बोले, 'देखोजी, मुझसे तो ये रोटियां बेली नहीं जातीं. बेलने का अभ्यास जो नहीं है.'

'मुझसे विवाह करने के लिए तुमने कितने पापड़ बेले थे, भूल गये क्या ?'

□ □ □

एक अविवाहित डॉक्टर से बोला- जब मैं दोनों हाथ पर आगे झुककर हाथों को घुमाता हूँ तो दाहिने कंधे में दर्द होता है.

डॉक्टर- लेकिन आप ऐसा करते ही क्यों हैं ?

अविवाहित-कोट पहनने का कोई दूसरा उपाय आप जानते हों तो मुझे भी बताएँ.

## फिल्म वर्ग पहेली- 3597



**बायें से दायें:-**

१. 'बरसो रे मेघा' गीत वाली फिल्म-२
२. राजेशखन्ना, धर्मेन्द्र, वहीदा की फिल्म-३
४. 'नींद कभी रहती थी आँखों में' गीत वाली फिल्म-३
६. राज सोलंकी, हिना रहमान, पायल की फिल्म-२
७. 'कहना है जो दिल से कहो' गीत वाली फिल्म-४
९. संजीवकुमार, नूतन की फिल्म-२
११. 'हम और तुम तुम और' गीत वाली फिल्म-२
१२. अभिषेक, भूमिका की फिल्म-२
१४. 'कुछ लोग यहाँ पर ऐसे है' गीत वाली फिल्म-४
१५. मकरंद देशपांडे, शबाना, श्वेता की फिल्म-३
१६. 'जब आती होगी याद मेरी' गीत वाली फिल्म-२
१७. संजय कपूर, माधुरी की फिल्म-२
१९. 'ओ रूपनगर के सौदागर' गीत वाली फिल्म-२
२०. अनिल धवन, रेहाना की फिल्म-२,२
२२. 'पर्दे में रहने दो पर्दा ना' गीत वाली फिल्म-३
२४. सुनील दत्त, साधना की फिल्म-३
२५. 'दिल जंगली कबूतर' गीत वाली फिल्म-३
२६. अभिषेक, उदय, एशा की फिल्म-२
२७. 'शरमाए काहे घबराये' गीत वाली फिल्म-२
२९. आमिर, माधुरी दीक्षित की फिल्म-२
३०. 'लगन लागी मन की लगन' गीत वाली फिल्म-२
३१. फिल्म 'मनोरंजन' में नायिका कौन थी-३
३२. शाहरूख, प्रियंका चोपड़ा की फिल्म-२

**ऊपर से नीचे:-**

१. ऋषि, अनिल, श्रीदेवी की फिल्म-४
२. 'नील गगन पे उड़ते बादल आ' गीत वाली फिल्म-४
३. फिल्म 'मि. बॉण्ड' में अक्षयकुमार के साथ नायिका कौन थी-२
४. जीतेंद्र, रीना राय, रामेश्वरी की 'धक धक से धड़कना' गीत वाली फिल्म-२
५. 'सपनों का शहर हो' गीत वाली अरशद वारसी, महिमा चौधरी की फिल्म-३
८. सुष्मिता की पहली फिल्म ?-३
१०. 'चूड़े वाली छमिया मिला नैन रे' गीत वाली सनी, जयाप्रदा की फिल्म-३
१३. विनोद खन्ना, बिन्दू की 'दिल करने लगा है प्यार तुम्हे' गीत वाली फिल्म-३
१५. 'जीना तेरी बाहों' गीत वाली सुनील शेट्टी, इंद्रकुमार, नम्रता की फिल्म-३
१७. प्रदीपकुमार, नर्गिस की 'दिल की गिरह खोल दो' गीत वाली फिल्म-२,२,२
१८. 'नजर के सामने जिगर' गीत वाली राहुल राय, अनु अग्रवाल की फिल्म-३
१९. ऋषिकपूर, जयाप्रदा की 'ढपली वाले ढपली बजा' गीत वाली फिल्म-४
२१. 'गोरी जो मटके बालों' गीत वाली सुनील, रवीना, करिश्मा, सोनाली की फिल्म-३
२३. राजेंद्र कुमार, राखी की 'तुम मेरी हो मेरे सिवा किसी' गीत वाली फिल्म-२,२
२६. 'हर एक घर में दिया' गीत वाली संजय सूरी, रेवती, गुल पनाग की फिल्म-२
२८. सनी, सलमान, करिश्मा, तब्बू की 'अभी साँस लेने की' गीत वाली फिल्म-२

### फिल्म वर्ग पहेली- 3596



## सूडोकु -3597


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 6 | | 1 | | 5 | | 2 |
| | 9 | | | 8 | | | | 3 |
| 1 | | | 6 | 9 | | 7 | | |
| | 3 | 8 | 2 | | 1 | | | |
| 2 | 7 | 5 | | | | 6 | 3 | 1 |
| | | | 5 | | 7 | 2 | 8 | |
| | | 9 | | 7 | 4 | | | 6 |
| 8 | | | | 2 | | | 5 | |
| 4 | | 2 | | 5 | | 9 | 1 | 7 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु -3596 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 5 | 3 | 1 | 4 | 6 | 8 | 7 |
| 3 | 6 | 1 | 2 | 8 | 7 | 4 | 9 | 5 |
| 8 | 4 | 7 | 5 | 9 | 6 | 3 | 2 | 1 |
| 5 | 7 | 4 | 1 | 6 | 2 | 8 | 3 | 9 |
| 1 | 3 | 6 | 9 | 4 | 8 | 5 | 7 | 2 |
| 9 | 8 | 2 | 7 | 3 | 5 | 1 | 4 | 6 |
| 6 | 2 | 8 | 4 | 7 | 1 | 9 | 5 | 3 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 2 | 9 | 7 | 1 | 8 |
| 7 | 1 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 |

## शब्द पहेली - 3597



**बाएँ से दाएँ**

1.उपासना करना-6
5.अलमस्त, उत्साही-4
8. हरे रंग का-2
9.चाह,इच्छा-3
10.अधिकार,आरोप-2
11.निर्दय, हिंसक-4
12.आंदोलन-2
14.सज्जन,सभ्य-4
15.स्मृति,अविस्मरण-2
17.रूखा, रसहीन-3
19.गुप्तचर-4
21.संकट मोचक,नाविक-5
24.चुगली करना-5
27.नेता पथ प्रदर्शक-4
29.प्रेम,चाहत-3
31.एक ग्रह-2
32.अनर्गल प्रलाप-4
33.नौकर,सेवक-2
35.उद्विग्न,आतुर-4
36.श्रवणेंद्रिय-2
38.दीपक,दिया-3
39.बोलने के लिये कहना-2
40.एक मुस्लिम महीना-4
41.सहायता करना-3,3

**ऊपर से नीचे**

1.सहिष्णुता,उदारता-6
2.थोड़ा,कम-2
3.कपड़ों के टुकड़े-4
4.असफल-5
5.राजी करना-3
6.वजन,वायदा-2
7.अनाथ,बेवारिस-4
11.वैधव्य-4
13.राजा की पत्नी-2
16.टूटना-4
18.धावक (अंग्रेजी-3)
19.खबरी,खबर देने वाला-4
20.हमारा पड़ोसी देश-2
22.घूमना-3
23.पराजय-2
25.खतरनाक, खौफनाक-4
26.पसंद नहीं होना, अस्वीकृत-4,2
28.अशोक कुमार, मीना कुमारी, प्रदीप कुमार की फिल्म-5
29.हमले का जवाब देना,प्रतिशोध-4
30.कभी-2
32.जब्त,प्राप्त होना-4
34.मास्टर ब्लास्टर-3
37.भीगा हुआ-2
39.टैक्स,हाथ-2

### शब्द पहेली -3596 का हल



# शारदा यूनिवर्सिटी में छात्रा के सुसाइड पर सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी

## कहा- शिक्षा व्यवस्था में कुछ गड़बड़ है, आईआईटी खड़गपुर से भी मांगी रिपोर्ट

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा की शारदा यूनिवर्सिटी में बीडीएस छात्रा ज्योति शर्मा के सुसाइड का सुप्रीम कोर्ट ने संज्ञान लिया है। न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति आर. महादेवन की बेंच ने इस पर अहम टिप्पणी की। कहा- शिक्षा व्यवस्था में कुछ गड़बड़ है। सुप्रीम कोर्ट ने शारदा यूनिवर्सिटी के अलावा आईआईटी खड़गपुर से भी छात्रों के सुसाइड पर रिपोर्ट मांगी है।

सुप्रीम कोर्ट ने यूनिवर्सिटी से पूछा- क्या मामलों की सूचना समय पर पुलिस को दी गई थी? क्या इस पर एफआईआर दर्ज की गई? इस मामले में अगली सुनवाई 28 जुलाई को होगी। सीनियर एडवोकेट अपर्णा भट्ट को अमिकस क्यूरी नियुक्त कर कोर्ट को विस्तृत जानकारी देने का निर्देश दिया गया है।

18 जुलाई को शारदा यूनिवर्सिटी की बीडीएस छात्रा ज्योति शर्मा ने सुसाइड कर लिया था। पुलिस ने बीडीएस बिल्डिंग को सील कर दिया है। प्रोफेसरों से पूछताछ की जा रही है। सुसाइड की घटना के बाद थर्ड ईयर के एग्जाम कैंसिल कर दिए गए। हालांकि, प्रबंधन ने जल्द ही नई तारीख घोषित करने की बात कही है।

### पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में दम घुटने से मौत आई सामने

छात्रा की पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में मौत का कारण फंदे के कारण दम घुटना बताया गया है। पिता रमेश जांगड़ा ने इस मामले में डेंटल साइंस विभाग के डीन प्रो. (डॉ.) एम. सिद्धार्थ, विभागाध्यक्ष (एचओडी) प्रो. डॉ. आशीष चौधरी, प्रो. डॉ. अनुराग, एसोसिएट प्रो. डॉ. महिंदर सिंह चौहान, सहायक प्रोफेसर डॉ. सुरभि, डॉ. सैरी वशिष्ठ पर प्रताड़ना के आरोप लगाए थे। पुलिस ने मामले में सैरी वशिष्ठ और महिंदर सिंह चौहान को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।


ज्योति शर्मा, मृतक

### फोरेंसिक जांच के लिए भेजा सामान

पुलिस अधिकारी ने बताया- छात्रा के कमरे से बरामद लैपटॉप, डायरी और टैबलेट, मोबाइल को जांच के लिए फोरेंसिक लैब भेजा गया है। छात्रा के मोबाइल की डिटेल निकलवाई गई है। सोशल मीडिया और वॉट्सऐप चैट से भी यह पता लगाया जा रहा है कि सुसाइड से पहले छात्रा ने किससे और क्या बातें की थीं। घटनास्थल से मिले सुसाइड नोट पर लिखी हैंडराइटिंग की जांच के लिए भी टीम बनाई गई है।

### छात्रा ने सुसाइड नोट में जो लिखा वो पढ़िए

अगर मेरी मौत हुई तो इसके लिए पीसीपी और डेंटल मेडिकल के टीचर जिम्मेदार होंगे। महेंद्र सर और शैरी मैम मेरी मौत के लिए जिम्मेदार हैं। उन्होंने मुझे मानसिक रूप से प्रताड़ित किया, मुझे अपमानित किया। उनकी वजह से लंबे समय से डिप्रेशन में हूं। मैं चाहती हूं कि उन्हें भी यही सब सहना पड़े। सॉरीज मैं अब और नहीं जी सकती।

### अब पूरा मामला जानिए

बैचलर ऑफ डेंटल सर्जरी यानी बीडीएस सेकेंड ईयर की 21 साल की ज्योति शर्मा गुरुग्राम के ब्लॉक-सी, अशोक विहार, गली नंबर- बी6 की रहने वाली थी। उसकी एक भाई और एक बहन हैं। पिता प्राइवेट जॉब करते हैं। छात्रों के मुताबिक, हॉस्टल के 12वें फ्लोर पर ज्योति के साथ 3 और छात्राएं रहती थीं। शुक्रवार शाम ज्योति कमरे में अकेली थी। साथी छात्राएं बाहर गई थीं।

शाम करीब 7 बजे एक छात्रा आई। उसने देखा तो कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था। छात्रा ने पुलिस को बताया कि उसके दो बार धक्का देने से दरवाजा खुल गया। देखा तो ज्योति फंदे पर लटकी थी, फिर उसने वार्डन और अन्य स्टूडेंट्स को इसकी सूचना दी।

# नोएडा एयरपोर्ट कनेक्टिविटी को मिलेगी रफ्तार

## ग्रेटर नोएडा की 130 मीटर रोड को यीडा की 120 मीटर रोड से जोड़ेगा नया प्रोजेक्ट

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट की कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने के लिए एक नई पहल की है। प्राधिकरण ग्रेटर नोएडा की 130 मीटर रोड को यीडा की 120 मीटर रोड से जोड़ने की योजना पर काम कर रहा है।

इस परियोजना के तहत दोनों मार्गों के बीच करीब 3 किलोमीटर लंबी नई सड़क का निर्माण किया जाएगा। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के एसीईओ सुमित यादव ने सोमवार को परियोजना विभाग की टीम के साथ 130 मीटर रोड का निरीक्षण किया।

वर्तमान में 130 मीटर रोड ग्रेनो वेस्ट के चार मूर्ति चौक से सिरसा तक है। इस मार्ग से प्रतिदिन हजारों वाहन गुजरते हैं। एयरपोर्ट के शुरू होने के बाद यातायात का दबाव और बढ़ने की संभावना है।



इसे देखते हुए सीईओ एनजी रवि कुमार के निर्देश पर सड़क का चौड़ीकरण भी किया जा रहा है। प्राधिकरण ने कई अन्य सुविधाओं की भी योजना बनाई है।

सिरसा के पास ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे को पार करने के लिए अंडरपास का निर्माण प्रस्तावित है। साथ ही औद्योगिक सेक्टर ईकोटेक 9, 10 व 11 को जोड़ने के लिए घंघोला के पास रोटरी बनाई जाएगी। यह परियोजना पूरी होने पर गाजियाबाद, ग्रेनो वेस्ट और ग्रेटर नोएडा के निवासियों को नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट तक पहुंचने में सुविधा होगी।

प्राधिकरण के एसीईओ सुमित यादव ने यहां भी मौका मुआयना किया और कार्य को आगे बढ़ाने पर जोर दिया। कंसल्टेंट से रोटरी की डिजाइन बनवाकर कार्य कराने के निर्देश दिए। इससे बुलंदशहर भी आना-जाना आसान हो जाएगा और औद्योगिक सेक्टरों में आवाजाही सुगम हो जाएगी।

# कैफे मालिक की हत्या का मुख्य आरोपी धरा



**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा की बीटा-2 पुलिस ने नागपुर के एक कैफे मालिक की हत्या के मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी शाहिद शेख उर्फ सलीम शेख पिछले तीन महीनों से ग्रेटर नोएडा में छिपा हुआ था। पुलिस के अनुसार, शाहिद ने 15 अप्रैल को अपने साथियों के साथ मिलकर नागपुर में कैफे मालिक अविनाश की गोली मारकर हत्या कर दी थी। हत्या के बाद वह ग्रेटर नोएडा के सेक्टर गामा वन में रहने लगा। आरोपी लगातार अपना मोबाइल नंबर और ठिकाना बदल रहा था। नागपुर पुलिस ने इस मामले में कई टीमों का गठन किया। अब तक शैलेश, अंकित, आदर्श, शिबू और रोहित को गिरफ्तार किया जा चुका है। महाराष्ट्र पुलिस ने आरोपी का मोबाइल नंबर ट्रेस कर बीटा-2 पुलिस की मदद से उसे पकड़ लिया। पूछताछ में सामने आया कि आपसी रंजिश के चलते हत्या की गई थी। आरोपी को गौतमबुद्धनगर की अदालत से ट्रांजिट रिमांड पर नागपुर पुलिस के हवाले कर दिया गया है।

# नोएडा प्राधिकरण के जीएम ने विकास कार्यों का निरीक्षण किया



**नोएडा।** नोएडा प्राधिकरण के जीएम सिविल अशोक कुमार अरोड़ा ने नोएडा में चल रहे विकास कार्य का निरीक्षण किया। जेपी फ्लाईओवर से सेक्टर-92 टी- पाइंट तक नाले पर चल रहे निर्माण को तेज करने और योजना से संबंधित विवरण का बोर्ड लगाने के निर्देश दिए।

सेक्टर-92 की सर्विस रोड जगह-जगह से क्षतिग्रस्त मिली। इसे दोबारा से मरम्मत करने के लिए कहा गया। सेक्टर-92 के कंप्लीशन मकानों की साफ-सफाई की जाए और मकान नंबर ए-209 पर लगे टावर को हटाते हुए नोटिस जारी कर एक्शन लिया जाए। सेक्टर-94 एनिमल शेल्टर में मरम्मत एवं निर्माण कार्य को तेज किया जाए। साथ ही सलाहकार कंपनी को चार्ट ड्राइंग के साथ एक सप्ताह में उपस्थित होने का निर्देश दिया। ग्राम शहदरा में खाली प्लाट पर अतिक्रमण मिला।

इसे हटाने के निर्देश दिए गए। यहां जलभराव की समस्या को ठीक किया जाए और निकासी के पर्याप्त इंतजाम किए जाए। निर्माण कार्यो की रोजाना की अपडेट उन्हे मुहैया कराई जाए। ताकि निर्माण कार्य समय से पूरे हो सके और खास कर गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखा जाए।

## नाबालिग को बहला-फुसलाकर ले जाने का मामला, ग्रेटर नोएडा में आरोपी गिरफ्तार

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा की ईकोटेक पुलिस ने नाबालिग किशोरी को बहला-फुसलाकर ले जाने के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर किशोरी को सकुशल बरामद कर लिया है। किशोरी के पिता ने 13 जुलाई को कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि दनकौर कोतवाली क्षेत्र के दादूपुर गांव का रहने वाला संदीप उनकी 17 वर्षीय बेटी को बहला-फुसलाकर ले गया था। काफी खोजबीन के बाद भी किशोरी का पता नहीं चल पाया था। पुलिस ने रविवार रात को आरोपी संदीप को क्षेत्र से गिरफ्तार किया। किशोरी को मेडिकल परीक्षण के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है। कोतवाल प्रभारी अरविंद वर्मा ने बताया कि मेडिकल रिपोर्ट आने के बाद आरोपी के खिलाफ आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। आरोपी को सोमवार को कोर्ट में पेश कर जेल भेजा जाएगा।

# नोएडा पुलिस की तीन बदमाशों से मुठभेड़

## दो बदमाशों को लगी गोली, कांबिंग के बाद तीसरा गिरफ्तार, लोगों से करते थे लूटपाट

**नोएडा। वकार सैफी।** थाना 126 पुलिस टीम और ऑटो सवार बदमाशों के बीच हुई मुठभेड़ में गोली लगने से दो बदमाश घायल हो गए। उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बदमाशों के कब्जे से अवैध हथियार, लूटा हुआ मोबाइल फोन, लैपटॉप और अपराध में इस्तेमाल होने वाला ऑटो बरामद किया गया है। पुलिस बदमाशों के तीसरे साथी की तलाश कर रही है।

बता दे कि मुठभेड़ में घायल हुए बदमाशों की पहचान विकास पुत्र अहलकार और पंकज प्रजापति पुत्र आशाराम के रुप हुई है। एडिशनल डीसीपी में बताया कि थाना 126 पुलिस पुस्ता रोड जेपी कट सेक्टर 133 पर चेकिंग कर रही थी, तभी एक संदिग्ध ऑटो को देख रुकने का इशारा किया। जिस पर ऑटो सवार बदमाशों ने रोकने के बजाय पुलिस टीम पर फायर कर भागने लगे पुलिस की





जवाबी कार्रवाई में दोनों बदमाश घायल हो गए। उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एडिशनल डीसीपी ने बताया कि पकड़े गए दोनों बदमाश शातिर किस्म का अपराधी है। 14 जुलाई को दोनों ने ऑटो में सवार होकर सेक्टर 132 में सवारी से मोबाइल लैपटॉप लूटा था, जिसका मुकदमा थाना 126 में दर्ज है। इसके अलावा दोनों आरोपियों ने थाना 126 इलाके में दो अन्य घटनाओं को करने की बात पूछताछ के दौरान स्वीकार की है। इन बदमाशों ने कार का शीशा तोडकर लैपटॉप चोरी किया था। यह घटनाएं दोनों बदमाशों ने अपने एक अन्य साथी आरिफ के साथ मिलकर की थी पुलिस आरिफ की तलाश कर रही है। इन बदमाशों के पास से पुलिस ने अवैध तमंचे, कारतूस, लैपटॉप मोबाइल फोन, लूटी हुई नगदी और अपराध में इस्तेमाल किया गया ऑटो रिक्शा बरामद किया है। पुलिस बदमाशों के आपराधिक इतिहास की जानकारी कर रही है।

# नोएडा प्राधिकरण ने लॉन्च की कार्पोरेट स्कीम

## नीलामी के जरिए 10 प्लाटों का होगा आवंटन, 1000 वर्गमीटर तक के है प्लाट

**नोएडा।** नोएडा में कंपनियों को अपना कार्पोरेट ऑफिस बनाने का मौका है। इसके लिए प्राधिकरण ने 10 प्लाट की स्कीम लॉन्च की है। सभी प्लाट 1000 वर्गमीटर के है। ये प्लाट नोएडा के सेक्टर-153 में है। जिनको डेवलप किया गया है। ये सेक्टर नोएडा एक्सप्रेस वे, आगरा एक्सप्रेस वे और नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से कनेक्टेड हैं।

योजना के तहत ई-ऑक्शन के जरिए प्लाट का आवंटन किया जाएगा। इसके अलावा जल्द ही प्राधिकरण होटल स्कीम योजना भी लेकर आ रहा है।

### 4 अगस्त तक कर सकते है आवेदन

कार्पोरेट ऑफिस प्लाट योजना के तहत 4 अगस्त तक आवेदन किए जा सकते है।

दस्तावेजों की जांच के बाद प्लाट की नीलामी की जाएगी। सबसे ज्यादा बोली लगाने वाले आवेदक को प्लाट का आवंटन किया जाएगा। इसके अलावा नोएडा में होटल स्कीम भी जल्द लॉन्च की जाएगी।



### अन्य विभागों की भी आ चुकी स्कीम

इससे पहले प्राधिकरण 12 प्लाट की इंडस्ट्रियल स्कीम और कामर्शियल प्लाट की योजना निकाल चुका है। साथ ही एक ग्रुप हाउसिंग योजना के तहत भी प्लाट निकाला गया है। सभी के लिए अगस्त तक आवेदन किया जा सकता है। जिसके बाद प्लाट का आवंटन होगा। इससे प्राधिकरण को बड़ा राजस्व मिलेगा। प्राधिकरण ने बताया कि लैंड बैंक तैयार किया जा रहा है। जल्द ही बड़े और छोटे फ्लैट योजना को भी निकाला जाएगा।

बोर्ड से अनुमति के बाद इसकी फाइल तैयार कर सीईओ को भेजी गई है। इसके लिए सेक्टर-93बी में तीन प्लाट 2 हजार वर्गमीटर और सेक्टर-135 में 24 हजार वर्गमीटर का एक प्लाट है। इसका आवंटन भी ई बोली और साक्षात्कार के जरिए किया जाएगा।

## नोएडा में गद्दे के गोदाम में भीषण आग लगी

**गौतम बुद्ध नगर।** नोएडा के सूरजपुर थाना क्षेत्र स्थित सुरजपुर कस्बे में गद्दे के गोदाम में आग लग गई। आग की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची। दमकल की चार गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। गोदाम रिहायशी इलाके में स्थित था। आग लगने से लाखों रुपए का सामान जलकर राख हो गया। स्थानीय लोगों के अनुसार, रिहायशी क्षेत्र में गोदाम होने से बड़ा हादसा हो सकता था। हालांकि, राहत की बात यह रही कि इस घटना में किसी तरह की जनहानि नहीं हुई। जिला दमकल अधिकारी ने सूचना देते हुए बताया कि सुबह के समय आग लगने की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंची और वहां पर पाया कि एक गद्दे का गोदाम था, जिसमें आग लगी हुई थी। हमारी दमकल की की टीम ने आग पर काबू पा लिया। इस दौरान चार गाड़ियों का इस्तेमाल किया गया। हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई है लेकिन गोदाम में रखे हुए सभी गद्दे जलकर राख हो गए। आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट बताई जा रही है।

# नोएडा पुलिस ने शातिर चोर किया गिरफ्तार

## 6 लाख का मॉल किया बरामद, आम लोगों के बीच रहता, दिन में रेकी रात में चोरी करता

नोएडा। नोएडा की थाना फेज-1 पुलिस ने एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया है। ये दिन में रैकी और रात में चोरी की घटना करता है। इसका नाम बोबी कुमार निवासी दिल्ली के हुई। एडीसीपी सुमित शुक्ला ने बताया कि ये चोरी की घटना अकेले करता हैं।

आम लोगों के बीच रहता है। सिलाई करने और ट्रांसपोर्टर के साथ काम करता है। इसके पास से एल्युमिनियम के एलिमेंट , डाई कुल वजन करीब 440 किलो बरामद किया गया। ये मॉल इसने 21 जुलाई को सेक्टर-3 जी-18 कंपनी से चोरी की थी।

चोरी करने के बाद ये मॉल इसने सेक्टर 4 मे पार्क के पास बने खोखे के पीछे छिपाकर रखा था। बरामद किए गए मॉल की अनुमानित लागत करीब 6 लाख रुपए है। एडीसीपी ने बताया कि इस पर 12 से ज्यादा मुकदमे दर्ज है। अपनी लोकेशन बदलता रहता है। आम लोगों की तरह दिखने बौर बर्ताव करने पर इस पर लोग शक नहीं करते थे। इसने मॉल चोरी करने के लिए एक ठेला लिया। इसके बाद रात में मॉल निकालकर ठेले पर रखा और पार्क के पीछे छिपा दिया। सीसीटीवी चेक करने पर मुखबिर को एक्टिव किया गया। इसके बाद इसे गिरफ्तार किया।

### नोएडा , दिल्ली में करता है चोरी

इसने नोएडा के अलावा दिल्ली के कल्याणपुरी, मंडावली , मयूर विहार में भी चोरी की घटना को अंजाम दिया है। यहां से मॉल चोरी कर कबाड़ियों को मॉल बेचता है।

अभी तक जांच और पूछताछ में सामने आया कि ये सिर्फ अकेले ही चोरी करता है। हालांकि इसके और साथी होने की उम्मीद है। जिनकी मदद से मॉल को बेचता है। अधिकतर उन कंपनियों को अपना निशाना बनता है जहां रात में गार्ड नहीं होते है। कोई अगर रोक ले तो अपने को ट्रांसपोर्टर का आदमी बताकर वहां से निकल लेता है।

# शार्ट न्यूज

## ग्रेटर नोएडा में जल संरक्षण की पहल




**जेवर।** दनकौर नगर पंचायत कार्यालय, ग्रेटर नोएडा में भूजल सप्ताह अभियान की शुरुआत हुई। सोमवार को नगर पंचायत अध्यक्ष राजवती देवी, अधिशासी अधिकारी और सभासदों ने जल संरक्षण की शपथ ली। नगर पंचायत अध्यक्ष राजवती देवी ने कहा कि अधिकतर लोग जरूरत से ज्यादा पानी का इस्तेमाल करते हैं। इससे जरूरतमंद लोगों को पानी की कमी का सामना करना पड़ता है। भूजल सप्ताह 16 से 22 जुलाई तक मनाया जा रहा है। इस दौरान सभी ने बारिश जल का संचय करने और भूजल के अनावश्यक दोहन को रोकने का संकल्प लिया। नगर पंचायत ने भूजल संरक्षण के लिए विशेष अभियान शुरू किया है। इसके तहत कस्बे के लोगों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक किया जा रहा है। टीमें अलग-अलग क्षेत्रों में जाकर लोगों को जल बचाने के तरीके बता रही हैं।

## नोएडा में 50 हजार का इनामी गिरफ्तार

**नोएडा।** क्राइम ब्रांच और सेक्टर-63 थाना पुलिस ने जेवर में नोएडा एयरपोर्ट के पास जमीन बेचने के नाम पर तीन साल पहले 24 करोड़ रुपए की ठगी के मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। इस मामले में अब तक 23 लोगों के खिलाफ कार्रवाई हो चुकी है। क्राइम ब्रांच के डीसीपी शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि आरोपी की पहचान ग्रेटर नोएडा के तुगलपुर हल्दौनी गांव निवासी रविंद्र शर्मा के रूप में हुई है। पुलिस ने इस पर 50 हजार रुपए का इनाम घोषित किया था। आरोपी की गिरफ्तारी हमीदपुर गांव से एक्सप्रेस-वे पर चढ़ने वाले कट से हुई है। आरोपी रविंदर शर्मा द्वारा अपने साथियों के साथ मिलकर जमीन के फर्जी दस्तावेज तैयार किए थे। जमीन न मिलने पर वादी पक्ष द्वारा रकम वापस मांगने पर आरोपियों द्वारा जान से मारने की धमकी दी गई इस मामले में अब तक 12 लोगों को गिरफ्तार करते हुए 22 लोगों के खिलाफ आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि आरोपियों ने मिलकर मार्च 2022 में पीड़ित गौरव शर्मा को जेवर में एयरपोर्ट के पास जमीन दिखाई और फर्जी दस्तावेज दिखाकर बैनामा कर दिया।

## जिलाधिकारी के निर्देश पर प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु समीक्षा बैठक सम्पन्न

**गौतम बुद्ध नगर ।** जिलाधिकारी गौतम बुद्ध नगर मनीष कुमार वर्मा के निर्देशों के क्रम में जनपद में प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के प्रभावी क्रियान्वयन एवं लाभार्थियों तक लाभ की सुलभ पहुंच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला कार्यक्रम अधिकारी पूनम तिवारी ने की, जिसमें जनपद की सभी बाल विकास परियोजना अधिकारी एवं मुख्य सेविकाएं सम्मिलित हुईं। जिला कार्यक्रम अधिकारी बैठक की अध्यक्षता करते हुए बताया कि प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना केंद्र सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है, जिसके अंतर्गत गर्भवती एवं धात्री महिलाओं को प्रथम संतान एवं द्वितीय संतान लड़की होने पर लाभ दिए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। नए नियमों के तहत अब तीन किश्तों में मिलने वाले 5000 दो किश्तों में दिए जाएंगे, इसके अलावा योजना का लाभ पाने के लिए पिता के आधार की अनिवार्यता खत्म कर दी गई है।

## मलकपुर स्पोर्ट्स स्टेडियम में मंडल स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं हेतु जिला स्तरीय चयन ट्रायल सम्पन्न

**गौतम बुद्धनगर ।** जिलाधिकारी गौतमबुद्धनगर मनीष कुमार वर्मा के निर्देशों के क्रम में जनपद में युवाओं की खेल प्रतिभा को आगे बढ़ाने और मंडल स्तरीय प्रतियोगिताओं हेतु उत्कृष्ट खिलाड़ियों का चयन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आज मलकपुर स्पोर्ट्स स्टेडियम में जिला स्तरीय चयन ट्रायल का आयोजन किया गया। यह आयोजन जिला खेल कार्यालय, गौतमबुद्ध नगर के तत्वावधान में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर बास्केटबॉल, हैंडबॉल, कबड्डी एवं जिमनास्टिक खेलों के लिए ट्रायल आयोजित किए गए, जिनमें जनपद के विभिन्न विद्यालयों, अकादमियों एवं खेल संस्थानों से आए बाल एवं किशोर खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कबड्डी खेल का चयन ट्रायल उत्तर प्रदेश संगठन कबड्डी संघ के महासचिव राजेश यादव तथा जिला कबड्डी संघ के अध्यक्ष जितेंद्र नागर की देखरेख में संपन्न हुआ। चयन प्रक्रिया के दौरान खिलाड़ियों की फुर्ती, तकनीक, स्टेमिना एवं सामूहिक खेल भावना जैसे बिंदुओं पर मूल्यांकन किया गया। चयनित खिलाड़ियों को आगामी मंडल स्तरीय प्रतियोगिता में जिले का प्रतिनिधित्व करने का अवसर प्राप्त होगा।

## खरीफ अभियान 2025-26 को सफल बनाने को लेकर विकास भवन में समीक्षा बैठक संपन्न

**गौतम बुद्ध नगर ।** जिलाधिकारी गौतम बुद्ध नगर मनीष कुमार वर्मा के निर्देशों के अनुपालन में खरीफ अभियान 2025-26 को सफल बनाने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक विकास भवन सूरजपुर के सभागार में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मुख्य विकास अधिकारी विद्यानाथ शुक्ल द्वारा की गई। इस बैठक में जिले के कृषकों को समय से और निर्धारित दरों पर गुणवत्तायुक्त उर्वरक उपलब्ध कराने हेतु की जा रही तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में जिला कृषि अधिकारी विवेक दुबे, सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता विवेका सिंह, इफको प्रतिनिधि वी.एस. चौधरी, कृभको प्रतिनिधि नरेंद्र कुमार सहित समस्त सहकारी समिति सचिव एवं संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। मुख्य विकास अधिकारी ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए निर्देश दिए कि जनपद की सभी सहकारी समितियां रोस्टर के अनुसार नियत समय पर खोली जाएं और समितियों पर उर्वरकों की उपलब्धता हर हाल में सुनिश्चित की जाए। जिन समितियों में 10 मीट्रिक टन से कम उर्वरक शेष हैं, वहां से शीघ्र धनराशि जमा कराकर आपूर्ति की प्रक्रिया पूरी की जाए।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला पर्यावरण समिति, वृक्षारोपण समिति, जिला गंगा समिति एवं जिला वेटलैंड समिति की बैठक संपन्न

गौतम बुद्ध नगर। जिलाधिकारी गौतम बुद्ध नगर मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट के सभा कक्ष में जिला पर्यावरण समिति, वृक्षारोपण समिति, जिला गंगा समिति एवं जिला वेटलैंड समिति की बैठक संपन्न हुई। जिलाधिकारी बैठक की अध्यक्षता करते हुए जनपद में पर्यावरणीय संतुलन, जल-स्त्रोतों की सुरक्षा, वनों के संरक्षण और वेटलैंड के पुनर्जीवन को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किये। आयोजित बैठक में प्रभागीय वन अधिकारी पी.के. श्रीवास्तव द्वारा वर्तमान तक की गई कार्यवाही से जिलाधिकारी को अवगत कराया गया। जिलाधिकारी ने वृक्षारोपण समिति की समीक्षा करते हुए कहा कि जनपद में किए गए सभी वृक्षारोपण की शत-प्रतिशत जियो टैगिंग की जाए ताकि निगरानी और पारदर्शिता सुनिश्चित हो सके। साथ ही पूर्व में लगाए गए पौधों की निगरानी के लिए ट्रैकिंग सिस्टम विकसित किया जाए और उनके संरक्षण की जिम्मेदारी स्पष्ट रूप से तय की जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि वृक्षारोपण के लिए उपयुक्त सार्वजनिक स्थलों की पहचान की जाए और स्थानीय विद्यालयों, स्वंयसेवी संस्थाओं को इस अभियान से जोड़ा जाए। जिला पर्यावरण समिति से संबंधित विषयों पर चर्चा करते हुए जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि जनपद में प्रत्येक सप्ताह शुक्रवार को 'ग्रीन सप्ताह' के रूप में मनाया जाए, जिसके अंतर्गत विद्यालयों, पंचायतों, कार्यालयों एवं सार्वजनिक स्थलों पर वृक्षारोपण, पर्यावरण शिक्षा, कचरा प्रबंधन एवं जागरूकता अभियान चलाए जाएं।

# पूर्व जिला पंचायत सदस्य के बेटे ने सुसाइड किया

## चंदौली में पिता की लाइसेंसी राइफल से सिर में गोली मारी, ग्रामीण बोले-पत्नी से अनबन थी

**चंदौली।** चंदौली में पूर्व जिला पंचायत सदस्य के बेटे ने आत्महत्या कर ली। घर के बरामदे में लाइसेंसी राइफल से खुद के सिर में गोली मार ली। घर वाले मंदिर गए थे। आवाज सुन कर आस-पास के लोग मौके पर पहुंचे। परिजनों को सूचना दी गई।
पिता घर पहुंचे तो बेटे को लेकर अस्पातल भागे। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। युवक की पहचान संदीप यादव (35) के रूप में हुई है। पूरा मामला सकलडीहा कोतवाली क्षेत्र के पचखरी गांव काह है।




### अब जाने क्या है पूरा मामला

पचखरी गांव में पूर्व जिला पंचायत सदस्य रमेश यादव (65) का परिवार रहता है। दो बार ग्राम प्रधान रह चुके हैं। उनके दो बेटे थे। प्रदीप (38) और संदीप (35)। दोनों की शादी हो चुकी है। घर में पत्नी सुदामी बहुओं के सात रहती है। प्रदीप कान्वेंट स्कूल चलाते है।
संदीप भी उसी स्कूल में पढ़ाता और देख रेख करता था। रमेश यादव भी स्कूल का काम देखते थे। साथ में खेती करते हैं। आज सुबह रमेश और उनका बड़ा बेटा प्रदीप स्कूल की तरफ गए थे। घर की औरतें सुबह मंदिर चली गईं। तभी घर पर संदीप ने घर में लाइसेंसी राइफल से खुद के सिर में गोली मार ली।

### हम घर से बाहर थे

मृतक के पिता रमेश ने बताया कि 2011 में वाराणसी के चौबेपुर थाना क्षेत्र के भगतुआ में संदीप की शादी दिव्या की। उसे एक बेटा यथार्थ (5) हुआ।
तीन पहले ही मेरी बहू मायके गई थी। मैं सुबह स्कूल की तरफ चला गया। घर में कोई नहीं था।
सिर्फ मेरा बेटा ही था। सुबह 7 बजे के लगभग उसने खुद को गोली मार ली। गोली की आवाज सुनकर आसपास के लोग पहुंचे। उन्होंने हमें सूचना दी। हम भाग कर घर पहुंचे। देख चारों तरफ खून बिखरा था। बेटे ने सिर में गोली मारी थी। संदीप को उठाकर अस्पताल लेकर भागे। जहां डॉक्टर ने देखते ही मृत घोषित कर दिया। हम शव घर लेकर पहुंचे। घटना से परिवार में कोहराम मच गया है। सुदामी और दिव्या का रो-रोकर बुरा हाल है। संदीप की पत्नी शव देखते ही बेहोश हो गई।

### पत्नी से नाराज होकर सुसाइड किया

ग्रामीणों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि संदीप का पत्नी दिव्या के साथ विवाद चला रहा था। जिसके कारण वह नाराज होकर दो दिन पहले बेटे को लेकर मायके चली गई थी। इसी वजह से गुस्से में संदीप खुद को गोली मार ली।
गोली की आवाज सुनकर हम मौके पर पहुंचे। देखा पूरा बरामदे में खून के छीटे पड़े थे। घर में कोई नहीं था। सूचना पर उनके पिता और भाई मौके पर पहुंचे। सीओ रघुराज राज ने बताया कि युवक ने आत्महत्या की है। सूचना पर हम मौके पर पहुंचे। पुलिस मामले की जांच कर रही है। आत्महत्या का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है।

# झांसी के होमगार्ड के बेटे की गोली मारकर हत्या

**दोस्त ने बताया था जालौन में एक्सीडेंट हुआ, पोस्टमार्टम में सिर में मिली बुलेट**

**झांसी।** झांसी के ट्रक ड्राइवर की जालौन में गोली मारकर हत्या कर दी गई। दो दिन पहले वह ट्रक लेकर कानपुर देहात से लौट रहा था। जालौन के एट बाइपास पर उसे गोली मार दी गई। साथी ड्राइवर ने बताया था- ट्रक का एक्सीडेंट हो गया। परिजन भरोसा कर इलाज करा रहे थे।
मौत होने के बाद आज मेडिकल कॉलेज में पोस्टमॉर्टम हुआ। मृतक के सिर में बुलेट मिली है। पुलिस ने साथी ड्राइवर को हिरासत में लिया है। उससे पूछताछ की जा रही है। मृतक का पिता झांसी में होमगार्ड हैं।

### दो भाइयों में बड़ा था धर्मेंद्र

झांसी के चिरगांव थाना क्षेत्र के करगुवा गांव निवासी धर्मेंद्र राजपूत (25) पुत्र मुरारी राजपूत ट्रक चलाता है। वह गिट्टी लेकर कानपुर देहात के मकनपुर गया था। गिट् ?टी उतारकर वह वापस झांसी स्थित क्रेशर पर आ रहा था। साथ में दूसरा ड्राइवर बरुआसागर के कोलबा गांव निवासी सतीश अहिरवार भी था।
पिता मुरारी ने बताया कि धर्मेंद्र दो भाइयों में बड़ा था, अभी उसकी शादी नहीं हुई थी। उससे बड़ी बहन विनीता की शादी हो चुकी है। छोटा भाई देवेंद्र काम करता है। धर्मेंद्र के पिता मुरारी होमगार्ड हैं और जिला चिकित्सालय में तैनात है।

### दोस्त ने कहा एक्सीडेंट हुआ है, सिर में मिली गोली

मृतक के चचेरे भाई मंगलसिंह राजपूत ने बताया कि 19 जुलाई की सुबह वे एट बाइपास पर पहुंचे। तब सतीश ने धर्मेंद्र के पिता मुरारी को फोन किया। उसने बताया कि ट्रक का एक्सीडेंट हो गया। जिसमें धर्मेंद्र गंभीर रुप से घायल हो गया है। उसे उरई मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया है। हम लोग वहां पहुंचे तो धर्मेंद्र को झांसी मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया। झांसी आकर हम लोगों ने धर्मेंद्र को निजी अस्पताल में भर्ती कराया।

## शार्ट न्यूज

### बीमार व्यक्ति की कुएं में डूबने से मौत



**प्रतापगढ़।** प्रतापगढ़ के फतनपुर थाना क्षेत्र में एक दुखद घटना सामने आई। धनऊपुर निवासी 55 वर्षीय रामयश गौतम की कुएं में डूबने से मौत हो गई। रामयश पिछले कई वर्षों से बीमार चल रहे थे। सोमवार को दोपहर लगभग 3 बजे वह अपने घर के सामने स्थित कुएं पर बैठे थे। कुछ देर बाद कुएं से गिरने की आवाज सुनाई दी। परिजन जब कुएं की तरफ पहुंचे तो देखा कि पानी हिल रहा था और रामयश कहीं नजर नहीं आ रहे थे। ग्रामीणों ने रस्सी के सहारे उन्हें निकालने का प्रयास किया। लेकिन सफल नहीं हुए। पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। आधे घंटे में पुलिस और 45 मिनट बाद फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची। पुलिस के प्रयास विफल रहने के बाद फायर ब्रिगेड ने कटिया और खांची की मदद से शव को बाहर निकाला। पुलिस ने शव को गौरा सीएचसी ले जाया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

### प्रयागराज में नर्सिंग छात्रा का शव मिला

**प्रयागराज।** प्रयागराज के नैनी में जाह्नवी अपार्टमेंट में सोमवार को एक नर्सिंग छात्रा का शव मिला। मृतका की पहचान मांडा थाना क्षेत्र के ऊंचडीह गांव निवासी दिलीप कुमार की 22 वर्षीय बेटी नूपुर के रूप में हुई है। नूपुर प्रयागराज के एक निजी कॉलेज में नर्सिंग की पढ़ाई कर रही थी। वह पिछले चार महीने से जाह्नवी अपार्टमेंट की चौथी मंजिल पर किराए के कमरे में अकेले रह रही थी। रुकमिणा नामक महिला के मकान को किराए पर लेकर सुनील सिंह ने नूपुर को कमरा दिया था। पड़ोसियों ने बताया कि नूपुर पिछले चार दिनों से दिखाई नहीं दी थी। रविवार शाम से कमरे से बदबू आ रही थी। सोमवार को बदबू तेज होने पर लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दरवाजा तोड़ा और शव को कब्जे में लिया। फोरेंसिक टीम ने कमरे की जांच की। मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस आत्महत्या और हत्या समेत सभी पहलुओं से मामले की जांच कर रही है। परिजनों को सूचना दे दी गई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### बरेली में युवक ने किया सुसाइड

**बरेली।** मेरे भाई की हत्या की गई है। हत्या करने के बाद इसे फांसी पर लटका दिया गया, ताकि मामला हत्या नहीं, आत्महत्या का लगे। मेरे भाई की उसकी पत्नी और प्रेमी ने हत्या की है। ये कहना है बरेली के महेंद्र का। बरेली के 42 साल के पप्पू ने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। उसका शव सोमवार सुबह घर में फांसी के फंदे पर झूलता मिला। पत्नी ने सुबह देखा कि उसका पति फांसी के फंदे पर लटका हुआ है, तो इसकी सूचना परिवार वालों को दी। जिसके बाद परिजन घर पर पहुंचे। पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव नीचे उतारा। मौके पर फील्ड यूनिट को भी बुलाया गया। फील्ड यूनिट ने मौके से सबूत जुटाए। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है। बिथरी चैनपुर थाना क्षेत्र के त्रिकोणीय गांव के रहने वाले पप्पू की शादी को 15 साल हो गए हैं। उसके दो लड़के हैं। महेंद्र का आरोप है कि पप्पू की पत्नी रानी का गांव के ही रामकुमार से 2 साल से प्रेम प्रसंग चल रहा था।

### लखीमपुर में 10 साल के बच्चे की हत्या

**लखीमपुर-खीरी।** लखीमपुर खीरी के निघासन कोतवाली क्षेत्र में रघुवर नगर में 10 वर्षीय बच्चे की हत्या के मामले में पुलिस द्वारा कोई गिरफ्तारी न होने से आक्रोशित परिवार ने कलेक्ट्रेट में आत्मदाह की कोशिश की। मृतक के पिता जमुना ने बताया कि उनका पुत्र पप्पू जमीनी रंजिश का शिकार हुआ। आरोपियों ने बच्चे की हत्या कर शव को केले के खेत में लगे बबूल के पेड़ पर टांग दिया था। प्रशासनिक अधिकारियों ने मामले में कई वादे किए थे। इनमें आरोपियों की संपत्ति की कुर्की, लेखपाल विद्योत्मा के खिलाफ कार्रवाई और हरिजन परिवारों की सुरक्षा शामिल थी। साथ ही सलीम, इरफत, जावेद, शमशेद, आदेश, अमन और मुमताज के बेटों मेराज अली व रियाज अली के खिलाफ कानूनी कार्रवाई का आश्वासन दिया गया था। वादे पूरे न होने से नाराज पीड़ित परिवार और ग्रामीण पेट्रोल लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचे। हालांकि, सुरक्षाकर्मियों ने समय रहते उनसे पेट्रोल छीन लिया और स्थिति को नियंत्रित किया। पीड़ित परिवार न्याय की मांग पर अड़ा हुआ है।

### मां ने 3 बच्चों के साथ जहर खाया: बेटे की मौत

**महराजगंज।** महराजगंज में मां ने तीन बच्चों के साथ जहर खा लिया। जिसके बाद रोड किनारे पड़ी महिला को काम कर रहे किसानों ने चारों को बेहोश हालत में देखा। सभी के मुंह से झाग निकल रहा था। किसानों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने चारों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। चिकित्सकों ने बेटे को मृत घोषित कर दिया। मां और दोनों बेटियों की हालत गंभीर होने के कारण उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। पूरा मामला कोल्हूई थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत परसौना का है। जानकारी के अनुसार, परसौना गांव में शिवकुमार साहनी अपने परिवार के साथ रहते है। जिसमें उनकी 38 वर्षीय पत्नी संध्या और एक 7 वर्षीय बेटे आदित्य, और दो बेटियां 12 वर्षीय बेटी निशा, 10 वर्षीय बेटी मनीषा साथ में रहती है। पति शिवकुमार साहनी बहुत शराब पीता है। जिसको लेकर पत्नी संध्या से साथ लंबे समय से विवाद चल रहा था। सोमवार को सुबह पति फिर से शराब पीकर घर पहुंचा।

### कांवड़ियों की सेवा कर रहे युवक को गोली मारी

**मेरठ।** मेरठ में सोमवार को दोपहर 12 बजे कांवड़ सेवा शिविर के बाहर खड़े व्यक्ति को दिनदहाड़े गोली मार दी गई। पड़ोसी व्यक्ति हाथ में हथियार लेकर आया और युवक पर फायरिंग कर दी। वहीं दिनदहाड़े कांवड़ यात्रा के दौरान हुई फायरिंग से इलाके में हड़कंप मच गया। घायल की हालत गंभीर है उसे अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। घायल सत्येंद्र पर आरोपी ने तीन राउंड फायरिंग की जिसमें एक गोली उसकी जांघ में लगी है। मामला इंचौली थाना क्षेत्र का है। यहां जलालपुर मार्ग पर कांवड़ सेवा शिविर लगा था। शिविर के बाहर सैनी गांव निवासी सत्येंद्र खड़ा था। वो कांवड़ियो की सेवा कर रहा था, तभी उसी के गांव में रहने वाला जयदीप मौके पर आया। जयदीप ने शिविर में आकर सत्येंद्र पर फायर कर दिया। गोली सत्येंद्र की जांघ में लगी और वो घायल होकर गिर पड़ा। आरोपी जयदीप मौके से फरार हो गया। घायल सत्येंद्र के 2 बेटे हैं। एक बेटा कांवड़ लेना गया है। दिनदहाड़े कांवड़ सेवा शिविर में गोली चलने से अफरा तफरी मच गई।

### महिला ने रिटायर्ड कर्मचारी के 30 लाख हड़पे

**लखनऊ।** लखनऊ के हुसैनगंज में एक माहिला ने अपनी बेटी के साथ मिलकर यूपी कॉमर्शियल टैक्स डिपार्टमेंट से रिटायर्ड कर्मचारी की संपत्ति हड़प ली। कर्मचारी के बीमार होने के दौरान शुभचिंतक बनकर करीबी बनाई। इसके बाद बैंक के रुपए सहित अन्य प्रापर्टी अपने नाम करा ली। जब पीड़ित ने विरोध किया तो झूठे रेप केस में फंसाने की धमकी देने लगी। पुलिस मामले की जांच कर रही है। हुसैनगंज निवासी कार्तिकेय मिश्रा यूपी कॉमर्शियल टैक्स डिपार्टमेंट से कम्प्यूटर आपरेटर ग्रेड-ए के पद से जुलाई 2024 को रिटायर्ड हुए थे। उन्होंने बताया कि 2020 में कोरोना से पीड़ित होने के कारण उनकी पत्नी की मौत हो चुकी है। उनकी एक बेटी है, जो शादी के बाद पति के साथ दिल्ली में रहती है। फरवरी 2024 को गंभीर रूप से लिवर सिरोसिस बीमारी हो गई। इलाज के लिए आयुष अस्पताल लालकुआं में भर्ती हुए थे। इस दौरान पूर्व परिचित संध्या देवी देख-रेख के लिए अस्पताल आती थी।

# पुलिस ने चोरी की तीन वारदातों का किया खुलासा : दो गिरफ्तार

**प्रयागराज।** प्रयागराज घूरपुर थाना पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने चोरी के तीन मामलों का पर्दाफाश करते हुए दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से चोरी की गई एक ई-रिक्शा, एक बैटरा, एक इनवर्टर, 11 मोबाइल फोन और ?8900 नगद बरामद किए गए हैं। गिरफ्तार अभियुक्तों में शिवम शर्मा निवासी बादलगंज थाना घूरपुर तथा शाहिल खान निवासी डीहवा कतईया थाना सराय अकील जनपद कौशाम्बी शामिल हैं। दोनों को 20 जुलाई की रात इरादतगंज फ्लाईओवर के पास से गिरफ्तार किया गया।
इनके विरुद्ध घूरपुर थाने में पहले से तीन मुकदमे दर्ज थे। पहला मामला 8 जुलाई की रात गौहनिया (आदित्यनगर) में एक महिला के घर से पर्स, जेवरात, 2000 व मोबाइल चोरी का था। दूसरा मामला 14 जुलाई को एक मकान से मोबाइल चोरी का है, जबकि तीसरा मामला 17-18 जुलाई की रात नैनी से ई-रिक्शा चोरी कर घूरपुर में एक दुकान से बैटरा, इनवर्टर और नकदी चोरी का है।
पूछताछ में अभियुक्तों ने कबूला कि वे रात्रि में सुनसान स्थानों को चिन्हित कर चोरी की वारदातों को अंजाम देते हैं और चोरी का सामान कबाड़ियों को बेचकर नशे की आदतें पूरी करते हैं। उन्होंने बताया कि नैनी से चोरी किया गया ई-रिक्शा उन्हीं वारदातों में उपयोग किया गया।

## समीक्षा अधिकारी की परीक्षा की तैयारी में जुटा प्रशासन

**आजमगढ़।** आजमगढ़ के डीएम रविंद्र कुमार की अध्यक्षता में आज नेहरू हाल के सभागार में 27 जुलाई को जनपद के 29 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित होने वाले समीक्षा की तैयारी को लेकर बैठक की गई। जिले में निष्पक्ष, शांतिपूर्वक एवं नक़ल विहीन संपन्न कराने के दृष्टिगत समस्त स्टैटिक/सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं केंद्र व्यवस्थापकों को पर्यवेक्षकों द्वारा प्रशिक्षण दिया गया।डीएम ने बताया कि 27 जुलाई को 2025 को पूर्वान्ह 9:30 बजे से 12:30 बजे तक जनपद के 29 परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी आदि (प्रारम्भिक) परीक्षा-2025 की परीक्षा में कुल 13296 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे।

# सहारनपुर में छात्र से 7 ने रेप किया

## किशोर क्रिकेट मैच में हार गया था 50 रुपए, वीडियो बनाया; एक महीने से कर रहे थे ब्लैकमेल

**सहारनपुर।** सहारनपुर में 7 दोस्तों ने 10वीं के दलित छात्र के साथ जंगल में कुकर्म किया। छात्र ने क्रिकेट मैच में 50 रुपए लगाए थे। वह मैच हार गया। पैसे न देने पर आरोपियों ने छात्र के साथ कुकर्म किया। इसका उन्होंने वीडियो बना लिया। फिर वीडियो वायरल करने की धमकी देकर एक महीने तक उसके साथ कुकर्म किया। किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। आरोपियों के डर और शोषण से वह डिप्रेशन में चला गया। परिजनों को शक हुआ तो उन्होंने पूछताछ की। इस पर छात्र ने सब सच बता दिया। पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी है। पुलिस ने आरोपियों पर केस दर्ज कर लिया है।




मामला मामला थाना रामपुर मनिहारान का है।

### क्रिकेट मैच में पैसे हार गया था छात्र

थाना रामपुर मनिहारान क्षेत्र के रहने वाले एक किशोर ने पुलिस को बताया कि मैं मोहल्ले के कुछ युवकों के साथ क्रिकेट खेलने जाता था। करीब एक महीने पहले क्रिकेट मैच में मैंने 50 रुपए लगाए थे। मगर मैं मैच हार गया। हार के बाद मेरे पास शर्त की पैसे देने के लिए पैसे नहीं थे। आरोपियों ने मुझसे पैसे मांगे। मैंने समय मांगा। मगर आरोपी उसे बहाने से जंगल ले गए। यहां पर उसके साथ मारपीट की और धमकी दी। आरोपियों ने मेरे कपड़े उतार दिए। मैंने विरोध किया तो उन्होंने मारपीट की। बताया कि एक आरोपी ने मेरे हाथ-पैर पकड़ लिए। तीसरे ने मेरा मुंह दबा दिया। इसके बाद दो लोगों ने मेरे साथ कुकर्म किया। इस दौरान आरोपियों ने मेरा वीडियो बना लिया। कुछ दिन बाद आरोपियों ने अपनी टीम के अन्य साथियों को भी मेरा वीडियो भेज दिया।

# डॉक्टरों की लापरवाही से 3 साल के बच्चे की मौत

## लखनऊ के निजी अस्पताल में ऑक्सीजन पाइप से फेफड़े में छेद हुआ

**लखनऊ।** लखनऊ के निजी अस्पताल में डॉक्टरों की लापरवाही से 3 साल के बच्चे की मौत हो गई। ऑक्सीजन सपोर्ट देने के लिए यूज की गई पाइप से बच्चे के फेफड़े में छेद हो गया था। परिजनों के मुताबिक करीब 5 दिन पहले बच्चे को खेलते खेलते अचानक चोट लग गई थी। जिसके बाद उसकी तबीयत बिगड़ गई थी।
बच्चे की पहचान जियान के रूप में हुई है। बच्चे को सांस लेने में तकलीफ थी। परिजनों ने उसे ठाकुरगंज के खोया मंडी के नजदीक निजी हॉस्पिटल में शुक्रवार को भर्ती कराया था।
बच्चे के चाचा शादाब ने बताया कि ऑक्सीजन हॉस्पिटल में डॉ. विनीत बच्चे को देख रहे थे। शुरुआत में जियान को फायदा हुआ। कुछ देर बाद अचानक से उसकी हालत बिगड़ गई।डॉक्टरों ने बोला था कि 50 हजार का इंजेक्शन लगेगा, जिससे बच्चे की हालत में सुधार होगा। इस पर हम लोगों ने इंजेक्शन के रेट कम करने की बात कही, 4 हजार का डिस्काउंट कराने के बाद 46 हजार का इंजेक्शन लगाया गया था।



### सुबह बच्चे की मौत की सूचना दी

उन्होंने बताया- इस बीच राहत देने के लिए ऑक्सीजन सपोर्ट देने की बात कही।
मुंह में ऑक्सीजन पाइप डालने के दौरान लंग्स डैमेज हो गए। अचानक से उसकी आंखें पलट गईं। कुछ ही देर में उसने दम तोड़ दिया। अस्पताल ने रात भर उसे आईसीयू में रखा। सोमवार सुबह मौत होने की पुष्टि की।

# जीआरपी पुलिस के हत्थे चढ़ा शातिर मोबाइल चोर

**ललितपुर।** जीआरपी पुलिस की संयुक्त टीम ने एक शातिर मोबाइल चोर को सोमवार को ललितपुर रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार किया है। तलाशी के दौरान आरोपित के पास से चोरी के तीन मोबाइल फोन बरामद किया गया है। पुलिस अधीक्षक रेलवे झांसी विपुल कुमार श्रीवास्तव द्वारा चलाये जा रहे अभियान चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति वस्तु एवं गिरफ्तारी व बरामदगी चोरी लूटी गयी संपत्ति के क्रम में पुलिस उपाधीक्षक रेलवे झाँसी सोहराब आलम के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना जीआरपी ललितपुर नवीन कुमार के नेतृत्व में थाना जीआरपी ललितपुर पुलिस द्वारा रेलवे स्टेशन ललितपुर से एक शातिर अपराधी को गिरफ्तार किया गया जिसके कब्जे से चोरी किये हुये 03 मोबाइल फोन बरामद हुये, जो कि थाना स्थानीय पर पंजीकृत अभियोगों से सम्बन्धित है। वैधानिक कार्यवाही करते हुये अभि0 को मान0 न्यायालय ललितपुर के समक्ष पेश किया जा रहा है। गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली टीम उ.नि. राजेश सिंह उ. नि. दिलीप कुमार हे. का. सरवन सिंह कां. एपी टिन्कू सिंह उ. नि. घनेन्द्र सिंह आरपीएफ हे.का. रमेश कुमार यादव आदि शामिल रहे।

# जनपद के 11 परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित होगी आरओ/ एआरओ परीक्षा




**ललितपुर।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग प्रयागराज द्वारा आयोजित समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी (प्रा0) परीक्षा जनपद में 27 जुलाई 2025 रविवार को शहर के 11 परीक्षा केन्द्रों पर एक पाली में प्रात: 9:30 बजे से अपराह्न 12:30 बजे तक सम्पन्न की जाएगी, इस महत्वपूर्ण परीक्षा को सकुशल, निष्पक्ष एवं सुचितापूर्ण सम्पन्न कराने के लिए जिलाधिकारी श्री अक्षय त्रिपाठी ने सेक्टर, स्टेटिक मजिस्ट्रेट केन्द्र व्यवस्थापक व सहायक केन्द्र व्यवस्थापकों को तैनात करते हुए सोमवार को कलैक्ट्रेट सभागार में बैठक की। उन्होंने सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टेटिक मजिस्ट्रेट और केन्द्र व्यवस्थापकों को निर्देश दिये कि वह अपने केन्द्रों का तत्काल भ्रमण करके परीक्षा सम्बन्धी मूलभत आवश्यकताओं का परीक्षण कर लें, परीक्षा केन्द्र के रूट का पूर्वाभ्यास कर लें तथा केन्द्रों पर परीक्षा कराये जाने के लिए आवश्यक संसाधनों यथा- फर्नीचर, विद्युत व्यवस्था, जनरेटर, शुद्ध पेयजल, महिला/पुरुषों हेतु पृथक-पृथक शौचालय, अभ्यर्थियों के सामान/इलेक्ट्रानिक सामान को सुरक्षित रखने के लिए 01 वैकल्पिक कक्ष की व्यवस्था, महिला अभ्यर्थियों की तलाशी के लिए महिला कोष्ठक स्थापित करने, प्रत्येक कक्ष/बरामदा/अन्य आवश्यक स्थानों पर सी0सी0टी0वी0/डी0वी0आर0 की व्यवस्था, प्रश्न पत्रों को सुरक्षित रखने के लिए स्ट्रांग रूम की व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं के सम्बन्ध में सुनिश्चित हो लें तथा किसी भी प्रकार की कमी होने पर उनका निराकरण करवाकर तथा केन्द्र का भली-भाँति निरीक्षण करके निरीक्षण आख्या जिला विद्यालय निरीक्षक, ललितपुर को दिनांक 24.07.2025 तक उपलब्ध करा दें।

## नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी को 20 साल की सजा

**औरैया।** औरैया में विशेष पॉक्सो कोर्ट ने नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में सोमवार को फैसला सुनाया। कोर्ट ने दोषी अरविंद कुमार को 20 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई। साथ ही 40 हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया है। थाना कुदरकोट क्षेत्र में 29 नवंबर 2022 को यह घटना हुई थी। अरविंद कुमार अपनी बहन की ससुराल आया था। उसने 14 वर्षीय पीड़िता को कानपुर में उसके बीमार मामा से मिलवाने का झांसा दिया। आरोपी ने पीड़िता पर शादी का दबाव बनाया। मना करने पर उसने पीड़िता से दुष्कर्म किया। अगले दिन उसने पीड़िता को बिधूना चौराहे के पास छोड़ दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोप पत्र न्यायालय में पेश किया। विशेष लोक अभियोजक पाक्सो मृदुल मिश्र ने दोषी को कड़ी सजा देने का पक्ष रखा। दोनों पक्षों की सुनवाई के बाद कोर्ट ने फैसला सुनाया। अर्थदंड न देने पर दोषी को अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। कोर्ट ने जुर्माने की 20 हजार रुपये की राशि पीड़िता को देने का आदेश दिया है। दोषी को जिला कारागार इटावा भेज दिया गया है।

# उज्जवल भविष्य के लिए बड़े सपने देखें छात्र : उप राज्यपाल विनय कुमार सक्सेना

**महाराजा मर्दन सिंह इण्टर कॉलेज को डिग्री कॉलेज बनाने के लिए स्वयं सरकार से बात करेंगे महामहिम**

**ललितपुर।** जनपद की भूमि से शिक्षित हुए महामहिम उप राज्यपाल, दिल्ली सरकार विनय कुमार सक्सेना ने सोमवार को सपरिवार ललितपुर का भ्रमण किया, जिसके तहत उन्होंने तालबेहट स्थित महाराजा मर्दन सिंह इंटर कॉलेज में आयोजित सम्मान/स्वागत कार्यक्रम में प्रतिभाग कर सेवानिवृत्त हुए शिक्षकगणों, विद्यालय प्रबंध्यान समिति के सदस्यों व नगर के अन्य गणमान्य नागरिकों को प्रशस्ति पत्र व सॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। कॉलेज परिसर में मा.राज्यमंत्री मनोहर लाल पंथ, मा. सदर विधायक रामरतन कुशवाहा, मा. जिलाध्यक्ष भाजपा श्री हरीशचन्द्र रावत, मा. ब्लॉक प्रमुख तालबेहट विजय सिंह, मा.अध्यक्ष नगर पंचायत तालबेहट पुनीत सिंह परिहार सहित अन्य जनप्रतिनिधियों एवं जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने महामहिम उप राज्यपाल एवं उनकी धर्मपत्नी श्रीमती संगीता सक्सेना का बुके भेंट कर स्वागत किया, इसके पश्चात महामहिम उपराज्यपाल ने परिवार सहित परिसर में वृक्षारोपण किया और विद्यालय के संस्थापक कीर्तिशेष पं0 श्री सुदामा प्रसाद गोस्वामी एवं संस्थापक प्रधानाचार्य पं0 श्री राम कुमार त्रिपाठी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किये।




इस अवसर पर सुरेन्द्र सिंह आईएएस, सचिव उपराज्यपाल, श्रीमती ईशा खोसला आईएएस, विशेष सचिव उपराज्यपाल, श्रीमती सोनिका सिंह आईएएस, विशेष सचिव-सह-निजी उपराज्यपाल उपस्थित रहे। महामहिम ने माँ सरस्वती जी के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर कार्य्रकम को सम्बोधित करते हुए कहा कि उन्होंने 1975 में इसी कॉलेज में शिक्षा गृहण की और यहां एक छात्र संघ की स्थापना की। बाद में वे इसके महासचिव चुने गए। इसके बाद 1981 में कानपुर विश्वविद्यालय से स्नातक होने के बाद, उन्होंने पायलट लाइसेंस प्राप्त किया और 23 मई 2022 को उन्हें महामहिम राष्ट्रपति द्वारा राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली का उपराज्यपाल नियुक्त किया गया। उन्होंने कहा कि आज यहां आकर उनकी सभी यादें ताजा हो गई हैं, विद्यालय में बिताया हुआ हरेक पल उन्हें आज याद आ रहा है। आज पुराने साथी और हमारे अध्यापकगणों से मिलने का मौका मिला, उनका सम्मान करने का मौका मिला। आज जो खुशी का मौका मिला है उसे शब्दों में बयान नहीं किया जा सकता।

# ट्रंप की धमकी का असर: यूक्रेन से शांति वार्ता करने को तैयार हुए पुतिन

**वाशिंगटन (एजेंसी)।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को 50 दिन का अल्टीमेटम दिया था। रूस ने पहले बयान दिया कि उसे ट्रंप की धमकियों की परवाह नहीं, लेकिन अब वो दबाव में है। रूस ने रविवार को कहा है कि पुतिन यूक्रेन संकट का शांतिपूर्ण समाधान चाहते हैं, लेकिन हम अपने लक्ष्यों से पीछे नहीं हटेंगे। ट्रंप ने चेतावनी दी थी कि यदि रूस 50 दिनों के भीतर युद्धविराम पर सहमत नहीं होता है, तो अमेरिका और सख्त प्रतिबंध लगाएगा। क्रेमलिन ने कहा कि रूस अपने हितों की रक्षा करना जारी रखेगा और पश्चिमी दबाव में नहीं आएगा। क्रेमलिन प्रवक्ता ने आगे कहा कि दुनिया अब ट्रंप की कभी-कभार कठोर बयानबाजी की अभ्यस्त हो चुकी है, लेकिन यह भी सच है कि ट्रंप ने रूस को लेकर हालिया बयानों में शांति समझौते की संभावनाओं को खुला रखा है। क्रेमलिन ने कहा कि रूस बातचीत से इनकार नहीं कर रहा,



लेकिन यूक्रेन और उसके पश्चिमी साझेदारों का आरोप है कि मॉस्को जानबूझकर शांति वार्ताओं में बाधा डाल रहा है। इस बीच, रूस ने यूक्रेनी शहरों पर लंबी दूरी से ड्रोन हमलों को तेज कर दिया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, हाल ही में एक रात में रूस ने जितने ड्रोन छोड़े, वह 2024 के कई महीनों के कुल हमलों से अधिक थे। रूस ने एक बार फिर यूक्रेन युद्ध पर अपनी स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा कि राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन शांति वार्ता के लिए तैयार है, लेकिन रूस अपने रणनीतिक लक्ष्यों से पीछे नहीं हटेगा। क्रेमलिन प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने रविवार को कहा, शांति संभव है, लेकिन हमारे लक्ष्य सर्वोपरि हैं। यह बयान ट्रंप द्वारा रूस को 50 दिनों की डेडलाइन दिए जाने के कुछ ही दिन बाद आया है। यूक्रेन पर रूस का हमला फरवरी 2022 में शुरू हुआ था और तब से दोनों देशों के बीच जारी युद्ध में लाखों जानें जा चुकी हैं। अमेरिका और पश्चिमी देशों द्वारा यूक्रेन को लगातार सैन्य मदद दिए जाने के बावजूद रूस ने कई इलाकों पर कब्जा बनाए रखा है। अब जब ट्रंप फिर से सख्ती के साथ सामने आए हैं और पुतिन शांति के संकेत दे रहे हैं, ऐसे में वैश्विक कूटनीति एक नए मोड़ पर है।

## विमानन समझौते के उल्लंघन पर अमेरिका ने मेक्सिको की उड़ानों पर लगाया बैन

वॉशिंगटन। अमेरिका ने मेक्सिको पर द्विपक्षीय विमानन समझौते के उल्लंघन का आरोप लगाते हुए उसकी उड़ानों पर नए प्रतिबंधों की घोषणा की है। अमेरिकी परिवहन विभाग ने कहा कि मेक्सिको 2022 से अमेरिका-मेक्सिको एयर ट्रांसपोर्ट एग्रीमेंट का पालन नहीं कर रहा है। विभाग के मुताबिक मेक्सिको सरकार ने अचानक स्लॉट रद्द कर दिए और अमेरिकी मालवाहक विमानों को राजधानी के मुख्य हवाई अड्डे से हटाकर नए हवाई अड्डे पर ले जाने के लिए मजबूर किया। मेक्सिको के तत्कालीन राष्ट्रपति आंद्रेस मैनुअल लोपेज़ ओब्रादोर ने इसे 2026 फीफा वर्ल्ड कप की तैयारियों के मद्देनजर जरूरी बताया था। अमेरिकी परिवहन सचिव ने तीन 'अमेरिका फर्स्ट' उपायों की घोषणा की। इसके तहत कहा गया कि सभी मेक्सिकन एयरलाइनों को अमेरिका में अपनी उड़ानों का शेड्यूल परिवहन विभाग को देना होगा। कोई भी बड़ा यात्री या मालवाहक चार्टर विमान अमेरिका से आने-जाने से पहले विभाग की अनुमति लेनी होगी। साथ ही डेल्टा एयरलाइंस और एरोमैक्सिको की साझेदारी से एंटीट्रस्ट छूट वापस ली जा सकती है। डेल्टा और एरोमैक्सिको ने 2016 में साझेदारी की थी और वे इस फैसले का विरोध कर रहे हैं। कंपनियों ने तर्क दिया है कि सरकार की कार्रवाई की सजा उन्हें नहीं दी जानी चाहिए, क्योंकि इससे दो दर्जन रूट प्रभावित होंगे और करीब 800 मिलियन डॉलर की उपभोक्ता बचत पर असर पड़ेगा। विभाग ने चेतावनी दी है कि यदि मेक्सिको ने सुधारात्मक कदम नहीं उठाए तो उसकी उड़ानों को मंजूरी देने से इंकार किया जा सकता है। मेक्सिको सालों से अमेरिकी पर्यटकों का शीर्ष अंतरराष्ट्रीय स्थल रहा है। 2024 में वहां 4.5 करोड़ से ज्यादा विदेशी पर्यटक पहुंचे थे।

## तीन लोगों के डीएनए से पैदा हुआ बच्चा... ब्रिटेन में उठने लगे सवाल

लंदन (एजेंसी) ।मानव सभ्यता को आगे बढ़ाने और बेहतर बनाने के लिए मेडीकल जगत में रोज नए प्रयोग होते रहते हैं। इसी कड़ी में ब्रिटेन ने भी आज से दस साल पहले माइटोकॉन्ड्रियल दान को वैध किया था। इस नियम के बनने के सालों बाद इसके नतीजे सामने आए हैं। इस उच्च स्तरीय तकनीक के जरिए मानवीय डीएनए में आई खराबी को आगे बढ़ने से रोकना सबसे बड़ी चुनौती थी। अब डॉक्टरों ने शोध के नतीजे प्रकाशित किए हैं। रिपोट्र्स के मुताबिक इस तीन माता-पिता वाले शिशु की तकनीक से अभी तक आठ बच्चे पैदा किए जा चुके हैं, खुशी की बात यह है कि यह आठों ही अभी स्वस्थ हैं। दो शोध पत्रों के मुताबिक सरकार से अनुमति मिलने के बाद इसका प्रयोग 22 महिलाओं के डीएनए के लिए किया गया। यह वह महिलाएं थी जिनका जीन परेशानी खड़ा करने वाला था। यानी इनके जीन को लेकर अगर बच्चा पैदा होता, तब वह गंभीर अनुवांशिक विकार यार जन्मजात विकलांगता के साथ पैदा होता। इन महिलाओं के जीन में लेह सिंड्रोम भी उपस्थित था। इस तकनीक में तीन लोगों के डीएनए का उपयोग करके एक भ्रूण का निर्माण हुआ है। इसमें होने वाले माता पिता के न्यूक्लियर डीएनए को लिया गया और डोनर एक से स्वस्थ माइटोकॉन्ड्रियल डीएनए को लिया गया। बता दें कि एक बच्चे के माइटोकॉन्ड्रिया के निर्माण के लिए उसकी माता ही जिम्मेदार होती है। इसके बाद अगर माता किसी बीमारी से ग्रसित है, तब बच्चा भी उसी परेशानी के साथ पैदा हो सकता है। ऐसी स्थिति में यहां पर किसी दूसरी महिला के अंड़े से माइटोकॉन्ड्रियल डीएनए लिया गया। इसके बाद इन तीनों को निषेचित करके भ्रूण का निर्माण किया गया। 2015 में जब ब्रिटेन की संसद से माइटोकॉन्ड्रियल दान के बारे में बहस की जा रही थी। तब इसकी प्रक्रिया और प्रभावशीलता के बारे में कई सवाल उठे थे। हालांकि बाद में संसद से मंजूरी मिल गई थी। हालांकि अब जबकि रिपोर्ट सामने आ गई है, तब इसके बाद भी ब्रिटिश मीडिया में सवाल उठ रहे हैं। सबसे बड़ा सवाल यही है कि अगर यह तकनीक सफल हो गई थी तो अभी तक इसके बारे में सार्वजनिक रूप से क्यों नहीं बताया गया, जबकि इसमें बहुत बड़ा वित्तीय निवेश किया गया था।

## चेन पहने खड़े शख्स को एमआरआई मशीन ने खींचा, गंभीर रुप से घायल, इलाज के दौरान मौत


वाशिंगटन (एजेंसी)। न्यूयॉर्क के लॉन्ग आइलैंड स्थित एक मेडिकल सेंटर में एक डरावनी घटना घटी। इस घटना से मेडिकल प्रोटोकॉल पर कई सवाल खड़े हो गए हैं। 61 साल के एक बुजुर्ग शख्स को एमआरआई मशीन ने इतनी जोर से खींच लिया कि वह बुरी तरह घायल हो गया। एक दिन बाद उसकी मौत हो गई। हादसा वेस्टबरी के ओल्ड कंट्री रोड पर स्थित नैसाउ ओपन एमआरआई सेंटर में हुआ। रिपोट्र्स के मुताबिक, एमआरआई मशीन जब एक स्कैन कर रही थी, तभी वह शख्स कमरे में दाखिल हुआ। गले में उसने धातु की मोटी चेन पहन रखी थी। मशीन में लगे बेहद ताकतवर चुंबक ने उसे अपनी तरफ खींच लिया और वह जोर से मशीन की और खिंच गया। पुलिस ने बताया कि इस टक्कर से उस व्यक्ति की हालत गंभीर हो गई और उसे पास के अस्पताल में फौरन भर्ती कराया गया। हालांकि, यह साफ नहीं हो पाया है कि वह व्यक्ति सेंटर में मरीज था या किसी और वजह से एमआरआई रूम में घुसा। हादसे के बाद सेंटर से 911 पर कॉल कर पुलिस को बुलाया गया। अब इस मामले की जांच की जा रही है कि ऐसा गंभीर हादसा कैसे हुआ और भविष्य में इससे बचने के लिए क्या कदम उठाए जा सकते हैं। सोशल मीडिया पर इस घटना को लेकर लोग काफी हैरान हैं। एक यूज़र ने लिखा, एमआरआई रूम का दरवाजा तो लॉक होना चाहिए जब मशीन ऑन हो। क्या वह किसी और के स्कैन के दौरान अंदर चला गया? वहीं दूसरे ने पूछा, 'जो मरीज उस वक्त मशीन में था, उसका क्या हुआ?' कई यूजर्स ने इसे 'क्रेजी इंसिडेंट' बताया, और कुछ ने लिखा, मशीन का मैग्नेट तो हमेशा ऑन रहता है, भले ही स्कैनिंग न हो रही हो।

## मलेशिया में छात्र वीजा पर आए पाकिस्तानी युवक... चौराहों और अन्य सार्वजनिक जगहों पर मांग रहे भीख

### लोगों ने शिकायत की भीख ना मिलने पर लड़ाई झगड़ा करने लगते

क्वालालंपुर(एजेंसी)। मलेशिया में चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां पढ़ाई के नाम पर छात्र वीजा लेकर आए 80 विदेशी लड़कों को भीख मांगते हुए पकड़ा गया। मलेशियाई पुलिस ने इन सभी को अलग-अलग स्थानों से छापेमारी कर गिरफ्तार किया है। दिलचस्प बात ये है कि इन 80 लोगों में से इनमें से 77 युवक पाकिस्तान के हैं, जबकि 3 बांग्लादेशी मूल के हैं। मलेशिया पुलिस को चौराहों और अन्य सार्वजनिक जगहों से शिकायतें मिली थी कि अनेक नौजवान भीख मांगने का काम कर रहे हैं और भीख ना मिलने पर लड़ाई झगड़ा करने लगाते हैं। सूचना के आधार पर मलेशिया पुलिस ने एक साथ अनेक जगहों पर छापेमारी कर इन युवकों को गिरफ्तार किया। इन्होंने छात्र वीजा पर मलेशिया में प्रवेश लिया था लेकिन ये किसी भी कॉलेज में पढ़ते नहीं थे। दिलचस्प है कि पुलिस की जांच पकड़े गए कुछ युवकों ने मलेशिया पुलिस को गुमराह करने का प्रयास किया कि वह यहां पढ़ने के लिए आए हैं और उनके पास बाकायदा स्टूडेंट वीजा भी है। मलेशिया पुलिस ने जब इसतरह के स्टूडेंट वीजा की जांच शुरू की, तब सामने आया कि ये लोग आए स्टूडेंट वीजा पर थे, लेकिन कहीं भी पढ़ाई नहीं कर रहे थे। पढ़ाई की जगह ये लोग भीख मांगने का काम करते थे। पुलिस ने बताया कि पकड़े गए 80 लोगों में से 77 लोग पाकिस्तानी मूल के और 3 लोग बांग्लादेशी मूल के हैं। इन सभी को उनके देश वापस भेजने की तैयारी है। आपको याद दिला दें कि इसके पहले भी खाड़ी देशों ने ये बात उजागर की थी कि पाकिस्तान से लोग वहां आकर भीख मांगने का काम करते हैं।

## बांग्लादेश में बड़ा हादसा: माइलस्टोन कॉलेज पर गिरा वायुसेना का ट्रेनर विमान



**ढाका (एजेंसी)।** बांग्लादेश की राजधानी ढाका सोमवार दोपहर एक बड़े विमान हादसे से दहल उठी। बांग्लादेश वायु सेना का एक एफ-7 ट्रेनर एयरक्राफ्ट उत्तरी इलाके में स्थित माइलस्टोन कॉलेज के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया। यह हादसा दोपहर लगभग 1:30 बजे (स्थानीय समयानुसार) दियाबारी क्षेत्र में हुआ, जो भारतीय समयानुसार करीब 1ः00 बजे था।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, विमान तेज आवाज के साथ कॉलेज कैंपस के समीप गिरा, जिससे आसपास के इलाकों में अफरा-तफरी मच गई। घनी आबादी वाले इस क्षेत्र में कई लोग घायल हुए हैं और कुछ के मारे जाने की आशंका जताई जा रही है। हालांकि, अधिकारिक तौर पर अभी हताहतों की संख्या की पुष्टि नहीं हुई है। हजरत शाहजलाल इंटरनेशनल एयरपोर्ट के एक वरिष्ठ अधिकारी ने हादसे की पुष्टि करते हुए बताया कि बचाव दल मौके पर पहुंच चुका है और राहत कार्य जारी हैं। फिलहाल क्रैश के कारणों की जांच की जा रही है, और अधिकारियों का कहना है कि जल्दी ही दुर्घटना की विस्तृत रिपोर्ट जारी की जाएगी।

### नवोदित पायलट करते हैं इसका इस्तेमाल

वायुसेना के जिस एफ-7 ट्रेनर एयरक्राफ्ट से यह हादसा हुआ, वह नवोदित पायलटों को प्रशिक्षण देने के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला विमान है। यह विमान चीनी तकनीक पर आधारित है और लंबे समय से बांग्लादेश वायु सेना के प्रशिक्षण बेड़े में शामिल है। घटना के समय कॉलेज और आसपास के क्षेत्र में काफी हलचल थी, ऐसे में नुकसान की आशंका ज्यादा जताई जा रही है।

## नेतन्याहू पागल हैं वह किसी की नहीं सुनता बस मनमानी कर रहा

### -सीरिया पर हमले से ट्रंप प्रशासन नाराज कहा- ट्रंप की रणनीति कर रहे चौपट

**वॉशिंगटन (एजेंसी)।** इजराइल के सीरिया में लगातार सैन्य हमलों से अमेरिका का ट्रंप प्रशासन नाराज और बेचैन है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक व्हाइट हाउस के वरिष्ठ अधिकारियों ने नेतन्याहू की सैन्य रणनीति को गैरजिम्मेदार और आक्रामक बताया है। एक शीर्ष अधिकारी ने बताया कि इजराइी पीएम नेतन्याहू पागलों की तरह बर्ताव कर रहे हैं। वह हर चीज पर बम गिराते हैं। इससे ट्रंप की रणनीति चौपट हो रही है।

रिपोर्ट में छह अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से बताया गया कि इजराइल की हालिया सैन्य कार्रवाइयों ने सीरिया संकट को और जटिल बना दिया है। ट्रंप ने भले ही सार्वजनिक रूप से नेतन्याहू की आलोचना नहीं की हो, लेकिन अंदर ही अंदर असहमति बढ़ती जा रही है। एक अन्य अधिकारी ने बताया कि हर दिन कोई नया बवाल हो जाता है। व्हाइट हाउस इस 'डेली ड्रामे' से तंग आ चुका है।

गाजा में एक चर्च पर इजराइली बमबारी के बाद राष्ट्रपति ट्रंप ने खुद नेतन्याहू को फोन कर स्पष्टीकरण मांगा था। व्हाइट हाउस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने नेतन्याहू की तुलना ऐसे बच्चे से की जो किसी की बात नहीं सुनता और अपनी मनमानी करता है। यह विवाद तब और गहरा गया जब इजराइल ने सीरिया के सुवैदा इलाके में बमबारी की। इजराइल का दावा है कि सीरियाई सेना डिमिलिट्राइज्ड जोन में घुस आई थी और उसने ड्रूज समुदाय पर हमला किया। सीरिया ने इस आरोप को खारिज कर दिया। माना जा रहा है कि नेतन्याहू के इस रवैये से अमेरिका और इजराइल के बीच रिश्तों में तनाव बढ़ सकता है।



## भारत-बांग्लादेश के लिए मुसीबत, ब्रह्मपुत्र नदी पर बनने लगा दुनिया का सबसे बड़ा बांध

**बीजिंग (एजेंसी)।** चीन ने भारतीय सीमा के निकट तिब्बत में ब्रह्मपुत्र नदी पर 167.8 अरब डॉलर की लागत से बांध का निर्माण औपचारिक रूप से शुरू कर दिया। सरकारी मीडिया की खबर के अनुसार, चीन के प्रधानमंत्री ली कियांग ने न्यिंगची शहर में ब्रह्मपुत्र नदी के निचले क्षेत्र, जिसे स्थानीय रूप से यारलुंग जांगबो के नाम से जाना जाता है, में आयोजित समारोह में बांध के निर्माण कार्य के शुरू होने की घोषणा की।

खबर के अनुसार यह समारोह तिब्बत स्वायत्त क्षेत्र के न्यिंगची मेनलिंग जलविद्युत स्टेशन के बांध स्थल पर आयोजित हुआ। दुनिया की सबसे बड़ी बुनियादी ढांचा परियोजना मानी जाने वाली इस जलविद्युत परियोजना ने भारत और बांग्लादेश में चिंता पैदा कर दी है।इस परियोजना में पांच जलविद्युत स्टेशन शामिल होंगे। वर्ष 2023



की एक रिपोर्ट के अनुसार, जल विद्युत स्टेशन से प्रत्येक वर्ष 300 अरब किलोवाट घंटे से अधिक बिजली उत्पन्न होने की उम्मीद है। रिपोर्ट के अनुसार राष्ट्रीय विकास एवं सुधार आयोग और चीन के विद्युत निर्माण निगम समेत विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों और स्थानीय लोगों ने समारोह में हिस्सा लिया।

अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने कुछ दिनों पहले ही कहा था कि राज्य की सीमा के निकट चीन द्वारा बनाया जा रहा विशाल बांध एक 'वॉटर बम' होगा और यह सैन्य खतरे के अलावा, किसी भी अन्य समस्या से कहीं ज्यादा बड़ा मुद्दा है। खांडू ने इंटरव्यू में कहा था कि यारलुंग सांगपो नदी पर दुनिया की सबसे बड़ी बांध परियोजना गंभीर चिंता का विषय है क्योंकि चीन ने अंतरराष्ट्रीय जल संधि पर हस्ताक्षर नहीं किए हैं, जो उसे अंतरराष्ट्रीय मानदंडों का पालन करने के लिए मजबूर कर सकती थी। ब्रह्मपुत्र नदी को तिब्बत में यारलुंग सांगपो नाम से जाना जाता है। खांडू ने कहा था, मुद्दा यह है कि चीन पर भरोसा नहीं किया जा सकता। कोई नहीं जानता कि वे कब क्या करेंगे। उन्होंने कहा, चीन से सैन्य खतरे के अलावा, मुझे लगता है कि यह किसी भी अन्य समस्या से कहीं ज्यादा बड़ा मुद्दा है। यह हमारी जनजातियों और हमारी आजीविका के लिए अस्तित्व का खतरा पैदा करने वाला है। यह काफी गंभीर मुद्दा है क्योंकि चीन इसका इस्तेमाल एक तरह के 'वॉटर बम' के रूप में भी कर सकता है।

## जापान के पीएम शिगेरू इशिबा सदन में नहीं कर पाई बहुमत हासिल

### – हार के बाद अल्पमत में आने के बाद इस्तीफा देने को तैयार नहीं

**टोक्यो (एजेंसी)।** जापान के पीएम शिगेरू इशिबा की सत्तारूढ़ गठबंधन सरकार 248 सीटों वाले ऊपरी सदन में बहुमत हासिल नहीं कर पाई है। इशिबा की लिबरल डेमोक्रेटिक पार्ट और उसकी जूनियर पार्टनर कोमेटो को बहुमत हासिल करने के लिए 50 अतिरिक्त सीटों की जरूरत थी, जबकि उनके पास पहले से ही 75 सीटें थीं। गठबंधन ने केवल 47 सीटें ही हासिल की, जो बहुमत से कम है। हार के बाद शिगेरू इशिबा का कहना है कि वह इस्तीफा नहीं देंगी।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक एक दक्षिणपंथी पॉपुलिस्ट पार्टी ने इशिबा की हार हो माता दी है, जिसने उनके नेतृत्व के भविष्य को अनिश्चितता में डाल दिया है। पिछले साल अक्टूबर में जापान के निचले सदन में बहुमत खोने के बाद, इशिबा के गठबंधन को ऊपरी सदन में भी हार का सामना करना पड़ा था। यह 1955 में एलडीपी की स्थापना के बाद पहली बार है, जब उनके पास दोनों सदनों का नियंत्रण नहीं है।

अल्पमत में आने के बावजूद इशिबा ने पद पर बने रहने और अमेरिकी टैरिफ दबाव जैसे मुद्दों को संबोधित करने का वादा किया। हालांकि अब उन्हें या तो इस्तीफा देने या नए गठबंधन साथी की तलाश करने के लिए आंतरिक दबाव का सामना करना पड़ रहा है। बता दें रविवार को मतदान खत्म होने के बाद परिणाम पर प्रतिक्रिया देते हुए इशिबा ने कहा था कि उन्होंने इस मुश्किल नतीजे को स्वीकार किया है। हालांकि उन्होंने इस्तीफा देने के बारे में कुछ न कहते हुए अमेरिका के साथ टैरिफ वार्ता के बारे में बताना शुरू कर दिया। इसके साथ ही वे जापान के राष्ट्रीय हित सुरक्षित करने की बात कहते नजर आए हैं।

लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी (एलडीपी) और उसके सहयोगी कोमेटो ने रविवार को हुए चुनाव में 125 में से केवल 47 सीटें जीतीं, जो बहुमत के लिए जरुरी 50 सीटों से कम हैं। मतदाताओं ने बढ़ती कीमतों और अमेरिकी टैरिफ के खतरे पर नाराजगी जताई और दक्षिणपंथी पार्टियों की ओर रुख किया। दूर-दक्षिणपंथी सैंसेइतो पार्टी ने 14 सीटें जीतीं, जो



पहले केवल एक सीट थी, जिससे उसे ऊपरी सदन में अहम उपस्थिति मिली। केंद्र-दक्षिणपंथी डेमोक्रेटिक पार्टी ने 22 सीटें जीतीं वहीं केंद्र-वाम मुख्य विपक्षी संवैधानिक डेमोक्रेटिक पार्टी ने 37 सीटें जीतीं।

इशिबा से पहले तीन एलडीपी प्रधानमंत्री ऊपरी सदन में बहुमत खोने के दो महीने के भीतर इस्तीफा दे चुके हैं। अगर इशिबा जाते हैं, तो यह स्पष्ट नहीं है कि अब कौन उनकी जगह लेगा, क्योंकि सरकार को कानून पारित करने के लिए दोनों सदनों में विपक्ष का समर्थन चाहिए। इशिबा अपनी ही पार्टी में कभी लोकप्रिय नहीं रहे, वहीं मतदाता भी एलडीपी के हाल के कुछ सालों में घोटालों की वजह से नाराज हैं।

## अगर अमेरिकी डॉलर ने दर्जा खोया, तो यह विश्व युद्ध हारने जैसा होगा

### -डॉलर की वैश्विक स्थिति को लेकर ट्रंप चिंतित, ब्रिक्स देशों को दे रहे धमकी

**वाशिंगटन (एजेंसी)।** अमेरिकी डॉलर की वैश्विक स्थिति को लेकर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की चिंता बढ़ती जा रही है। ब्रिक्स देशों की ओर से डॉलर के वर्चस्व को चुनौती देने की कोशिशों के बीच ट्रंप ने कहा है कि अगर अमेरिकी डॉलर अपना रिजर्व करेंसी का दर्जा खो देता है, तो यह अमेरिका के लिए एक विश्व युद्ध हारने जैसा होगा। एक अगस्त से अमेरिका द्वारा लागू किए जाने वाले रेसिप्रोकल टैरिफ को लेकर ट्रंप पहले ही जापान, ब्राजील, साउथ कोरिया, इंडोनेशिया सहित कई देशों के खिलाफ सख्त रुख अपना चुके हैं।

अब ट्रंप ने ब्रिक्स देशों को भी चेतावनी दी गई है कि यदि वे डी-डॉलरीकरण की दिशा में आगे बढ़ते हैं तो उन पर अलग से टैरिफ लगाया जा सकता है। ट्रंप ने कहा कि डॉलर का वैश्विक प्रभुत्व समाप्त हुआ तो अमेरिका पहले जैसा देश नहीं रहेगा।



ब्रिक्स देश ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका मिलकर स्विफ्ट सिस्टम का विकल्प तैयार करने और स्थायी ब्रिक्स करेंसी लाने की तैयारी कर रहे हैं। कई सदस्य देश डॉलर की जगह घरेलू मुद्राओं में व्यापार को प्राथमिकता दे रहे हैं।

डॉलर जो 1944 से दुनिया की प्रमुख आरक्षित मुद्रा रहा है, आज भी करीब 90फसदी अंतरराष्ट्रीय मुद्रा लेन-देन का हिस्सा है, लेकिन अब स्थिति बदल रही है। कई देशों के केंद्रीय बैंक गोल्ड रिजर्व बढ़ा रहे हैं और अमेरिकी ट्रेजरी होल्डिंग्स में कटौती कर रहे हैं। वर्ष 2025 की शुरुआत से ही डॉलर 10फीसदी से ज्यादा गिर चुका है और इसका असर अमेरिकी बाजारों और वैश्विक अर्थव्यवस्था पर दिख रहा है। अमेरिकी डॉलर इंडेक्स इस साल 97.48 तक गिरा, जो पिछले साल के आखिर में 109 के पार था।

विशेषज्ञों के मुताबिक डॉलर में 1973 के बाद की सबसे बड़ी गिरावट मानी जा रही है। ट्रंप प्रशासन की टैरिफ नीति को लेकर एक रिपोर्ट में कहा गया है कि इससे वैश्विक विकास में बाधा आ सकती है और महंगाई के साथ मंदी की आशंका भी बढ़ सकती है। भले ही विशेषज्ञ अभी डॉलर के पतन की भविष्यवाणी करने से बच रहे हैं, लेकिन यह साफ है कि दुनिया में मौजूदा फाइनेंशियल ऑर्डर बदलने की दिशा में हलचल तेज हो गई है। ट्रंप की बढ़ती बेचैनी इस बदलाव के संकेत हैं, जो आने वाले समय में अमेरिका की आर्थिक और राजनीतिक स्थिति पर असर डाल सकते हैं।

## पाकिस्तानी फौज की करतूत, लापता हजारों बलोच, इस्लामाबाद में सड़कों पर शुरू हुआ भीषण विरोध

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** राजधानी में ज़बरदस्त विरोध की लहर दौड़ गई है। लगातार छठे दिन बलूच महिलाएं इस्लामाबाद की सड़कों पर अपना धरना जारी रखे हुए हैं। प्रतिकूल मौसम, पुलिस उत्पीड़न और आवाजाही पर प्रतिबंध के बावजूद, इन महिलाओं ने अपनी माँगें पूरी होने तक हिलने से इनकार कर दिया है। बलूचिस्तान से लगभग 900 किलोमीटर की यात्रा करके, ये महिलाएँ अपने साथ दर्द और प्रतिरोध की कहानियाँ लेकर आई हैं। बेटों की तलाश में भटकती माताओं से लेकर अपने पिता का चेहरा न देख पाने वाली बेटियों तक, इस विरोध प्रदर्शन ने प्रांत में जबरन गायब होने के मौजूदा संकट को उजागर कर दिया है।

मीडिया से बात करते हुए एक बलूच महिला ने कहा कि मैं महमूद अली की मां हूं... मेरे बेटे को पाकिस्तानी एजेंसियों और सीटीडी ने 18 जून 2024 को लापता कर दिया था... एक साल बीत चुका है, लेकिन हमें नहीं पता कि वह कहां है या किस हालत में है। एक अन्य प्रदर्शनकारी, 10 साल की बच्ची ने बताया, मैं लापता जांजी बलूच की बेटी हूँ। मेरे पिता पिछले 10 सालों से लापता हैं। सीटीडी, सादी वर्दी में पुलिस, एफसी सुबह 3 बजे हमारे घर आए। मैं तब 3 महीने की थी। मैंने अपने पिता का चेहरा भी नहीं देखा है।प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि शांतिपूर्ण प्रतिरोध के बावजूद, इस्लामाबाद पुलिस, खासकर महिला अधिकारियों द्वारा, उनके साथ दुर्व्यवहार किया जा रहा है। प्रशासन ने उन्हें शिविर लगाने की अनुमति नहीं दी है, पहुँच मार्ग बंद कर दिए हैं, और लाठीचार्ज का भी प्रयास किया है, जिससे प्रदर्शन स्थल एक 'खुली जेल' में बदल गया है।

इस विरोध प्रदर्शन ने प्रधानमंत्री शाहबाज़ शरीफ़ और पाकिस्तानी सेना प्रमुख फील्ड मार्शल असीम मुनीर की तीखी आलोचना की है, दोनों ही इस मुद्दे पर चुप रहे हैं। प्रदर्शनकारियों ने मुनीर पर इन गुमशुदगियों के लिए सीधे तौर पर ज़िम्मेदार होने का आरोप लगाते हुए कहा, 'वह बलूचिस्तान में किसी भी घर से रातोंरात किसी के भी पिता, भाई या बेटे का अपहरण कर लेते हैं।



# निर्णायक मुकाबले में भारत को करना होगा इंग्लैंड की कड़ी चुनौती का सामना

**चेस्टर ली स्ट्रीट (ब्रिटेन) (एजेंसी)।** भारतीय टीम को लॉर्ड्स की चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में अपने गलत शॉट चयन के कारण दूसरे मैच में हार झेलनी पड़ी थी और अब यहां मंगलवार को होने वाले तीसरे और अंतिम महिला एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में उसे इंग्लैंड की कड़ी चुनौती का सामना करना होगा।

भारत ने बल्लेबाजों के शानदार प्रदर्शन से पहला मैच चार विकेट से जीता था, लेकिन शनिवार को लंदन में खेले गए बारिश से प्रभावित दूसरे मैच में उसे हार का सामना करना पड़ा, जिससे तीन मैचों की श्रृंखला अंतिम वनडे से पहले 1-1 से बराबरी पर है। यह श्रृंखला दोनों टीमों के लिए महत्वपूर्ण है क्योंकि विश्व कप दो महीने बाद शुरू होने वाला है। वनडे का यह प्रतिष्ठित महिला टूर्नामेंट 30 सितंबर से शुरू होगा, जिसकी मेज़बानी श्रीलंका और भारत के पांच शहर करेंगे।

भारत की ऑलराउंड ताकत तथा कुछ खिलाड़ियों की अच्छी फॉर्म के कारण उम्मीद की जा रही थी कि वह दूसरे मैच में ही श्रृंखला अपने नाम कर देगा लेकिन खराब शॉट चयन और परिस्थितियों के अनुकूल ढलने में असमर्थता ने उसकी योजनाओं पर पानी फेर दिया और 29 ओवर के मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए वह आठ विकेट पर 143 रन ही बना सका। भारतीय गेंदबाज भी असफल रहे और इंग्लैंड के शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों ने काफी ओवर शेष रहते आसानी से लक्ष्य हासिल कर लिया।

अब निर्णायक मुकाबले से पहले भारतीय टीम को कुछ विभागों में खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर विचार विमर्श करना होगा। उप-कप्तान स्मृति मंधाना और दीप्ति शर्मा को छोड़कर भारत के अन्य बल्लेबाज सोफी एक्लेस्टोन, एम अर्लट और लिंसी स्मिथ जैसे गेंदबाजों के सामने संघर्ष करते हुए नजर आए और उसके गेंदबाज भी अपेक्षानुरूप प्रदर्शन नहीं कर पाए। एक्लेस्टोन की सटीक गेंदबाजी के कारण भारतीय बल्लेबाजों को




विशेषकर स्पिनरों के खिलाफ संघर्ष करना पड़ा और वे चेस्टर ली स्ट्रीट में धीमी गति के गेंदबाजों के खिलाफ निश्चित रूप से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद करेंगे।

भारत को अगर श्रृंखला जीतनी है तो भारत मंधाना, कप्तान हरमनप्रीत कौर, जेमिमा रोड्रिग्स, प्रतीका रावल और हरलीन देओल में से कम से कम दो खिलाड़ियों को बड़ी पारी खेलने की जरूरत होगी। निचले क्रम में रिचा घोष और दीप्ति को उन्हें सहयोग देना होगा। जहां तक इंग्लैंड का सवाल है तो वह श्रृंखला के पहले मैच के बाद की तुलना में काफी बेहतर स्थिति में है। उसे गेंदबाजी में एक्लेस्टोन तथा अर्लट और बल्लेबाजी में एमी जोन्स, टैमी ब्यूमोंट तथा कप्तान नैट साइवर ब्रंट से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद होगी।

### दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं

**भारत** = हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उप-कप्तान), प्रतीका रावल, हरलीन देयोल, जेमिमा रोड्रिग्स, ऋचा घोष (विकेटकीपर), यास्तिका भाटिया (विकेटकीपर), तेजल हसब्निस, दीप्ति शर्मा, स्नेह राणा, श्री चरणी, शुचि उपाध्याय, अमनजोत कौर, अरुंधति रेड्डी, क्रांति गौड़, सयाली सतघरे।

**इंग्लैंड** = नैट साइवर-ब्रंट (कप्तान), एम अर्लट, टैमी ब्यूमोंट, लॉरेन बेल, माइया बाउचियर, एलिस कैप्सी, केट क्रॉस, एलिस डेविडसन-रिचर्ड्स, चार्ली डीन, सोफिया डंकले, सोफी एक्लेस्टोन, लॉरेन फाइलर, एमी जोन्स, एम्मा लैम्ब, लिंसी स्मिथ।

# ओवेन और ग्रीन ने दिलाई जीत, ऑस्ट्रेलिया ने पहले टी20 मैच में वेस्टइंडीज को हराया




**किंग्स्टन (जमैका) (एजेंसी)।** मिशेल ओवेन ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपने डेब्यू मैच में अर्धशतक जमाया और एक विकेट लिया जिससे ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज के खिलाफ पांच मैच की टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट श्रृंखला के पहले मैच में तीन विकेट से जीत दर्ज की।

ओवेन ने 27 गेंद पर छह छक्कों की मदद से 50 रन बनाए। उन्होंने कैमरन ग्रीन (26 गेंदों पर 51 रन, दो चौके, पांच छक्के) के साथ पांचवें विकेट के लिए 40 गेंदों पर 80 रन की साझेदारी की, जिससे ऑस्ट्रेलिया ने रविवार को खेले गए मैच में सात गेंद शेष रहते 190 रन का लक्ष्य हासिल कर दिया।

वेस्टइंडीज की टीम ने पहले बल्लेबाजी थी आमंत्रित किए जाने के बाद आठ विकेट पर 189 रन बनाए। उसकी शुरुआत अच्छी रही लेकिन अंतिम नौ गेंदों पर पांच रन पर चार विकेट गंवाने के कारण वह 200 रन का आंकड़ा पार नहीं कर सकी। ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज बेन ड्वारशुइस ने अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 36 रन देकर चार विकेट लिए। इस दौरान उन्होंने चार गेंदों में तीन विकेट हासिल किए।

जेसन होल्डर ने उनकी हैट्रिक नहीं बनने दी लेकिन वह अगली गेंद पर आउट हो गए। वेस्टइंडीज के शीर्ष चार बल्लेबाजों ने अच्छी शुरुआत की। रोस्टन चेज ने 32 गेंदों पर 60 रन बनाए और शाई होप (55) के साथ दूसरे विकेट के लिए 91 रन की साझेदारी की। उनके अलावा शिमरोन हेटमायर ने 38 रन का योगदान दिया।

# ऋषभ पंत के निशाने पर वीरेंद्र सहवाग का बड़ा रिकॉर्ड, टेस्ट में लगाएंगे सर्वाधिक छक्के

**मैनचेस्टर (यूके) (एजेंसी)।** इंग्लैंड के खिलाफ अहम चौथे टेस्ट के लिए भारतीय टीम ओल्ड ट्रैफर्ड में तैयारी कर रही है। इसी बीच सभी निगाहे ऋषभ पंत पर टिकी है जो सर्वाधिक छक्कों के रिकॉर्ड को तोड़ने से अब सिर्फ तीन छक्के दूर है। बाएं हाथ के विस्फोटक बल्लेबाज पंत अगर ऐसा करते है तो टेस्ट क्रिकेट में भारत के लिए वह वीरेंद्र सहवाग के 90 छक्कों के ऐतिहासिक आंकड़े को पीछे छोड़ देंगे। यह एक ऐसा रिकॉर्ड है जो सालो से किसी ने छुआ तक नहीं है।

हालांकि लॉर्ड्स टेस्ट के दौरान उन्हें उंगली में चोट लगी थी, फिर भी मैनचेस्टर टेस्ट में विकेटकीपर के तौर पर उनके खेलने की पूरी उम्मीद है। यदि वह मैदान पर उतरते है तो यह मुकाबला उनके लिए व्यक्तिगत और भारतीय टीम दोनो के लिए बेहद महत्वपूर्ण साबित हो सकता है।

वीरेंद्र सहवाग ने अपनी आक्रामक शैली से 103 टेस्ट की 178 इनिंग्स में 90 छक्के लगाए। वही




मात्र 27 वर्षीय ऋषभ पंत ने अपने करियर के 46 टेस्ट मैचों में अब तक 88 छक्के लगा दिए है और रोहित शर्मा के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर है। पंत की इस उपलब्धि को और खास बनाता है उनका 74.19 का स्ट्राइक रेट जो कि टेस्ट में मध्य क्रम के बल्लेबाज के लिए बेहद असाधारण है। तुलना करे तो सहवाग का स्ट्राइक रेट 82.18 था जो उन्होंने एक ओपनर के तौर पर अधिकतर तेज पिचो पर हासिल किया था।

# चौथे टेस्ट से पहले भारत की बढ़ी मुश्किलें, नीतीश रेड्डी इंग्लैंड दौरे से बाहर, अर्शदीप उपलब्ध नहीं

**मैनचेस्टर (यूके) (एजेंसी)।** भारतीय ऑलराउंडर नीतीश कुमार रेड्डी घुटने की चोट के कारण इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला के बाकी मैचों से बाहर हो गए हैं जबकि चोटिल तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह चौथे टेस्ट के लिए चयन के लिए उपलब्ध नहीं होंगे।

दूसरे और तीसरे टेस्ट में खेलने वाले रेड्डी रविवार को जिम में अभ्यास करते हुए चोटिल हो गए थे और अब वह स्वदेश लौटेंगे। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा, 'नीतीश कुमार रेड्डी बाएं घुटने की चोट के कारण शेष दो टेस्ट मैचों से बाहर हो गए हैं। नीतीश स्वदेश लौट आएंगे




और टीम उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करती है।'

अर्शदीप को पिछले सप्ताह बेकेनहैम में अभ्यास सत्र के दौरान नेट्स पर गेंदबाजी करते समय बाएं अंगूठे में चोट लग गई थी। उन्होंने श्रृंखला में अब तक कोई मैच नहीं खेला है। बयान में कहा गया है, 'बीसीसीआई की मेडिकल टीम उनकी प्रगति पर नजर रख रही है।'

हरियाणा के तेज गेंदबाज अंशुल कंबोज को कवर के तौर पर टीम में शामिल किया गया है और वह मैनचेस्टर में टीम से जुड़ चुके हैं। चौथा टेस्ट मैच बुधवार को ओल्ड ट्रैफर्ड में शुरू होगा। इंग्लैंड पांच मैचों की एंडरसन तेंदुलकर ट्रॉफी में 2-1 से आगे चल रहा है।

**चौथे टेस्ट के लिए भारत की टीम :**

शुभमन गिल (कप्तान), ऋषभ पंत (उपकप्तान और विकेटकीपर), यशस्वी जयसवाल, केएल राहुल, साई सुदर्शन, अभिमन्यु ईश्वरन, करुण नायर, रवींद्र जड़ेजा, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), वाशिंगटन सुंदर, शार्दुल ठाकुर, जसप्रित बुमरा, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, आकाश दीप, कुलदीप यादव, अंशुल कंबोज।

## मैनचेस्ट युनाइटेड के खिलाड़ियों के साथ फुटबॉल खेलते दिखे भारतीय क्रिकेटर

लंदन । कप्तान शुभमन गिल सहित कई अन्य भारतीय क्रिकेटर मैनचेस्टर में 23 जुलाई बुधवार से शुरु होने वाले चौथे क्रिकेट टेस्ट मैच से पहले फुटबॉल खेलते नजर आये। इस मैच से पहले भारतीय खिलाड़ियों की मुलाकात मैनचेस्टर यूनाइटेड फुटबॉल क्लब के खिलाड़ियों से हुई। ऐसे में कई भारतीय खिलाड़ी क्लब की जर्सी पहनकर खिलाड़ियों के साथ फुटबॉल खेलने लगे। वहीं इस दौरान तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज एक फुटबॉलर को गेंदबाजी करते दिखे। भारतीय क्रिके बोर्ड (बीसीसीआई) ने खिलाड़ियों के फुटबॉल की जर्सी पहने की तस्वीरें भी अपने सोशल मीडिया पर जारी की है। इसमें टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर भी नजर आ रहे हैं। वहीं कुछ तस्वीरों में शुभमन गिल और ऋषभ पंत जैसे खिलाड़ी रेड डेविल्स के साथ फुटबॉल खेलते दिख रहे हैं। वहीं सिराज पूर्व मैनचेस्टर यूनाइटेड कप्तान और स्टार डिफेंडर हैरी मैगुइरे को गेंदबाजी करते दिखे। मैनचेस्टर यूनाइटेड के खिलाड़ी प्री-सीजन के लिए आये थे और इसी दौरान उनकी मुलाकात भारतीय क्रिकेटरों से हुई। कई तस्वीरों में शुभमन को फुटबॉलर ब्रूनो फर्नांडीस के साथ, सिराज को अमद डायलो के साथ, जसप्रीत बुमराह को मेसन माउंट और हैरी मैग्वायर के साथ बातचीत करते हुए देखा गया जबकि गंभीर रेड डेविल्स के मैनेजर रूबेन अमोरिम के साथ तस्वीर खिंचवाते हुए दिखे।

# मैच नहीं होने से भड़के अफरीदी, बोले एक सड़े अंडे ने सब बेकार किया

लंदन । अपने विवादास्पद बयानों के लिए हमेशा ही चर्चाओं में रहने वाले पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर शाहिद अफरीदी ने भारतीय खिलाड़ियों के चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स में खेलने से इंकार करने के बाद एक बार फिर जहर उगला है। भारत से मैच नहीं होने पर अफरीदी ने किसी का नाम लिए बिना कहा कि एक खिलाड़ी के कारण ही ये सब हुआ है। साथ ही इस खिलाड़ी को सड़ा अंडा तक बोल दिया पर किसी खिलाड़ी का नाम नहीं लिया। अफरीदी ने कहा, खेल देशों को करीब लाते हैं। अगर राजनीति हर चीज के बीच आ जाए, तो आप आगे कैसे बढ़ेंगे? बिना बातचीत के, चीजें हल नहीं हो सकतीं। इस तरह के आयोजनों का लक्ष्य भी एक-दूसरे से मिलना-जुलना है पर



एक खिलाड़ी ने सब बेकार कर दिया। अफरीदी ने साथ ही कहा, उन्होंने मैच से एक दिन पहले ही ट्रेनिंग की थी। मुझे लगता है कि उन्हें केवल एक खिलाड़ी की वजह से मैच से नाम वापस लेना पड़ा है। भारतीय टीम भी बहुत निराश है। वे यहां खेलने आए थे। गौरतलब है कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद से ही लोग इस प्रकार के मैच के खिलाफ थे। ऐसे में लोगों की भावनाओं की अनदेखी खिलाड़ी भी नहीं कर पाये।

# शमी अगले सत्र में बंगाल से खेलकर प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी करेंगे

कोलकाता । फिट नहीं होने के कारण भारतीय टीम से बाहर चल रहे अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी अब अगले सत्र में पश्चिम बंगाल टीम से खेल सकते हैं। शमी को इस सत्र के 50 संभावित खिलाड़ियों की सूची में शामिल किया गया है। वह 28 अगस्त से शुरु होने वाली दलीप ट्रॉफी में भी पूर्व जोन की ओर से खेल सकते हैं। इससे शमी की प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी होगी। उन्होंने टखने की सर्जरी के बाद भारतीय टीम के अंतिम बार 2025 की शुरुआत में चैंपियंस ट्रॉफी में खेला था। चैंपियंस ट्रॉफी में शमी का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा ओर उन्होंने पांच मैचों में नौ विकेट लिए थे। इसके बाद



इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में शमी की नई टीम सनराइजर्स हैदराबाद छठे स्थान पर रही थी। इसमें भी उनका प्रदर्शन भी कुछ खास नहीं रहा। उन्होंने नौ मैचों में केवल छह विकेट लिए और उनकी इकॉनमी 11.23 रन प्रति ओवर रही। वह टखने की सर्जरी कराई और घुटनों की समस्याओं से भी परेशान रहे। उन्होंने जनवरी 2024 में इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू टी-20 सीरीज़ में वापसी की थी। उससे पहले उनहोंने भारतीय टीम के अंतिम बार नवंबर 2023 में एकदिवसीय विश्व कप फाइनल में खेला था। उनकी घरेलू क्रिकेट में वापसी साल 2024 के अंत में बंगाल के साथ हुई थी। बंगाल के संभावित खिलाड़ियों की सूची में अभिमन्यु ईश्वरन, आकाश दीप, मुकेश कुमार, शाहबाज अहमद और अभिषेक पोरेल के नाम भी शामिल है।

# एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट के लिए भारत नहीं आएगी पाकिस्तान की टीम, सुरक्षा का दिया हवाला

**कराची (एजेंसी)।** पाकिस्तान हॉकी महासंघ ने खेल की वैश्विक नियामक संस्था एफआईएच को सूचित किया है कि सुरक्षा चिंताओं के कारण उसके लिए महीने होने वाले एशिया कप के लिए अपनी टीम को भारत भेजना मुश्किल होगा। पीएचएफ के प्रमुख तारिक बुगती ने कहा कि उन्होंने एफआईएच और एशियाई हॉकी महासंघ को पत्र लिखकर टीम को भारत भेजने को लेकर अपने फैसले से अवगत करा दिया है।

उन्होंने कहा कि, हमने उन्हें सूचित किया है कि मौजूदा परिदृश्य में हमारी टीम को भारत में खेलते समय सुरक्षा संबंधी खतरों का सामना करना पड़ सकता है। हमने उन्हें बता दिया है कि हमारे खिलाड़ी एशिया कप के लिए भारत जाने के इच्छुक नहीं हैं। एशिया कप वर्ल्ड कप के लिए





क्वालिफाइंग टूर्नामेंट भी है। पीएचएफ प्रमुख ने कहा कि अब प्रतियोगिता और पाकिस्तान के मैचों के बारे में निर्णय लेने की जिम्मेदारी एफआईएच और एएचएफ पर है।

उन्होंने कहा कि, हमने उनसे पूछा है कि हमें बताएं कि क्या गारंटी है कि हमारे खिलाड़ी भारत में सुरक्षित रहेंगे और टूर्नामेंट पर ध्यान केंद्रित कर पाएंगे। पाकिस्तान सरकार ने अभी तक इस मुद्दे पर कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है लेकिन हाल ही में एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने कहा था कि टीम भारत नहीं जाएगी

बता दें कि, इससे पहले भारतीय खेल मंत्रालय के सूत्रों ने स्पष्ट किया था कि वह पाकिस्तान हॉकी टीम को अगले महीने भारत में होने वाले एशिया कप में शामिल होने से नहीं रोकेंगे। खेल मंत्रालय के सूत्र ने पीटीआई के हवाले से बताया कि वे बहु-राष्ट्रीय टूर्नामेंट में किसी टीम के शामिल होने के खिलाफ नहीं हैं। हॉकी एशिया कप का आयोजन 27 अगस्त से सात सितंबर तक बिहार के राजगीर में होना है।

# अगले माह होने वाले एशिया कप से पहले सुधार करें हॉकी टीम : श्रीजेश

नई दिल्ली । भारतीय हॉकी टीम के पूर्व कप्तान पीआर श्रीजेश ने कहा है कि अगस्त में होने वाले एशिया कप के लिए टीम को काफी सुधार करना होगा। श्रीजेश के अुनसार एफआईएच प्रो लीग 2024-25 के यूरोपीय चरण में भारतीय टीम का प्रदर्शन उम्मीद के अनुसार नहीं रहा है और इससे टीम की आंखे खुल जानी चाहिये। इस स्टार खिलाड़ी ने कहा, 'मुझे लगता है कि टीम ने अच्छा प्रदर्शन किया, हमने कई मौके बनाए, हमने मैदान पर कड़ी टक्कर दी पर अवसरों का लाभ नहीं उठाने से परिणाम हमारे पक्ष में नहीं रहा। यह परिणाम हमें एशिया कप और अगले साल होने वाले विश्वकप और एशियाई खेलों जैसे अन्य महत्वपूर्ण टूर्नामेंटों से पहले सुधार की जरुरत पर बल देने के संकेत दे रहा है। भारतीय टीम एफआईएच प्रो लीग 2024-25 के यूरोपीय




चरण में लगातार सात हार के बाद अंक तालिका में आठवें स्थान पर रही थी। एशिया कप 2025 बिहार के राजगीर में 27 अगस्त से सात सितंबर तक आयोजित किया जाएगा। हॉकी विश्वकप 2026 बेल्जियम और नीदरलैंड की संयुक्त मेजबानी में 14 से 30 अगस्त तक खेला जायेगा। वहीं एशियाई खेल 19 सितंबर से चार अक्टूबर, 2026 तक खेले जाएंगे। पुरुष राष्ट्रीय अंडर-21 टीम के मुख्य कोच ने कहा कि एक कोच के रूप में उनका मुख्य काम यह तय करना है कि खिलाड़ी दबाव का सामना करना सीखते हुए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करें। उन्होंने कहा, 'एक कोच के रूप में मेरा काम खिलाड़ियों पर से दबाव कम करना है। मैं उन्हें बताता हूँ कि जूनियर विश्वकप के दौरान लगभग 10 हजार दर्शक मैदान में रहेंगे जिनकी उम्मीदें आप पर रहेंगी और इससे स्वीकार करना होगा। एक कोच होने के कारण मेरे लिए खिलाड़ियों के साथ अपने खेल के अनुभव को साझा करना सबसे महत्वपूर्ण है।

# सचिन के साथ अपना नाम देखकर सम्मानित अनुभव कर रहा : एंडरसन

लंदन । इंग्लैंड के पूर्व तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन ने कहा है कि महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर के साथ ट्रॉफी पर अपना नाम देखकर उन्हें एक अलग ही अहसास हो रहा है। इससे वह सम्मानित अनुभव कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि विश्व के सार्वकालिक महानतम क्रिकेटरों में से एक के साथ अपना नाम देखकर उन्हें गर्व का अनुभव भी हो रहा है। इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने इस सीरीज के शुरु होने से पहले इसका नाम पटौदी सीरीज से बदलकर एंडरसन तेंदुलकर ट्रॉफी रख दिया था हालांकि इस पर कुछ क्रिकेटरों ने आपत्ति भी जतायी थी और कहा था कि नाम बदलना सही नहीं है। इसके अलावा से भी कहा गया था इसमें सचिन का नाम पहले रखा जाना चाहिये थे पर ईसीबी ने एंडरसन का नाम पहले कर दिया। पटौदी ट्रॉफी भारत के पूर्व क्रिकेटर इफ्तिखार अली खान पटौदी और उनके बेटे मंसूर अली खान पटौदी के नाम पर थी। एंडरसन ने कहा, 'यह जरूरी नहीं कि आपके नाम पर ट्रॉफी का होना कितना बड़ा है, बल्कि यह भी महत्वपूर्ण है कि आपके नाम के साथ सचिन तेंदुलकर का नाम जुड़ाहै, जो मेरे लिए अब तक के सबसे महान क्रिकेटरों में से एक हैं।

# रिंकू की मंगेतर प्रिया खेतों में काम करती नजर आयीं

जौनपुर । भारतीय टीम के क्रिकेटर रिंकू सिंह की मंगेतर और सपा सांसद प्रिया सरोज जमीन से जुड़ी नेता हैं। उनकी कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर भी साझा हुई हैं। इसमें वह अपने क्षेत्र की महिलाओं के साथ पानी से भरे खेतों में काम करती दिखीं। वीडियो में प्रिया पानी भरे खेत में धान की रोपाई करती नजर आ रही है। रिंकू से सगाई की बाद से ही प्रिया चर्चाओं में रही हैं। प्रिया सोशल मीडिया पर काफी सक्रिय रहती हैं। उन्होंने सगाई की भी तस्वीरों को साझा किया था। वहीं अब प्रिया ने खेती करते हुए का एक वीडियो साझा किया है। उनके ये वीडियो जमकर वायरल भी हो रहा है। लोगों ने उनकी



सादगी की सराहना की है। हाल ही में रिंकू और सांसद प्रिया की सगाई लखनऊ में हुई थी जिसमें खेल और राजनीति जगत के दिग्गज भी शामिल हुए थे। रिंकू और प्रिया की शादी की पहले दिसंबर में वाराणसी में होने वाली थी पर रिंकू के व्यस्त क्रिकेट मैच के कार्यक्रम को देखते हुए शादी की तारीख आगे बढ़ा दी गई। रिंकू जहां एक मध्यवर्गीय परिवार से आते हैं और अपनी मेहनत के बल पर भारतीय टीम तक पहुंचे हैं। वहीं प्रिया एक राजनीतिक परिवार से आती हैं। रिंकू जहां क्रिकेट में व्यस्त रहने के कारण दसवीं भी नहीं कर पाये हैं। वहीं प्रिया उच्च शिक्षित हैं। रिंकू 2023 में कोलकाता नाइटराइडर्स की और एक पारी में लगातार पांच छक्के मारने के बाद से ही चर्चाओं में आये थे। इसके बाद उन्होंने पीछे मुडकर नहीं देखा।

# विश्व चैंपियनशिप से पहले चाइना ओपन में सात्विक-चिराग की नजरें दमदार प्रदर्शन पर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सात्विक साईराज रंकी रेड्डी और चिराग शेट्टी की भारत की शीर्ष पुरुष युगल जोड़ी मंगलवार से शुरू हो रहे चाइना ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट में आगामी विश्व चैंपियनशिप के लिए लय हासिल करने के लक्ष्य के साथ कोर्ट पर उतरेगी। चाइना ओपन पेरिस में 25 से 31 अगस्त तक होने वाली विश्व चैंपियनशिप से पहले अंतिम प्रमुख प्रतियोगिता है। इसलिए प्रत्येक खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए बेताब होगा।

वर्तमान में विश्व में 15वें स्थान पर काबिज सात्विक और चिराग इस सत्र में तीन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल तक पहुंचे हैं लेकिन अभी तक फाइनल में जगह बनाने में नाकाम रहे हैं। यही नहीं उन्हें पिछले सप्ताह जापान ओपन में पेरिस ओलंपिक रजत पदक विजेता चीन के लियांग वेई केंग और वांग चांग से हार का सामना करना पड़ा था।

विश्व की पूर्व नंबर एक भारतीय जोड़ी पहले दौर में जापान के केन्या मित्सुहाशी और हिरोकी ओकामुरा का सामना करेगी। एकल वर्ग में लक्ष्य सेन, एचएस प्रणय और पीवी सिंधू 20 लाख डॉलर इनामी प्रतियोगिता में अपनी फॉर्म वापस पाने की उम्मीद करेंगे। पिछले कुछ समय से फॉर्म में वापसी करने के लिए संघर्ष कर रहे लक्ष्य पिछले सप्ताह जापान ओपन में दूसरे दौर से आगे नहीं बढ़ पाए थे। यहां उनका पहला मुकाबला चीन के पांचवीं वरीयता प्राप्त ली शी फेंग से होगा। भारत के एक अन्य खिलाड़ी प्रणय पहले दौर में जापान के कोकी वतनबे का सामना करेंगे। अब 16वीं रैंकिंग पर काबिज सिंधू के लिए इंडिया ओपन में क्वार्टर फाइनल तक पहुंचना इस साल उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा है। पिछले सप्ताह वह कोरिया की सिम यू जिन से हार गईं थी। यह इस वर्ष पांचवा अवसर था जबकि वह पहले दौर से आगे नहीं बढ़ पाई थी। सिंधू का पहला मुकाबला जापान की छठी वरीयता प्राप्त 18 वर्षीय पूर्व विश्व जूनियर चैंपियन तोमोका मियाजाकी से होगा। महिला एकल में ही इस वर्ष की शुरुआत में ताइपे ओपन सेमीफाइनलिस्ट रहीं उन्नति हुड्डा का पहले दौर में स्कॉटलैंड की क्रिस्टी गिलमोर से मुकाबला होगा, जबकि अनुपमा उपाध्याय का सामना चीनी ताइपे की लिन सियांग टी से होगा। महिला युगल में कविप्रिया सेल्वम-सिमरन सिंघी, पांडा बहनें रुतपर्णा और श्वेतपर्णा, और अमृता प्रमुथेश-सोनाली सिंह की जोड़ी मैदान में हैं, जबकि रोहन कपूर और रुतविका शिवानी गड्डे मिश्रित युगल में अपनी चुनौती पेश करेंगे।



# विनफास्ट ने भारत में ईवी उत्पादन और निर्यात में दी टेस्ला को टक्कर

**नई दिल्ली ।**

वियतनाम की इलेक्ट्रिक वाहन कंपनी विनफास्ट ने भारत में अपनी तेज़ी से विस्तार की रणनीति के साथ टेस्ला को कड़ी टक्कर दी है। तमिलनाडु के तूत्तुक्कुडि में 2 अरब डॉलर के विनिर्माण संयंत्र के उद्घाटन के करीब, कंपनी ने पहले ही नेपाल, श्रीलंका, पश्चिम एशिया और अफ्रीका के बाजारों से निर्यात ऑर्डर मिलने की जानकारी दी है। यह भारत के 'मेक इन इंडिया' अभियान को वैश्विक स्तर पर ले जाने का संकेत है। विनफास्ट का संयंत्र इस महीने के अंत तक उत्पादन शुरू करने की संभावना है, और आगामी त्योहारी सीजन तक वाहन की आपूर्ति शुरू हो सकती है। कंपनी की दो प्रीमियम इलेक्ट्रिक एसयूवी–वीएनएफ 6 और वीएनएफ 7 की बुकिंग भी 21,000 में शुरू हो चुकी है। संयंत्र की शुरुआती उत्पादन क्षमता सालाना 1.5 लाख वाहन होगी, और अगले पांच वर्षों में 2 अरब डॉलर तक निवेश बढ़ाने की योजना है। भारत इलेक्ट्रिक वाहनों के निर्यात में तेजी से उभर रहा है। वित्त वर्ष 2025 में वाहन निर्यात 7,65,000 यूनिट तक पहुंच गया, जो पिछले वर्ष से 14 प्रतिशत अधिक है। सरकार ने 2030 तक निर्यात हिस्सेदारी को 25 प्रतिशत तक बढ़ाने का लक्ष्य रखा है, जिसके लिए विभिन्न प्रोत्साहन योजनाएं लागू हैं। वहीं टेस्ला ने भारत में पहला शोरूम तो खोला है, लेकिन विनफास्ट की तुलना में उसकी शुरुआत धीमी रही है। तूत्तुक्कुडि




हवाईअड्डे पर नई टर्मिनल बिल्डिंग के चालू होने के बाद विनफास्ट के निर्यात और उत्पादन में और तेजी आने की उम्मीद है। इस तरह, विनफास्ट भारत में इलेक्ट्रिक वाहन उत्पादन और निर्यात के क्षेत्र में एक मजबूत खिलाड़ी के रूप में उभर रहा है, जो देश को वैश्विक ईवी बाजार में नई पहचान दिला सकता है।

# एक्सेल साइबर सुरक्षा शिखर सम्मेलन 30 को बेंगलुरु में

**नई दिल्ली ।**

एक्सेल साइबर सुरक्षा शिखर सम्मेलन का दूसरा संस्करण 30 जुलाई 2025 को बेंगलुरु में आयोजित किया जाएगा। इस बार शिखर सम्मेलन का मुख्य फोकस कृत्रिम मेधा (एआई) द्वारा संचालित खतरों से निपटने और भारत को वैश्विक साइबर सुरक्षा नवाचार केंद्र के रूप में स्थापित करने पर होगा। इस आयोजन में प्रमुख मुख्य सूचना सुरक्षा अधिकारी, साइबर सुरक्षा संस्थापक, क्लाउड आर्किटेक्ट, नीति निर्माता और निवेशक हिस्सा लेंगे। वे नवीनतम सुरक्षा तकनीकों और रणनीतियों पर चर्चा करेंगे, जो आज के डिजिटल युग में साइबर हमलों से बचाव के लिए जरूरी हैं। शिखर सम्मेलन के दौरान, प्रारंभिक चरण के सुरक्षा उत्पादों को भी पेश किया जाएगा, जिससे स्टार्टअप्स और नवाचार को बढ़ावा मिलेगा। यह आयोजन अमेजन वेब सर्विसेज और गूगल क्लाउड के साथ साझेदारी में आयोजित किया जा रहा है, जो इसके तकनीकी स्तर और प्रभाव को और मजबूत बनाता है। एक्सेल के साझेदार ने बताया कि आज की साइबर सुरक्षा विश्वास, पैमाने और बुद्धिमत्ता का संगम है। जैसे-जैसे संगठन क्लाउड और एआई को अपना रहे हैं, साइबर हमलों का दायरा पारंपरिक सुरक्षा प्रणालियों की क्षमता से बढ़ रहा है, इसलिए नए और प्रभावी समाधानों की जरूरत है। शिखर सम्मेलन में एक्सेल साझेदार अरुण मैथ्यू, साइवेयर के सह-



संस्थापक एवं मुख्य प्रौद्योगिकी अधिकारी अक्षत जैन, सदरलैंड के उपाध्यक्ष अनुराणा सुलाजा और स्टील्थ (पूर्व-चेकमार्क्स) के संस्थापक जैक जोर्नस्ट्रेन सहित कई विशेषज्ञ अपने विचार साझा करेंगे।

# टेस्ला की भारत में प्रवेश से ईवी इंश्योरेंस सेक्टर में आया बदलाव




**नई दिल्ली ।**

अमेरिकी इलेक्ट्रिक वाहन निर्माता टेस्ला ने भारत में अपनी आधिकारिक शुरुआत करते हुए मुंबई के बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स (बीकेसी) में पहला शोरूम खोला है। कंपनी ने अपनी इलेक्ट्रिक एसयूवी मॉडल वाय को लॉन्च किया है, जिसकी शुरुआती कीमत 60 लाख रुपए रखी गई है। टेस्ला की एंट्री से न केवल ऑटो सेक्टर में हलचल मची है, बल्कि बीमा क्षेत्र में भी बड़ा बदलाव देखने को मिल रहा है। टेस्ला की एडवांस टेक्नोलॉजी और हाई-परफॉर्मेंस बैटरी सिस्टम को देखते हुए कई बीमा कंपनियां अब पारंपरिक पॉलिसियों से आगे बढ़कर ईवी -केंद्रित कवरेज प्रदान कर रही हैं।

प्रमुख कंपनियों जैसे एसीकेओ, ज़्यूरिख कोटक और लिबर्टी जनरल ने टेस्ला के लिए फेवरेट इंश्योरेंस पार्टनर बनने की घोषणा की है। नई ईवी पॉलिसियों में ईवी चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर जैसे वॉल-माउंटेड चार्जर, केबल और अडैप्टर को भी कवर किया जा रहा है। इसके साथ ही एक नया बैटरी सिक्योर ऐड-ऑन भी शामिल किया गया है, जो बैटरी की मरम्मत और बदलने की लागत को कवर करता है। इसके अलावा बीमा कंपनियां अब जीरो डिप्रिसिएशन, गैप वैल्यू प्रोटेक्शन, कंज़्युमेबल्स कवरेज, टायर और चाबी की सुरक्षा, पर्सनल सामान की सुरक्षा, ईएमआई सपोर्ट और पैसेंजर असिस्टेंस जैसी प्रीमियम सुविधाएं भी ऑफर कर रही हैं, ताकि टेस्ला जैसी लग्ज़री ईवी के अनुभव को सुरक्षित बनाया जा सके। विशेषज्ञों का मानना है कि टेस्ला की मौजूदगी भारत के ईसी इंश्योरेंस मार्केट में नई सोच और इनोवेशन को प्रेरित करेगी, जिससे उपभोक्ताओं को अधिक स्मार्ट और कस्टमाइज़्ड बीमा विकल्प मिलेंगे।

# सेबी की मंजूरी के बाद जेन स्ट्रीट की भारतीय शेयर बाजार में वापसी

**- अब हर लेनदेन पर रहेगी पैनी नजर**



**नई दिल्ली ।**

अमेरिकी हाई फ्रीक्वेंसी ट्रेडिंग (एचएफटी) फर्म जेन स्ट्रीट को भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) से फिर से ट्रेडिंग की अनुमति मिल गई है। यह मंजूरी तब मिली जब कंपनी ने नियामक के निर्देशों का पालन करते हुए 4,844 करोड़ रुपए की कथित अवैध कमाई को एस्क्रो खाते में जमा करा दिया। सेबी ने 3 जुलाई को एक अंतरिम आदेश में जेन स्ट्रीट पर भारतीय प्रतिभूति बाजार में ट्रेडिंग करने पर प्रतिबंध लगाया था। हालांकि आदेश में यह भी स्पष्ट किया गया था कि यदि कंपनी एस्क्रो खाते में निर्धारित राशि जमा कर देती है, तो उस पर से प्रतिबंध हटा लिया जाएगा। सूत्रों के मुताबिक सेबी ने पिछले सप्ताह ईमेल के जरिए कंपनी को प्रतिबंध हटाने की आधिकारिक सूचना दी। साथ ही कस्टोडियन, डिपॉजिटरी और स्टॉक एक्सचेंजों को भी इसकी जानकारी दे दी गई है। हालांकि, जेन स्ट्रीट के लिए पहले जैसी आसान ट्रेडिंग अब संभव नहीं होगी। सेबी ने निर्देश दिया है कि नेशनल स्टॉक एक्सचेंज और बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज कंपनी के सभी लेनदेन और पोजिशन पर करीबी नजर रखें। साथ ही, जेन स्ट्रीट और उसकी सहयोगी इकाइयों को किसी भी प्रकार की हेराफेरी से दूर रहने की सख्त हिदायत दी गई है। सेबी द्वारा जारी आदेश में जेन स्ट्रीट की कुछ ट्रेडिंग रणनीतियों का खुलासा किया गया है, जिससे उसके प्रतिस्पर्धात्मक लाभ पर असर पड़ सकता है। विशेषज्ञों का मानना है कि इतनी पारदर्शिता के बाद कंपनी के लिए भारतीय बाजार में पहले जैसा मुनाफा कमाना अब चुनौतीपूर्ण होगा।

# अमेजन वेब सर्विसेज ने फिर की कर्मचारियों की छंटनी

**नई दिल्ली ।**

अमेजन एक बार फिर कर्मचारियों की छंटनी को लेकर चर्चा में है। इस बार अमेजन की क्लाउड यूनिट अमेजन वेब सर्विसेज ने सैकड़ों कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया है। बताया जा रहा है कि यह छंटनी सिर्फ शुरुआत है और साल के अंत तक इसमें और तेजी आ सकती है। एक सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर कहना है कि एडब्ल्यूएस में कुल कर्मचारियों की संख्या का करीब 10 फीसदी हिस्सा और प्रिंसिपल-लेवल की 25 फीसदी नौकरियां इस छंटनी की चपेट में आ सकती हैं। अमेजन यह कदम लागत कम करने, संगठनात्मक ढांचे को सरल बनाने और प्रदर्शन में सुधार के उद्देश्य से उठा रही है। इसके लिए कंपनी परफॉर्मेंस इम्प्रूवमेंट प्लान और रिडक्शन इन फोर्स जैसे उपायों को लागू कर रही है। बताया जा रहा है कि एडब्ल्यूएस के अंदर ट्रेनिंग और सर्टिफिकेशन सहित कई यूनिट्स के कर्मचारी छंटनी की चपेट में आए हैं। इस बार सीनियर लेवल के प्रिंसिपल भी निशाने पर हैं। यह वे पद होते हैं, जिन पर सबसे ज्यादा वेतन और सुविधाएं दी जाती हैं। अब इन्हें भी बचाया नहीं




जा रहा है। छंटनी का एक बड़ा कारण आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) भी है। अमेजन के सीईओ ने हाल ही में कहा था कि एआई के आने से कुछ कामों के लिए अब कम लोगों की जरूरत है, और कुछ नए कामों के लिए नए तरह के लोगों की जरूरत होगी।

# एंथम बायोसाइंसेज का शेयर 27 फीसदी बढ़त के साथ सूचीबद्ध

नई दिल्ली ।

एंथम बायोसाइंसेज लिमिटेड का शेयर सोमवार को अपने निर्गम मूल्य 570 रुपये से करीब 27 प्रतिशत की तेजी के साथ बाजार में सूचीबद्ध हुआ। बीएसई पर शेयर 723.10 रुपये पर शुरू हुआ, जो निर्गम मूल्य से 26.85 प्रतिशत अधिक था। बाद में यह 746.70 रुपये तक पहुंच गया, जो 31 प्रतिशत की बढ़त दर्शाता है। एनएसई पर भी शेयर 723.05 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ। कंपनी का बाजार मूल्यांकन 40,716.73 करोड़ रुपये रहा। इसका आईपीओ 3,395 करोड़ रुपये का था, जिसे बोली के अंतिम दिन तक 63.86 गुना अभिदान मिला। आईपीओ का मूल्य दायरा 540–570 रुपये प्रति शेयर तय किया गया था। यह आईपीओ पूरी तरह से बिक्री पेशकश पर आधारित था, इसलिए कंपनी को इस निर्गम से कोई राशि प्राप्त नहीं होगी। बेंगलुरु स्थित यह कंपनी बायोटेक क्षेत्र में तेजी से उभर रही है और निवेशकों में अच्छी पकड़ बना रही है।




# कुवैत और भारत के बीच हवाई सेवा क्षमता में 50 फीसदी बढ़ोतरी पर समझौता

**नई दिल्ली ।** कुवैत और भारत ने एक नए द्विपक्षीय हवाई सेवा समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं, जिससे दोनों देशों के बीच हवाई यात्रा की क्षमता में 50 प्रतिशत तक वृद्धि होगी। एक रिपोर्ट के अनुसार अब दोनों देशों की एयरलाइन कंपनियों को प्रति सप्ताह प्रत्येक दिशा में 18,000 सीटें संचालित करने की अनुमति मिलेगी, जो पहले 12,000 सीटों तक सीमित थी। यह पहला मौका है जब 2006 के बाद से इस सीमा में वृद्धि की गई है। कुवैत के नागरिक उड्डयन महानिदेशालय के अध्यक्ष शेख हमूद मुबारक अब सबाह और भारत के नागरिक उड्डयन सचिव समीर कुमार सिन्हा ने इस समझौते पर हस्ताक्षर किए। 2006 में आखिरी बार हवाई सेवा क्षमता को बढ़ाकर 8,320 सीटें की गई थीं, लेकिन अब यह संख्या काफी बढ़ गई है, जो दोनों देशों के बीच बढ़ते व्यापार, पर्यटन और सांस्कृतिक संबंधों का संकेत है।

# ब्रिगेड होटल वेंचर्स का आईपीओ 24 जुलाई को खुलेगा

**नई दिल्ली ।** दक्षिण भारत की प्रमुख होटेल डेवलपर ब्रिगेड होटल वेंचर्स लिमिटेड ने अपने आगामी आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए 85 से 90 रुपए प्रति शेयर का मूल्य दायरा निर्धारित किया है। कंपनी 24 जुलाई से 28 जुलाई 2025 तक आईपीओ के लिए आवेदन स्वीकार करेगी। एंकर निवेशक 23 जुलाई को बोली लगा सकेंगे। यह आईपीओ पूर्णतः नए शेयर जारी करने पर आधारित है, इसमें कोई ऑफर फॉर सेल शामिल नहीं है। आईपीओ का कुल आकार 749.6 करोड़ रुपये है। जेएम फाइनेंशियल और आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज इस प्रस्ताव के प्रबंधक हैं। कंपनी के शेयर 31 जुलाई को स्टॉक एक्सचेंजों में सूचीबद्ध हो सकते हैं। ब्रिगेड होटल वेंचर्स ने हाल ही में 360 वन अल्टरनेट्स एसेट मैनेजमेंट को शेयर बेचकर 126 करोड़ की फंडिंग भी प्राप्त की है। यह कदम कंपनी के विस्तार और विकास में मदद करेगा।

# रिलायंस रिटेल से अलग होगा 4400 करोड़ वाला एफएमसीजी कारोबार

**- सरकार से मंजूरी मिलने का इंतजार**

**नई दिल्ली ।** मुकेश अंबानी की कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज अब अपने एफएमसीजी कारोबार को एक अलग स्वतंत्र कंपनी के रूप में स्थापित करने जा रही है। यह यूनिट अभी तक रिलायंस रिटेल लिमिटेड का हिस्सा है, लेकिन कंपनी ने इसे अलग करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है और इसके लिए सरकारी मंजूरी ली जा रही है। संभावना है कि यह काम साल 2025 के अंत तक पूरा हो जाएगा। रिलायंस रिटेल के सीएफओ ने पहली तिमाही 2025 के नतीजों के बाद बताया कि कंपनी के एफएमसीजी बिजनेस ने 4,400 करोड़ का रेवेन्यू दर्ज किया है, जो पिछले साल की तुलना में लगभग दोगुना है। उन्होंने बताया कि ग्रॉसरी और फैशन सेगमेंट्स ने शानदार प्रदर्शन किया है, जबकि कंज़्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स पर मानसून की जल्दी शुरुआत का थोड़ा असर पड़ा। कंपनी ने इस तिमाही में 388 नए स्टोर खोले, जिससे अब रिलायंस रिटेल के स्टोर्स की संख्या 19,600 से अधिक हो गई है। साथ ही, ट्रांजैक्शनों की संख्या में 16 फीसदी की सालाना वृद्धि देखी गई। एफएमसीजी प्रोडक्ट्स की लगभग 70 फीसदी बिक्री देशभर की छोटी किराना दुकानों से होती है। इसके साथ ही कंपनी ने खुद का एक मजबूत डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क भी तैयार कर लिया है।




# शेयर बाजार तेजी के साथ बंद

**सेंसेक्स 442, निफ्टी 122 अंक गिरा**

**मुम्बई।**

भारतीय शेयर बाजार सोमवार को बढ़त के साथ बंद हुआ। सप्ताह के पहले ही कारोबारी दिन एशियाई बाजारों से मिले जुले संकेतों के बाद भी खरीददारी से बाजार में ये बढ़त आई है। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 442.61 अंकों की बढ़त के साथ ही 82,200.34 अंकों पर बंद हुआ। वहीं इसी प्रकार 50 शेयरों वाला एनएसई का निफ्टी भी 122.30 अंकों की बढ़त के साथ ही 25,090.70 अंकों पर बंद हुआ। आज सेंसेक्स की 30 में से 18 कंपनियों के शेयर बढ़त के साथ ही ऊपर आकर बंद हुए। वहीं अन्य सभी 12 कंपनियों के शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। इसी प्रकार, निफ्टी 50 की 50 में से 28 कंपनियों के शेयर बढ़त के साथ बंद हुए जबकि 21 कंपनियों के शेयर नुकसान के साथ ही नीचे आये है। वहीं एक कंपनी का शेयर आज बिना किसी बदलाव के बंद हुआ। आज सेंसेक्स की कंपनियों में शामिल एटरनल (जोमेटो) के शेयर सबसे ज्यादा 5.38 फीसदी बढ़कर बंद हुए जबकि रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में सबसे अधिक 3.29 फीसदी गिरे।

आज कारोबार के दौरान सेंसेक्स की अन्य कंपनियों में आईसीआईसीआई बैंक के शेयर 2.76 फीसदी, एचडीएफसी बैंक 2.19 फीसदी, महिंद्रा एंड महिंद्रा 1.75फीसदी, बीईएल 1.37 फीसदी, कोटक महिंद्रा बैंक 1.14 फीसदी, बजाज फिनसर्व 1.06 फीसदी, टाटा मोटर्स 1.05 फीसदी, एलएंडटी 1.05 फीसदी, पावरग्रिड 1.04 फीसदी बढ़कर बंद हुए।




वहीं दूसरी ओर, आज एचसीएल टेक के शेयरों में 1.21 फीसदी, टीसीएस 0.99 फीसदी, हिंदुस्तान यूनिलीवर 0.97 फीसदी, आईटीसी 0.59 फीसदी, मारुति सुजुकी 0.फीसदी, टेक महिंद्रा 0.31 फीसदी और एनटीपीसी के शेयरों में 0.16 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई।

वहीं इससे पहले आज सुबह एशियाई बाजारों से मिलेजुले रुख के बीच बाजार हल्की बढ़त के साथ खुले। बीएसई सेंसेक्स 12.1 अंक की बढ़त के साथ 81,769.83 के स्तर पर खुला। वहीं एनएसई निफ्टी हल्की गिरावट के साथ 25,958 पर खुला। वहीं एशियाई बाजारों की बात करें तो दक्षिण कोरिया का कोस्पी इंडेक्स 0.49 फीसदी उछला है जबकि एएसएक्स 200 फीसदी गिरा। अमेरिकी इक्विटी फ्यूचर्स शुरुआती एशियाई घंटों में गिरावट के साथ बंद हुआ। अमेरिकी बाजारों की बात करें तो एसएंडपी 500 फ्यूचर्स 0.06 फीसदी बढ़ा, नैस्डैक 100 फ्यूचर्स 0.08 फीसदी बढ़ा और डॉव जोन्स इंडस्ट्रियल एवरेज फ्यूचर्स 24 अंक ऊपर आया।

# त्रिपुरा के नौ औद्योगिक क्षेत्रों के विकास के लिए एडीबी देगा 975 करोड़




**अगरतला ।** एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने त्रिपुरा के नौ औद्योगिक क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे के विकास के लिए 975.26 करोड़ रुपये का ऋण मंजूर किया है। त्रिपुरा औद्योगिक विकास निगम (टीआईडीसी) के चेयरमैन ने बताया कि इस परियोजना के तहत औद्योगिक शेड, बिजली सबस्टेशन, भूमिगत बिजली लाइन, अग्निशमन सेवा स्टेशन और 34 सड़कों का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि एडीबी द्वारा यह ऋण त्रिपुरा के औद्योगिक क्षेत्रों को विश्वस्तरीय बनाने में मदद करेगा और परियोजना का कार्य तेजी से प्रगति पर है। इस योजना के अंतर्गत बोधजंगनगर, आर.के. नगर, दुकली और ए.एन. नगर समेत कुल नौ औद्योगिक क्षेत्रों में बुनियादी ढांचा विकसित किया जाएगा। राज्य सरकार ने दक्षिण त्रिपुरा के संतिरबाजार में 127 एकड़ और उनाकोटी जिले के फटीक्रोय में 28 एकड़ भूमि औद्योगिक क्षेत्रों के लिए आवंटित की है। टीआईडीसी ने इन नए क्षेत्रों में सीमांकन और बुनियादी ढांचा निर्माण का काम शुरू कर दिया है ताकि उद्योगों के लिए भूमि लंबे समय तक खाली न पड़े। वर्तमान में राज्य में दो प्लाईवुड निर्माण इकाइयां संचालित हो रही हैं, और भविष्य में सात और नई इकाइयां स्थापित करने की योजना बनाई गई है। यह निवेश त्रिपुरा के औद्योगिक विकास को तेजी से बढ़ावा देगा, रोजगार के अवसर बढ़ाएगा और स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करेगा।

# भारत की यूपीआई सेवा बनी डिजिटल भुगतान की दुनिया में नंबर वन

**- यूपीआई से हर महीने 18 अरब के लेनदेन, 49 करोड़ से ज्यादा यूजर्स**


**नई दिल्ली ।**

भारत अब डिजिटल भुगतान के क्षेत्र में पूरी दुनिया में सबसे आगे है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की ताजा रिपोर्ट के अनुसार, भारत का यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) इस सफलता का मुख्य आधार है। 2016 में नेशनल पेमेंट्स कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) ने यूपीआई शुरू किया था, जो आज भारत में पैसे भेजने और प्राप्त करने का सबसे तेज़, आसान और भरोसेमंद तरीका बन चुका है। यूपीआई की सबसे बड़ी खासियत है कि यह एक ही मोबाइल ऐप से कई बैंक खातों को जोड़ने की सुविधा देता है। इससे कोई भी व्यक्ति कुछ ही क्लिक में किसी भी बैंक में पैसे भेज या प्राप्त कर सकता है। जून 2025 तक यूपीआई के जरिए हर महीने लगभग 18.39 अरब लेन-देन होते हैं, जिनकी कुल रकम 24.03 लाख करोड़ रुपये से अधिक है। यह पिछले वर्ष जून के मुकाबले 32 प्रतिशत की वृद्धि है। आज भारत में 49.1 करोड़ लोग और 65 लाख व्यापारी यूपीआई से जुड़े हैं। 675 बैंक यूपीआई नेटवर्क से जुड़े हैं, जिससे उपयोगकर्ता को बैंक के नाम की चिंता नहीं करनी पड़ती। भारत में डिजिटल लेन-देन का 85 प्रतिशत यूपीआई के जरिए होता है। वैश्विक स्तर पर देखें तो दुनिया के आधे से अधिक रियल-टाइम डिजिटल भुगतान भारत के




यूपीआई से होते हैं। यूपीआई की सेवा यूएई, सिंगापुर, भूटान, नेपाल, श्रीलंका, फ्रांस और मॉरिशस जैसे सात देशों में शुरू हो चुकी है। विशेष रूप से फ्रांस में यूपीआई की शुरुआत यूरोप में इसका पहला कदम है, जिससे वहां के भारतीय प्रवासियों को भुगतान करना और भी आसान हो गया है।

# एलएंडटी हरित हाइड्रोजन संयंत्र पानीपत रिफाइनरी में लगाएगा




**नई दिल्ली ।** बुनियादी ढांचा क्षेत्र की प्रमुख कंपनी लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) अपनी पूर्ण स्वामित्व वाली इकाई एलएंडटी एनर्जी ग्रीनटेक लिमिटेड के माध्यम से हरियाणा की पानीपत रिफाइनरी में देश का सबसे बड़ा हरित हाइड्रोजन संयंत्र स्थापित करेगी। यह परियोजना भारत सरकार के राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन के तहत है, जिसका उद्देश्य भारत को हरित हाइड्रोजन उत्पादन में वैश्विक केंद्र बनाना है। संयंत्र 25 वर्षों तक इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) को प्रति वर्ष 10,000 टन हरित हाइड्रोजन की आपूर्ति करेगा। एलएंडटी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि यह परियोजना भारत के ऊर्जा बदलाव में उनकी प्रतिबद्धता और स्वच्छ ऊर्जा समाधान प्रदान करने की क्षमता को मजबूत करेगी। यह कदम देश में स्वच्छ ऊर्जा के विकास और पर्यावरण संरक्षण में महत्वपूर्ण योगदान देगा।



# फिल्म 'बैटल ऑफ गलवां' के रोल को सलमान ने बताया चैलेंजिंग

अपूर्व लाखिया निर्देशित फिल्म 'बैटल ऑफ गलवां' में सलमान खान एक ऑर्मी ऑफिसर के रोल में नजर आएंगे। यह फिल्म भारत और चीन के बीच 2020 में गलवां घाटी में हुए संघर्ष पर आधारित है। हाल ही में पीटीआई से की गई बातचीत में सलमान खान ने फिल्म में अपने किरदार को लेकर बात की। साथ ही इस रोल के लिए अपने एफर्ट पर भी बात की है।

टफ ट्रेनिंग पर सलमान खान का फोकस


सलमान खान कहते हैं, 'फिल्म 'बैटल ऑफ गलवां' का किरदार फिजिकली (शारीरिक तौर पर) मेरे लिए चैलेंजिंग है। हर दिन यह और भी मुश्किल होता जा रहा है। मुझे ट्रेनिंग के लिए ज्यादा समय देना होगा। पहले मैं इस फिल्म के लिए एक या दो हफ्ते में ट्रेनिंग लेता था। अब मैं रनिंग कर रहा हूं, किक बॉक्सिंग कर रहा हूं। यह सब फिल्म के लिए करना जरूरी है।' सलमान खान आगे कहते हैं, 'जब मैं फिल्म सिकंदर कर रहा था तो उसका एक्शन अलग था, वह किरदार अलग था। लेकिन 'बैटल ऑफ गलवां' का रोल फिजिकली अलग है, मुश्किल है। इसके लिए मुझे लद्दाख के ऊंचे पहाड़ों पर और ठंडे पानी में शूटिंग भी करनी है, जो कि एक चैलेंजिंग काम है।'

### कब शुरू हो रही शूटिंग

फिल्म 'बैटल ऑफ गलवां' को लेकर सलमान खान काफी एक्साइटेड हैं। सलमान खान कहते हैं, 'जब मैं फिल्म साइन कर रहा था, तो मुझे लगा कि यह कमाल की कहानी है लेकिन यह एक बहुत ही मुश्किल फिल्म है। मुझे लद्दाख में 20 दिन शूटिंग करनी है। हम इसी महीने शूटिंग शुरू करेंगे।' कुछ मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार फिल्म 'बैटल ऑफ गलवां' अगले साल जनवरी या जून में रिलीज हो सकती है। सलमान खान का कहना है कि यह फिल्म जनवरी में रिलीज होगी।

### बजरंगी भाईजान 2 को लेकर दिया अपडेट

इंडियन सुपरक्रॉस रेसिंग लीग (आईएसआरएल) के दूसरे सीजन के प्रेस इवेंट में सलमान खान ने अपनी फिल्म 'बजरंगी भाईजान 2' को लेकर भी अपडेट दिया है। वह कहते हैं, 'मुझे फिल्म 'बजरंगी भाईजान ' पसंद आई थी। नई फिल्म में भी इमोशनल एंगल वैसा ही होगा लेकिन यह कहानी अलग होगी।' बताते चलें क आज यानी गुरुवार को सलमान खान की फिल्म 'बजरंगी भाईजान' को 10 साल पूरे हो चुके हैं।



# फिल्म अबीर गुलाल विवाद पर बोलीं वाणी कपूर!


बॉलीवुड अभिनेत्री इन दिनों अपनी आगामी सीरीज मंडाला मर्डर्स से चर्चा में हैं, जिसका बीते मंगलवार को ट्रेलर रिलीज हुआ। बहुत जल्द यह ओटीटी पर रिलीज होने वाली है। ट्रेलर लॉन्च इवेंट के दौरान अभिनेत्री ने अपनी पिछली फिल्म अबीर गुलाल को लेकर हुई आलोचनाओं पर भी प्रतिक्रिया दी, जिसमें पाकिस्तानी एक्टर फवाद खान नजर आए थे। हालांकि, आपको बताते चलें कि उन्होंने किसी फिल्म का नाम नहीं लिया। चलिए जानते हैं एक्ट्रेस ने क्या कहा।

### क्या बोलीं वाणी कपूर?

अपनी आगामी वेब सीरीज मंडाला मर्डर्स के ट्रेलर लॉन्च इवेंट में वाणी कपूर ने अपनी पिछली फिल्म विवाद का नाम लिए बिना प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा, 'पिछले कुछ महीनों सोशल मीडिया पर सब कुछ बड़ा अजीब हो गया था। इसलिए, मुझे उम्मीद है कि कोई नफरत को शांत कर सकता है, प्यार और दया के लिए जगह बना सकता है। मुझे पता है कि यह बहुत दिलचस्प नहीं लगता है, लेकिन आप जो करते हैं वह आपके पास वापस जरूर आता है। यदि आप किसी से नफरत करते हैं या उसे ट्रोल करते हैं, तो यह किसी दिन आपके पास वापस आ जाएगा और यह आपको बहुत सताने वाला होगा।' आगे बातचीत में अभिनेत्री ने कहा, 'बस अच्छे और दयालु बनें और इंसान की तरह रहने की कोशिश करें। मैं चाहती हूं कि हम एक खुशहाल जगह पर रहें और एक-दूसरे के प्रति और खुद के प्रति दयालु बनें।'

### मंडाला मर्डर्स के बारे में

वाणी कपूर की यह सीरीज नेटफ्लिक्स पर 25 जुलाई को स्ट्रीम होगी। मंडला मर्डर्स के जरिए वाणी कपूर ओटीटी सीरीज की दुनिया में डेब्यू कर रही हैं। इस सीरीज में सुरवीन चावला और श्रिया पिलगांवकर भी अहम भूमिकाओं में हैं। इसके अलावा पंचायत फेम प्रधानजी यानी एक्टर रघुबीर यादव भी इस सीरीज में दिखाई देंगे। इस सीरीज के निर्देशन की कमान गोपी पुरथन ने संभाली है।




# दर्शकों पर चला अहान पांडे-अनीत पड्डा का जादू

अहान पांडे के डेब्यू की खबरें लंबे वक्त से फिल्म जगत की सुर्खियों में थीं। आज आखिर 18 जुलाई को उनकी फिल्म सिनेमाघरों में लग चुकी है। यशराज फिल्म्स ने इस नए सितारे को उतारा है। उनके साथ ही फिल्म में नजर आई अनीत पड्डा की भी यह पहली फिल्म है। जानिए मोहित सूरी के निर्देशन में बनी दो नए सितारों की फिल्म ने कैसी ओपनिंग ली है?

रिलीज से पहले से फिल्म सैयारा को लेकर जबर्दस्त बज बना हुआ है। इसी के साथ अहान पांडे के डेब्यू को लेकर भी इंडस्ट्री में खूब चर्चाएं होती रहीं। इस साल कई नए सितारों ने इंडस्ट्री में दस्तक दी है, मगर सबका जादू फीका सा रहा है। इस बीच निगाहें अहान पांडे पर टिकी थीं, जो पिछते दो-तीन साल से इस फिल्म के लिए तैयारी कर रहे थे। अब जब उन्होंने सिनेमा के मैदान में कदम रखे हैं तो दर्शकों पर जादू चल पड़ा है। ओपनिंग डे की कमाई के आंकड़े तो कुछ यही संकेत दे रहे हैं। फिल्म सैयारा ने पहले दिन धमाल किया है। इसने डबल डिजिट में खाता खोला है। फिल्म ने शाम के शोज तक 12 करोड़ 35 लाख रुपये कमा लिए हैं। अंतिम आंकड़े आने तक इस कलेक्शन में और इजाफा दर्ज होगा। मीडिया रिपोर्ट्स में फिल्म सैयारा का बजट करीब 45 करोड़ रुपये बताया जा रहा है। इसके हिसाब से पहले दिन की कमाई जादुई है।

### पहले सप्ताह निकाल सकती है बजट

कल वीकएंड में इस फिल्म की कमाई में और इजाफा दर्ज होगा। उम्मीद की जा सकती है कि पहले सप्ताह ही फिल्म अपने बजट के नजदीक पहुंच जाए। सैयारा एक रोमांटिक लव स्टोरी फिल्म है। बॉक्स ऑफिस पर इस फिल्म का क्लैश अनुपम खेर के निर्देशन में बनी तन्वी द ग्रेट और सोनाक्षी सिन्हा अभिनीत निकिता रॉय से हुआ है। मगर, सैयारा दोनों फिल्मों से आगे है।

### क्रिटिक्स से मिली सकारात्मक प्रतिक्रिया

सैयारा को आदित्य चोपड़ा और अक्षय विधानी ने प्रोड्यूस किया है। फिल्म की पटकथा रोहन शंकर और संकल्प सदाना ने लिखी है। इस फिल्म को क्रिटिक्स से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली है। साथ ही दर्शकों को भी फिल्म की कहानी और सितारों का अभिनय पसंद आया है।



# करीना ने की प्रियंका की तारीफ

प्रियंका चोपड़ा अपना 43वां जन्मदिन मना रही हैं। इस खास मौके पर, अभिनेत्री को उनकी फिल्म ऐतराज की को-स्टार करीना कपूर ने अलग अंदाज में जन्मदिन की बधाई दी है। करीना ने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर एक अवॉर्ड शो की एक पुरानी तस्वीर शेयर की और लिखा कि प्रियंका हमेशा से दुनिया पर कब्जा करने के लिए बनी थीं। करीना कपूर ने कहा मुझे लगता है, प्रियंका ने जो किया है, मुझे नहीं पता कि हर किसी में उस तरह का साहस और समर्पण होता है या नहीं। मेरे पास नहीं है। मुझे अभिनय का शौक है। मुझे हिंदी फिल्मों का शौक है। बता दें कि करीना और प्रियंका ने लगभग एक ही समय में अपने बॉलीवुड करियर की शुरुआत की थी और वर्षों से करीबी दोस्त हैं। दोनों ने फिल्म ऐतराज और डॉन में भी साथ में काम किया है। कुछ साल पहले, दोनों सितारे करण जौहर के टॉक शो कॉफी विद करण के एक एपिसोड में भी नजर आए थे। प्रियंका चोपड़ा को आखिरी बार अमेजन प्राइम वीडियो की फिल्म हेड्स ऑफ स्टेट में देखा गया था। इसमें उनके साथ इदरीस एल्बा और जॉन सीना थे। वह एसएस राजामौली की आगामी फिल्म में महेश बाबू के साथ अभिनय करने के लिए तैयार हैं। प्रियंका द ब्लफ में 19वीं सदी की एक कैरिबियन समुद्री डाकू के रूप में भी दिखाई देंगी।





# फिल्म 'कुली' की स्टोरी हुई लीक


## रजनीकांत फिल्म में निभाएंगे दमदार किरदार

निर्देशक लोकेश कनगराज की फिल्म 'कुली' के अब तक जो लुक सामने आए हैं, उनमें रजनीकांत के किरदार के बारे में ज्यादा जानकारी हासिल नहीं होती है। लेकिन हाल ही में इस फिल्म की कहानी और रजनीकांत के किरदार से जुड़ी डिटेल्स लीक हुईं। लेटरबॉक्स्ड, फैंडेंगो नाम के कुछ प्लेटफॉर्म पर 'कुली' की स्टोरी लाइन का जिक्र है।

### रजनीकांत बने हैं स्मगलर

लेटरबॉक्स्ड (फिल्म रेटिंग प्लेटफॉर्म) नाम के एक प्लेटफॉर्म के अनुसार फिल्म 'कुली' में रजनीकांत के किरदार का नाम देवा है। वह एक स्मगलर का रोल निभा रहे हैं, जो सोने की घड़ियों की तस्करी करता है। देवा अपने गैंग को फिर से एक करना चाहता है। फिल्म के प्रमोशन मटीरियल में भी सोने की घड़ी और सोने का इस्तेमाल दिखाया गया है। एक अन्य प्लेटफॉर्म फैंडेंगो (अमेरिकी टिकटिंग प्लेटफॉर्म) में 'कुली' की कहानी की ज्यादा डिटेल दी गई है। फैंडेंगो के अनुसार देवा अपनी अतीत की गलतियों को सुधारने की कोशिश करेगा। जवानी में जहां वह बदला लेने पर जोर देता है, वहीं उम्रदराज होने पर अपनी गलतियों को सुधारने के लिए मोटिवेट होता है। देवा की जर्नी फिल्म में काफी उथल-पुथल से भरी होगी। इस फिल्म में एक्शन भी काफी देखने को मिलेगा। इस फिल्म की कहानी को जानकर रजनीकांत के फैंस काफी खुश हैं।

### आमिर खान भी आएंगे नजर



फिल्म 'कुली' में रजनीकांत जहां लीड रोल कर रहे हैं, वहीं इस फिल्म में आमिर खान भी एक कैमियो कर रहे हैं। हाल ही में फिल्म के मेकर्स ने आमिर खान का लुक भी रिवील किया है। वह फिल्म में दाहा नाम का एक किरदार निभाएंगे।



# मोहित ने बताया फिर क्यों नहीं किया इमरान हाशमी के साथ काम

इमरान हाशमी और मोहित सूरी की जोड़ी ने बॉलीवुड में एक ऐसा दौर रचा था, जब दर्द, मोहब्बत और म्यूजिक को नए आयाम मिले। 'जहर', 'कलयुग', 'मर्डर 2', 'अवारापन', 'तुम मिले' से लेकर 'हमारी अधूरी कहानी' तक दोनों ने मिलकर 8 फिल्में कीं। लेकिन 2015 के बाद दोनों ने साथ में काम नहीं किया। आखिर ऐसा क्यों हुआ? क्या रिश्ता बदल गया या रास्ते? बातचीत के दौरान डायरेक्टर मोहित सूरी ने इमरान हाशमी के साथ अपने रिश्ते, ब्रेक के पीछे की असली वजह और दोबारा साथ काम करने की संभावना पर खुलकर बात की। साथ ही अपनी फिल्म 'सैयारा' के बारे में भी बताया।

### मैं फिर काम करना चाहता हूं

बातचीत के दौरान इमरान हाशमी के साथ कोलैबरेशन पर मोहित सूरी ने कहा कि मैंने इमरान के साथ आठ फिल्में की हैं और हम दोनों ने मिलकर काफी कुछ एक्सप्लोर कर लिया था। उसके बाद मैंने 'आशिकी 2' और 'एक विलेन' जैसी दूसरी टोन वाली फिल्में करना शुरू किया। ऐसा नहीं कि हम काम नहीं करना चाहते थे, लेकिन हम खुद को दोहराना नहीं चाहते थे। मैं आज भी उनके साथ काम करना चाहता हूं, लेकिन ऐसी कहानी पर जो कुछ नया और जरूरी जोड़े, सिर्फ एक और फिल्म बनाना मकसद नहीं है।

### वो सिर्फ पहले हीरो नहीं, बड़े भाई हैं

आगे इमरान हाशमी के बारे में बात करते हुए निर्देशक ने कहा कि वो मेरे पहले हीरो नहीं थे, वो मेरे बड़े भाई जैसे हैं। अपने परिवार के साथ आप बिजनेस जैसा व्यवहार नहीं कर सकते। जब तक मुझे नहीं लगेगा कि मैं उन्हें वाकई कुछ अनोखा दे पा रहा हूं, मैं वह रिश्ता प्रोफेशनल तरीके से इस्तेमाल नहीं करना चाहूंगा।

### हमारे बीच फिल्म बनाने को लेकर नहीं होती बात

जब मोहित सूरे से हमने पूछा कि क्या दोनों के बीच फिल्म बनाने को लेकर बात नहीं होती है? इस पर निर्देशक ने मुस्कुराते हुए जवाब दिया, नहीं, कभी नहीं। इमरान वैसे इंसान ही नहीं हैं। जब हम मिलते हैं तो वो मेरी बेटी, मेरी बीवी, मेरी हेल्थ के बारे में पूछते हैं। हमारी बेटियां एक-दूसरे के घर जाती हैं, त्यौहार मनाती हैं। लेकिन कभी काम की बात नहीं होती। वो अब भी वही दोस्त हैं जो बचपन में थे। वही प्लेस्टेशन साथ में खेलना, वही सादगी। वो कभी ये महसूस नहीं होने देता कि वो एक फिल्म स्टार हैं।

सिर्फ मैं ही बनाऊंगा इमरान पर बायोपिक

इमरान हाशमी पर बायोपिक बनने के सवाल पर निर्देशक ने कहा कि अगर उन पर कभी बायोपिक बनती है तो उसका पहला अधिकार मैं अपने पास रखना चाहूंगा। वो सिर्फ मेरे पहले हीरो नहीं हैं, वो मेरा परिवार हैं।

### इमरान हाशमी के लिए अच्छी कहानी का इंतजार

हालांकि, मोहित सूरी और इमरान हाशमी क्या जल्द ही किसी फिल्म में दखाई देंगे, तो इसका जवाब है नहीं। मोहित सूरी ने कहा कि फिलहाल हम जल्दी काम करने वाले नहीं हैं। अगर मुझे लगता है कि मेरे पास कोई ऐसी कहानी है जो इमरान के करियर या उनकी जर्नी में कुछ जोड़ सकती है, तो सबसे पहले मैं उन्हीं को फोन करूंगा।



स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादकः जितेन्द्र चौधरी, आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in